हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता-विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इ संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त प्राकृत-इंग्लिश कोश तय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य-रूप परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। य पर मैं कलकत्ता-विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में उप पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष उपोद्घात से संबन्ध रखने वाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बेन एम्. ए. ने अपने कीमती समय का बिना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तःकर से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय २ पर जैसे २ जो अतिरिक्त हस्त-लिखि और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे २ उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता थ यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ २ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामि कर दिये जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट के रूप में इ ग्रन्थ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयो किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग द इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियों की जो एक साधारण सूची यहाँ जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग रेफरेंस सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वागत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर कि शब्द की परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि यही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इस लिए रा भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से ले कर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रन्थों (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज्यादः है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियाँ या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आ रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल सके। जो विद्वान मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-का व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता, ता० २६-१-२८ } हरगोविन्द दास त्रि. सेठ।

उपोद्घात।

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, उस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही विभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुए हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर संबन्ध।

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती हैं:—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बंगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूर-वर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्-ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से संबन्ध नहीं रखती, अत एव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह संबन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है।

प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कइएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुईं, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम।

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत।

सर ज्योर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंगिस्टिक सर्वे ओफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और मेक्समूलर के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B C) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि-आदि के पद-प्रभृति के नियम-संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से और उसके साथ घनिष्ठ संबंध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में खिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डो. होर्नलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न २ समय में भारतवर्ष में आये थे *। पहले

वेद और वैदिक सभ्यता

आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्र

* आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डिनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलान्ड को, कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई २ पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं किन्तु अधिकांश विद्वान भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद ये भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्थान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई २ आधुनिक विद्वान ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

...ों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश
...ना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश
...ओं में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और
...देशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की
...हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है,
...टता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असंभव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों
...समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।
उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी यह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषायें (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आये हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनिवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग ...था उसके पूर्व-काल में अपने २ प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की ...तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य ...में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके ...पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prakrits) नाम ...दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय ख्रिस्त-पूर्व २००० ...ख्रिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषायें स्वर और ...व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषायें ...विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती हैं।

(...भाषाओं का प्रथम स्तर। (ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६००))

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषायें कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए, जिनमें ऋ, ऌ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य है। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषायें प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषायें जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर ख्रिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं।

(प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर। (ख्रिस्त-पूर्व ६०० से ख्रिस्ताब्द ९००))

...भगवान महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषायें, अपने द्वितीय स्तर के आकार ...में, भिन्न २ प्रदेश में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं, उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं ...कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा ...में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में ही लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश किया था। इस तरह ...प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फल-स्वरूप ...मगध और मुल्तान देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की ...

भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्राय: खिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में—भिन्न २ प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आत्मनेपद की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषायें भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खास कर उसके शेष भाग में प्रचलित विभिन्न अपभ्रंश-भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prakrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय खिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, यह भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणात्मक भाषायें (Analytical Languages) कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति। (खिस्ताब्द ६००)

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका वि[illegible] आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास।

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के संबन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक [illegible]

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्र[illegible] भाषायें और आधुनिक भारतीय भाषायें उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याक[illegible] में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले [illegible] भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य [illegible] पार्थक्य के अनुसार, इन तीन भागों में विभक्त किये हैं:—(१) तत्सम, (२) [illegible] और (३) देश्य या देशी।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' [illegible] हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गया, घण्टा, चित्त, छल, [illegible] भङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धाम, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसे—अग्र=अग्ग, आर्य=आरिअ, इष्ट=इट्ठ, ईर्ष्या=ईसा, उद्गम=उ[illegible] कृष्ण=कसण, खर्जूर=खज्जूर, गज=गअ, धर्म=धम्म, चक्र=चक्क, क्षोभ=छोह, यक्ष=जक्ख, ध्यान=झ[illegible] दंश=डंस, नाथ=णाह, त्रिदश=तिअस, दृष्ट=दिट्ठ, धार्मिक=धम्मिअ, पश्चात्=पच्छा, स्पर्श=फस, बदर[illegible] भार्या=भारिआ, मेघ=मेह, अरण्य=रण्ण, लेश=लेस, शेष=सेस, हृदय=हिअअ, भवति=हवइ, विपति=वि[illegible] पृच्छति=पुच्छइ, अकार्षीत्=अकासी, भविष्यति=होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी संबन्ध नहीं है, उ[illegible] 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव, (हस्ती), ईस (कील[illegible]

उअचित्त (अपगत), कंठत्थ (उपधान), धणिअ (धनाढ्य, दृढ़), ओड्डण (अभिज्ञान), चंदोज्झ (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घड (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), ढंढुई (कपिकच्छू), जच्छ (पुरुष), छप्पण्ण (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णिच्चिंतिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाढि (शुष्क), धयण (गृह), निच्छुत्त (निश्चित), पच्छिआ (स्थपिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (सूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग।

भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, * सात भाषाओं के जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो † पैशाचिकी और ‡ मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो § महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिये हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के × कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड और ओड्रज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्ड्य, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड इन दश पिशाच-भाषाओं के और सताइस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न २ देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ २ वह २ भाषा उत्पन्न हुई है। षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने ÷ 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

---

* "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

† "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

‡ "मागधिकायां रसयोर्लशौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

§ "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४; ३५)।

× ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिये गये हैं।

÷ "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत्॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाये हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतों में लिये गये हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न २ देश में भिन्न २ रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न २ देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति।

देश्य शब्द।

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उस भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

मत

प्राचीन काल में भिन्न भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थों में भी मिलता है*। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ [1] देशीप्रसिद्ध प्राकृत का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषायें थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृत साहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी या देश्य शब्द।

---

* "नानाचर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।
"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषाविकल्पनम्।"
"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४, ४६)।
"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १,४,५०)
"तए णं से मेहे कुमारे ....अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए ... होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नामं गणिया परिवसइ अड्ढा... अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८, ६३)
"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था. अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकसूत्र, पत्र २१-२२)।
"तए णं से दढपइण्णे दारए ... अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०६)।
"तए णं से दढपइण्णे दारए.....अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)
[1] [illegible] ([illegible] १-२)।

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किये हैं*। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनको गणना देशी धातुओं में ही की है[1]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न भिन्न देशों की द्राविड, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिये गये हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दोएक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिये गये हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गये हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिये गये हैं'; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डो. केल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिये गये हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व २०० शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषायें प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

समय।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से।

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने

---

* देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरः सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

[1] "एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः" (हे० प्रा० ४, २) अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल आदि धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप में ही ये यहाँ बताये हैं।

भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित 'तत्' शब्द का संबन्ध संस्कृत से लगाकर इसी मत का अनुमान किया है *। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

"प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्" (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते" (प्राकृतसर्वस्व)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्" (प्राकृतचन्द्रिका)।

"प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता" (षड्भाषाचन्द्रिका)।

"प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः" (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तिओं का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इस लिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है † और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा ‡ जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में "प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्" अथवा "प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्" यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में यह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि § वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषायें हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इस लिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग—होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसङ्ग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और, जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, इसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ

---

* "प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्" वाग्भटालंकारटीका २, २। "संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतं" काव्यादर्श की प्रेमचन्द्रतर्कवागीश-कृत टीका १, ३३।

† "प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिङ्गेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च" (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

‡ "स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च॥" (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
"यद् कात्यः—अमात्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः" (अ०चि० ३, ३७८ की टीका)।

§ कोई कोई आधुनिक विद्वान प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो पाली-प्रकाश प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में
कृत की तरह, और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार में Lingua Franca की माफिक संस्कृत
ा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते
जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में
हित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से
न्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक
कृत और क्या लौकिक संस्कृत, दोनों ही उस उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही
न्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा
ा है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के ही प्राचीन
ातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत
ा है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक * श्लोक की व्याख्या में ख्रिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन विद्वान
नमिसाधु ने लिखा है कि :—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा
प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-
सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादित-
विशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादि-
व्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से
रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा, 'प्राक् कृत' पद से प्राकृत शब्द बना है,
'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किये गये हैं और इन ग्यारह
अंग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में—अर्धमागधी कही गई है † जो बालक, महिला आदि को सुबोध—
सहज-गम्य—है ‡ और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त
जल की तरह, पहले एक रूप वाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता
हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य
भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत

---

* "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

† बारहवाँ अंग-ग्रन्थ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था।
यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। परन्तु इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्ग सूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन्॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्गयस्ति सुधर्मास्वामिभाषिता॥११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित, पृ० ९८-९९)।

‡ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं। थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि ने और काव्यानुशासन की टीका (पृ० १) में
आचार्य हेमचन्द्र ने उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

आदि का बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताये हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जैनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

"* अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम—स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, खिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है—

"§ सयलाओ इम वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषायें प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषायें निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (वाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषायें इसी से ही उत्पन्न हुई हैं।

खिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपनी बालरामायण में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है:—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय विद्वानों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रबल प्रमाण है। यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक साम्य देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभवपर नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं।

---

* "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्त्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल—के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा, यह भी असंभव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ १) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

§ सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यान्ति वाचः। आयान्ति समुद्रमेव निर्यान्ति सागरादेव जलानि ॥ ९३ ॥

इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य।

१। प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द=वुन्द, ऋतु=उउ, पृथिवी=पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत=कुट (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२। प्राकृत में संयुक्त वर्ण वाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ=दूलह, विश्राम=वीसाम, स्पर्श=फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ=दूळभ (ऋग्वेद ४, ६, ८), दुर्णाश=दूणाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४३)।

३। संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत्=ताव, यशस्=जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात्=पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात्=उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात्=नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २. १४)।

४। प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ=पगब्भ, श्यामा=सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ=अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच=त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५। प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र=पत्र, रात्रि=रत्ति, साध्य=सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा=रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र=अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६। प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड=डण्ड, दंस=डंस, दोला=डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं हैं; जैसे—दुर्दभ=दूडभ (वाजसनेयिसंहिता ३, ३६), पुरोदाश=पुरोडाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

७। प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर=बहिर, व्याध=वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय=प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८। प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट=किलिट्ठ, स्व=सुव, तन्वी=तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं हैं, यथा—सहस्र्यः=सहस्रियः, स्वर्गः=सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३) तन्वः=तनुवः, स्वः=सुवः (तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७)।

९। प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०। तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११। प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है *।

---

* "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

आदि का बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताये हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जैनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

" * अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे ।" (हेमचन्द्र काव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम—स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, ख्रिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है—

" § सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषायें प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषायें निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषायें इसी से ही उत्पन्न हुई हैं।

ख्रिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपनी बालरामायण में नीचे का लिखकर यही मत प्रकट किया है:—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः ।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्तौंल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रबल प्रमाण है। यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभवपर हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं।

---

* "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (शासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्त्यार की गई है और इस पद्धति प्रकृति—मूल—के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा, यह भी असंभव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

§ सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः । आयान्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥ ९३ ॥

इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य।

१। प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द=वुन्द, ऋतु= उउ, पृथिवी=पुढवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत=कुट (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२। प्राकृत में संयुक्त वर्ण वाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ=दूलह, विश्राम=वीसाम, स्पर्श=फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ=दूलभ (ऋग्वेद ४, ९, ८), दुर्णाश=दूणाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४३)।

३। संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत्= ताव, यशस्=जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात्=पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात्=उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात्=नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४। प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ=पगब्भ, श्यामा=सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ=अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच=त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५। प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र=पत्त, रात्रि=रत्ति, साध्य= सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा=रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र=अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६। प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड=डण्ड, दंस=डंस, दोला=डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं हैं; जैसे—दुर्दभ=दूडभ (वाजसनेयिसंहिता ३, ३६), पुरोदाश= पुरोडाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

७। प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—वधिर=बहिर, व्याध=वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय=प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८। प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट= किलिट्ठ, स्व=सुव, तन्वी=तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं हैं, यथा—सहस्त्र्यः= सहस्त्रियः, स्वर्गः=सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३) तन्वः=तनुवः, स्वः=सुवः (तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७)।

९। प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०। तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११। प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है *।

---

* "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हैं' के स्थल में 'नरा हैं' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कहा गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए यहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं;—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व चारसौ से ले कर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—खिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D. to 500 A D.), (३) शेष युग—खिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (खिस्त-पूर्व ४०० से खिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है ०। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह

निर्देश और व्युत्पत्ति।

---

० "पङ्क्ति=पन्ति=पत्ति=पट्टि=पल्लि=पालि; अथवा पङ्क्ति=पंक्ति=पंड्डि=पल्लि=पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

§ "[illegible]" (अभिधानप्पदीपिका ६६६)।

÷ देखो [illegible] पत्र १८, १६)।

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेक प्रयोग मौजुद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कहा गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्राय समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए अब 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं;—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व चार सौ से ले कर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—खिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D. to 500 A. D.); (३) शेष युग—खिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (खिस्त-पूर्व ४०० से खिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख़्रिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख़्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

———०००———

(१) पालि।

निर्देश और व्युत्पत्ति।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है *। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह

---

* "पङ्क्ति=पन्ति=पंति=पण्टि=पंटि=पंलि=पल्लि=पालि; अथवा पङ्क्ति=पत्ति=पट्टि=पल्लि=पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

§ "सेतुस्मिं तन्तिपन्तीसु नारियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्पदीपिका ६६६)।

÷ देखो विपाकश्रुत पत्र ३८, ३९)।

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक संस्कृत में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है, वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेक प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', नरौ के स्थल में 'नरा है' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत से पूर्व में कहा गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन हैं, तब कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है, शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (' देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं,—(१) प्रथम युग—ख्रिस्त-पूर्व से ले कर ख्रिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (100 B. C. to 100 A. D); (२) मध्ययुग—ख्रिस्त बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D. to 500 A. D.). (३) शेष युग—ख्रिस्तीय सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि।

निर्देश और व्युत्पत्ति।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है *। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उनका यह

---

* "पङ्क्ति=पंक्ति=पंति=पन्ति=पत्ति=पल्लि=पालि; अथवा पङ्क्ति=पंति=पट्टि=पल्लि=पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।
§ "मेतुल्लं तन्तिधम्मेसु कालेय्यं पालि कथ्यते" (अभिधानप्पदीपिका ९९६)।
÷ देखो विपाकसुत पत्र ३८, ३९)।

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहि में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेक प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरु' 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ' स्थल में 'नरा' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृ से पूर्व में कहा गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृ अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'त शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

उक्त उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है, तब कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है, उनकी वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं:—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व सौ से कर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (100 B. C. to 100 A. D.); (२) [illegible] बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D to 500 A. D.). (३) शेष युग—खिस्तीय सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (खिस्त-पूर्व २०० से खिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

———०००———

(१) पालि।

निर्देश और व्युत्पत्ति।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है *। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गाँवों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह

---

* "पङ्क्ति=पंक्ति=पंति=पत्ति=पट्टि=पंल्ति=पल्लि=पालि; अथवा पङ्क्ति=पत्ति=पट्टि=पल्लि=पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ९)।

§ "सेतुम्हि तन्तिपन्तीसु नारियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्पदीपिका ९९९)।

÷ देखो विपाकश्रुत पत्र ३८, ३९)।

नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों के तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा के तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा × को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक साहश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई साहृश्य नहीं है। डो. कोनो (Dr Konow) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ साहृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डो. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है, वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहीं इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहीं से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालि भाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ साहृश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है,—

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला०	धौलिशिला०
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राञो	लाजिने
कृतम्	कत	कतं	कडे

इस विषय में डो. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "+ बुद्धदेव के समस्त उपदेश मागधी भाषा से बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही खिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक साहृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
० क § (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	• (लोअ)	• (लोअ)
० ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	• (णअ)	• (णअ)

× "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७)।

+ The Origine and Development of the Bengalee Language, Vol. I page 57.

§ इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिये गये अक्षर में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षर वाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

० स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
* त (गतो)	त (गतो)	त (गतो)	० (गई)	० (गई)
* ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
* त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (मानस)	स (मानस)	स (मानस)	स (माणस)	श (माणश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट (पट)	ट (पट)	ट (पट)	ट (पट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
† अः (वृक्षः)	ओ (वक्खो)	ओ (वक्खो)	ओ (वक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय। पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु यह काल बुद्धदेव की सम-सामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषायें ही समझी जाती हैं। इससे और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इस लिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

---

(२) पैशाची।

गुणाढ्य ने ❋ बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा [के]

निदर्शन। उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृ[त]सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में, आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपा[ल] [च]रित तथा § काव्यानुशासन में, मोहराजपराजय-नामक नाटक में और दीपक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते [हैं]। भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके पर[वर्ती] ÷ रुद्रट, × केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा [को] 'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

---

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण। † पुंलिंग में प्रथमा के एकवचन का प्रत्यय।

❋ आचार्य उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के द[शरूप] में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों में इसका उल्लेख पाया जाता है। [...]कृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। बृहत्कथा के ही भिन्न भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवि[यों ने] कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रन्थों की रचना की गई है।

§ पृष्ठ २२६; २३३। ÷ काव्यालङ्कार २, १२। × "संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा" ([...])। ‡ "संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, १)।

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है *। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी

प्रकृति। को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलिः) और मंदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का कैकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत में कैकय-पैशाची ही हो सकती है। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो § लक्षण दिये हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाये हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत में पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह सप्रमाण सिद्ध कर चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

प्रथम युग की पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल

समय। उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे

लक्षण। दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में यह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

वर्ण-भेद।

१। ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है, यथा—प्रज्ञा=पञ्ञा; ज्ञान=ञ्ञान; कन्यका=कञ्ञका; अभिमन्यु=अभिमञ्ञु; पुण्य=पुञ्ञ।

२। ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण=गुन; कनक=कनक।

३। त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती=भगवती; शत=सत; मदन=मतन; देव=तेव।

४। लकार ळ में बदलता है यथा—शील=सीळ; कुल=कुळ।

५। टु की जगह तु और टु होता है; जैसे—कुटुम्बक=कुतुम्बक, कुटुम्बक।

६। महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंक वाले जो नियम बतलाये गये हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक=लोक; शाखा=साखा; भट=भट; मठ=मठ; गरुड=गरुड; प्रतिभास=पतिभास; कनक=कनक; शपथ=सपथ; रेफ=रेफ; शबल=सबळ; यशस्=यस; करणीय=करणीय; अंगार=इंगार; दाह=दाह।

* "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

§ "ज्ञन्योः ञः", "णस्य नो भवेत्", "तदयोस्तोऽविशेषात् तः", "कृतादिषु कृतादयः", "लस्य ळः", "हृदयादिषु ... इः", "लस्य ... स्यात्", "ष्टः स्तो (ट्टो) वा" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

७। यादृश आदि शब्दों का द परिणत होना है ति में; यथा—यादृश=यातिस, सदृश=सतिस।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है, जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात।

१। शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है, यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, र
२। भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है, जैसे—भविष्यति=हुवेय्य।
३। भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है, यथा—पठ्यते=पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं, यथा पठित्वा=पठितून, ग
गन्तून, नट्ठ्वा=नत्थून, नद्धून; तट्ठ्वा=तत्थून, तद्धून।

---

(३) चूलिकापैशाची।

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीध अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम मदमर्दन-नामक नाटक में और कतिपय छोटे २ षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं

निदर्शन।

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैर प्राकृत-व्याकरणों में और सं के अलंकार ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आ हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिये हैं वे वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के ल में ही अन्तर्गत किये हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेम भी अपने अभिधानचिन्तामणि-नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः" (काण्ड २, १ इस वचन की "संस्कृतप्राकृतमागधीशौरसेनीपैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः" यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची अलग उल्लेख नहीं करते हैं। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ, आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनु कर पं. लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिये हैं वे नीचे उद्धृत किये जाते हैं। इनके सिवा सभी में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव।

लक्षण।

१। वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमश प्रथम और द्वितीय होता है*; यथा—नग नकर, व्याघ्र=वक्ख, राजा=राचा, निर्झर=निच्छर, तडाग=तटाक, ढक्का=ठक्का, मदन=म मधुर=मथुर, बालक=पालक, भगवती=फकवती।
२। र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है, यथा—रुद्र=लुद्द, रुद्द।

* अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२

(४) अर्धमागधी ।

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी ।

भगवान महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे *। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्रीसुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी ‡। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गये थे, परन्तु शिष्य-परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किये। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनिओं ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ-द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात का स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान महावीर के समय की अर्धमागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिए ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे § और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ साथ अवश्य होने वाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था ÷। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गये थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस जिस साधु को जिस जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो जो अंश जिस जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस उस अंश को उस उस रूप में

---

* "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।

"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स......अद्धमागहाए भासाए भासइ।......सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

‡ "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि ने उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)

÷ देखो Annual Report of Asiatic Society Bengal, 1595 में डॉ. हॉर्नलि का लेख।

(२) अर्धमागधी।

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे *। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्रीसुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी ‡। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गये थे, परन्तु शिष्य-परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत में ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किये। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनिओं ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ-द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात का स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान महावीर के समय की अर्धमागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिए ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे § और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ साथ अवश्य होने वाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था ÷। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गये थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस जिस साधु को जिस जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो जो अंश जिस जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस उस अंश को उस उस रूप में

---

* "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।

"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स......अद्धमागहाए भासाए भासइ।..... सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

‡ "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।

थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"

(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि ने उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।

अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"

(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)

÷ देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1893 में डॉ. होर्नेल का लेख।

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी।

प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया *। इस घटना से जैसे अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में, दूरवर्ती महाराष्ट्र प्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गये थे और वहाँ उन्होंने उपदेश द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उन साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके बिना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इस प्रभाव को लेकर उनमेंसे कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिनसे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किये गये थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक प्राचीन जो जैन ग्रन्थ रचे गये थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि यही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन संमेलनों में प्रदेशों से अत्यधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनिओं से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनिओं के भिन्न भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न भिन्न भाषाओं का, उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों में और कहीं कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इस भाषा भेद को लक्ष्य में लेकर ख्रिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथचूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासाणियतं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल या अधिक परिवर्तन न होकर उनके बदले जो कुछ या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैकड़ों की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में ही सुरक्षित रह सके हैं उसका श्रेय: सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित प्राय-श्चित्त के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ़ किया गया था।

---

* "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ ॥ ५५ ॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि ॥ ५६ ॥
सङ्घोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥ ५७ ॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसङ्घोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥ ५८ ॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा सङ्घः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥ ५९ ॥"

(परिशिष्टपर्व, सर्ग

यहाँ पर प्रसङ्ग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि ०समवायाङ्ग सूत्र में निर्दिष्ट अङ्ग-ग्रन्थ-संबन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं कहीं जो थोड़ा-बहुत विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के § उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की ÷ घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त संमिलनों की घटनाओं में अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं।

×समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, + स्थानाङ्ग-सूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और संभवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से $ आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा को 'आर्ष (ऋषियों की भाषा)' संज्ञा दी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है, अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देने वालों से संबन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्धमागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण बताये हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम् *" (है० प्रा० ४, २८७) इस

---

० समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

§ "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

÷ देखो स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

× देखो पृष्ठ १६ में दिया हुआ समवायाङ्ग सूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।

"देवा णं भंते ! कयराए भासाए भासंति ? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति ? गोयमा ! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य णं अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्या-प्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।

"से किं तं भासारिया ? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति" (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।

"मगहद्धविसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं, अट्ठारसदेसीभासाणियतं वा अद्धमागहं" (निशीथचूर्णि)।

"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।

"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भट्टकाव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

+ "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।

"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

$ देखो हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।

"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश ने काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ वचन)।

* मागधी भाषा में अकारान्त पुंल्लिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

सूत्र की व्याख्या में जो "* यदपि § "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं ÷" इत्यादिना आरम्भ अर्धमाग-
भाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कह कर उसी के अनन्त-
जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उ-
बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कह कर 'जैन महाराष्ट्री' ना-
दिया है ×। डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ. जेकोबी की इस बात का सम्य-
खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, ए-
प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की—भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है +।
परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की
विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा
को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक
खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन
महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है।

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रस्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा
को ‡ प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी
से भी दो कदम आगे बढ़ गये हैं, क्योंकि डॉ. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन
महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री—बताते हैं तब
पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवा न रखकर, अर्वाचीन महाराष्ट्री
से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन
में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती
हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से
मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता, (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण
शौरसेनी आदि की तरह अलग अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसके
अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार

---

* इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन
द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को
लेकर, न कि आगे कहे जाने वाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

§ इसी वचन के आधार पर डॉ. होर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१६)
यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ
'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

÷ आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे॰ ला॰पु॰फं॰ पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है:—
"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

× Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

+ Grammatik der Prākrit-Sprachen, § 16-17.

‡ जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग
किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के
आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डो. बनारसीदासजी की "अर्धमागधी रीडर" मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की "जैन सिद्धान्त-कौमुदी" और डो. पिशल का प्राकृत-व्याकरण मौजुद हैं जिनमें क्रमश. अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के "आर्षम्" सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक * व्याख्या से और जगह जगह † किये हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र ने ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषतओं को ले कर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण ने प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार ने बताये हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर अर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों ने जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालुम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिझर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकरर किया हुआ समझ बैठे हैं ‡। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में

"शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (१, ३५)।

---

* "आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते" (हे० प्रा० १, ३)।

† देखो हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७६; १, ११८; १, ११६; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

‡ "उपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ म०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ए ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोई पण अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।" (प्राकृतव्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पनी)।

लक्षण को अनुयोगद्वार सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें यह गाथा भी शामिल है। वह संपूर्ण गाथा इस तरह है:—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिया॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषायें कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा—प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार-युक्त—भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा—इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामान्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लौकिक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न ले कर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभवित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के 'पसत्था इसिभासिया' इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है जो उन्होंने सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है।

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है *। इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है ÷। इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बनाकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"× शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है जिसमें

---

* "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। बाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

÷ "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भारतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागर संस्करण, १७, ५०)। मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"'राक्षसीश्रेष्ठिचेटानुकन्यादेरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

× प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०३।

अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की ' की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम हो कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण ना अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"* मह मिश्राऽर्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रम का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पा लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बनाया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न भिन्न संभवत इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न भिन्न किये हैं।

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा मह के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कार है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है। + डो. होर्नलि ने अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, मह और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्र न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिये हैं और उनके उदाहरण साधारण से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं, परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्र उदाहरण लिये हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि ' हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है।

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'माग ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में माग लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी श मागधी भाषा के अर्धांश में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश म भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न यह व्युत्पत्ति ही सत्य है अ यह अर्थ हो। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार ' अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात खिस्त की सातवीं शताब्दी के प्र श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि-नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उ

अर्धमागधी शब्द की अगत व्युत्पत्ति।

---

* संक्षिप्तसार, पृष्ठ ३८। + देखो भास-रचित कहे जाते चारुदत्त और स्वप्नवासवदत्त में क्रमशः चेट इव की भाषा और शूद्रक के मृच्छकटिक में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

+ "It thus seems to me very clear, that the Prākrit of Chanda is ARSHA or ancient (Porana) form of the Ardhamāgadhi, Mahārā and Sauraseni." (Introduction to Prakrita Lakshana of Cha Page XIX).

के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है:—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण।

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति-स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई विशेष संबन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अबतक यह ठीक ठीक नहीं बताया है। यह संभव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के संमिलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (ख्रिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

उत्पत्ति-समय।

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय ख्रिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डा. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल ख्रिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः ख्रिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डो. ल्युडर्स ने प्रकाशित किये हैं उनका समय ख्रिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं। और, डो. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डो. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (ख्रिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल ख्रिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा ख्रिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डो. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस संमिलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व में कर चुके हैं।

लक्षण।

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य मुख्य विशेषतायें हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्धमागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

(५) जैन महाराष्ट्री।

नाम-निर्देश और साहित्य।

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनिओं के चरित्र, कथा, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम दे कर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है, किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने, व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर, इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप में मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

समय।

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। वह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकता है। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा-प्रभृति ग्रन्थ मध्य युग और शेष युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान है। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचनसारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य, भाषारहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप है। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उनकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता है कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित हो कर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई है।

लक्षण।

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गये हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं:—

१। क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।

२। लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य।

३। शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न।

४। यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।

५। समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।

६। अत्र, तत्र, त्रैलोक्य, प्रत्युत्पन्न, गति, मृदंग, मुनिश्च आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छ आदि तरह प्रयोग।

७। तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।

८। अक्खाइ, कुव्वइ प्रभृति धातु रूप।

९। नच्चा, किच्चा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।

१०। कड, मड, हड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

विनियोग। भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख है, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा का प्रयोग बताया है *।

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत। भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है †, परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

जैन सौरसेनी। दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में रचित हैं। यह भाषा श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्धमागधी से अधिक निकटता रखता है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति ‡ सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

प्रकृति। वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है ✝, किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण से नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य हो कर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

समय। अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की समसामयिक कही जा सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय संभवतः खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

लक्षण। महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायँगे

---

* "नायिकानां सखीनां च सूरसेन्यविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

† "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

‡ पन्नवणासूत्र के "सोत्तियवई (?) य चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६०) इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुसौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पावा, भङ्गिषु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा और मथुरा को भङ्गि देश की [illegible] कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धार ग्रन्थ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ का परिवर्तन कर के उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्री सिद्धसेनसूरि ने मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अपव्याख्या' कह कर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:— "मथुरा नगरी [illegible] देशः [illegible], मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पावा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः" (दे० प्रा० संस्करण, पत्र ४४६)। ✝ प्राकृतप्रकाश १२, २।

महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर से यह ज्ञान होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद।

१। स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है, यथा—रजत=रअद, गदा=गदा।

२। स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं, जैसे—नाथ=णाध, णाह।

३। र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है, यथा—आर्य=अय्य, अज्ज; सूर्य=सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति।

१। पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है, यथा—जिनात्=जिणादो, जिणादु।

आख्यात।

१। ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है, जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।

२। भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है, यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि।

१। अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है, यथा—युक्तम् इदम्=जुत्तं णिमं, जुत्तमिणं; एवम् एतद्=एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं, यथा—पठित्वा=पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

(८) मागधी।

निदर्शन।

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barābar), रामगढ, धौलि और जौगड (Jaugada) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्तसार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिये गये हैं।

विनियोग।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहने वाले, सुरंग खोदने वाले, कलवार, अश्वपालक वगैरः पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है *। परन्तु मार्कण्डेय

---

* "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।

"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७,५६)।

ने अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वच से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने अपने अलंकार ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

उत्पत्ति-स्थान।

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मगध भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। संभवतः राज भाषा होने के कारण ही नाटकों में मगध के राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, संभव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

प्रकृति।

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल—होने का सम्मान शौरसेनी को दिया है *। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी शौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है †। किन्तु मागधी और शौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं के भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे शौरसेनी शूरसेन में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित था।

समय।

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं।

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषायें मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर—हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है ‡ किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है ×। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अङ्गारकार, व्याध, कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं ÷। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकती। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में समावेश किया है।

---

* "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

† "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

‡ "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

× "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता स्यात्स्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

÷ "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अङ्गारकारव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' का ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उन्होंने वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है *। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी [के एक]वचन में हुं आदि जो इस भाषा के लक्षण दिये हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य [पाया ज]ाता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश [मानते] हैं §' वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

[ढक्की] या टाक्की भाषा।

मागधी भाषा का शौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी भाषा साधारणतः शौरसेनी के ही अनुरूप है।

[ल]क्षण।

वर्ण-भेद।

र के स्थान में सर्वत्र ल होता है +; यथा—नर=णल; कर=कल।

श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन=शोहण; पुरुष=पुलिश; सारस=शालश।

संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क=शुस्क; कष्ट=कस्ट; स्खलति=स्खलदि; बृहस्पति=बुहस्पदि।

ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट=पस्ट; सुष्ठु=शुस्टु।

स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित=उवस्तिद; सार्थ=शस्त।

ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति=याणादि, दुर्जन=दुय्यण; मद्य=मय्य, अद्य=अय्य; याति=यादि, यम=यम।

न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य=अञ्ञ; पुण्य=पुञ्ञ; प्रज्ञा=पञ्ञा; अञ्जलि=अञ्ञलि।

अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ=गश्च, पिच्छिल=पिश्चिल।

क्ष की जगह स्क होता है ÷, जैसे—राक्षस=लस्कश, यक्ष=यस्क।

नाम-विभक्ति।

अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः=यिणे, पुरुषः=पुलिशे।

अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य=यिणस्स, यिणाह।

अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम्=यिणाण, यिणाहँ।

अस्मद् शब्द के प्रथमा के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

* "प्रयुक्तं नाटकादौ च द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

§ "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

+ मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

÷ हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय 'ᳵक' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

ने अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस व
से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग
इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने अपने अलंका
ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

उत्पत्ति-स्थान।

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक
शिलालिपियों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी
भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्र
हुआ था। संभवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लि
इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवा
होने से, संभव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

प्रकृति।

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल—होने का सम्मान सौरसेनी को
दिया है *। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की
सिद्धि कही है †। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं
भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद
और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी म
में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म
लिया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित था।

समय।

अशोक शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा
निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्रा
व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

शाकारी आदि मागधी के प्रकार हैं।

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषायें मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर—हैं। भर
शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों
लिए कहा है ‡ किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है
भरत पुक्कस आदि जातिओं की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारक
व्याध, काष्ठकार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं ×। इन तीनों भाषाओं के जो लक्ष
और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उ
और इतर प्राकृत व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भा
भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी
अलग नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में
समावेश किया है।

---

* "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

† "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

‡ "[illegible] शकारादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

× "[illegible] शाकारी, शकारस्य
[illegible]।
[illegible] स्यात् [illegible]" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

× "[illegible] पुक्कसानाम्। अङ्गारकारव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र
१७, ५३-५)।

(६) महाराष्ट्री ।

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं।

निदर्शन। (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि में नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से ले कर उसके बाद के समी में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण कर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण इसके लक्षण दिये हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '* महाराष्ट्री' नाम है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण जाते हैं चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाये हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिये गये हैं। यह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के + वचन में और प्राकृतसर्वस्व के मार्कण्डेय के § वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छीनाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डो. होर्नेलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं

उत्पत्ति-स्थान। महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत है, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर

---

* "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

+ "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्येत्यष्टौ वा दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० स० पृष्ठ २)

§ देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कहा जा सकता है।

प्रकृति।

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्री को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आये हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय।

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः खिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः खिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें खिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है।

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में "आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्" और "आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्" यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में त्तु और भविष्यत्काल के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा प्रभृति लक्षण बतलाये हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिये हुए किदाद, वेदस, देच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहीं शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु यह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उन्होंके दिये हुए होद, सुव्वद, विज्जइ, नच्चए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होना है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सदृश है। सुतरां, ये दोनों भाषायें महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती हैं। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण।

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिये जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

१७। ह का ल्ह होता है, यथा—प्रह्लाद=पल्हाअ, कह्लार=कल्हार।

१८। संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त=भुत्त, मड, षट्पद=छप्पअ, खड्ग=खग्ग, उत्पन्न=उप्पन्न, मुद्गर=मुग्गर, सुप्त=सुत्त, निश्चल=णिच्चल, णिट्ठुर स्खलित=खलिअ।

१९। संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है, यथा—स्मर=सर, लग्न=लग्ग, व्याध=वाह।

२०। संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है, यथा—उल्का=उक्का, विक्कव, शब्द=सद्द, पक्व=पक्क, अर्क=अक्क, चक्र=चक्क।

२१। संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप पर जो जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द की आदि में न हो तो, द्वित्व होता है, जैसे—यात्रा=यात्ता, मग्न=मज्ज, भुक्त=भुत्त, उल्का=उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न हो कर उसके पूर्व में अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण=लक्खण, पच्छा, इष्ट=इट्ठ, मुग्ध=मुद्ध।

विश्लेषण।

१। र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम हो कर संयुक्त का विश्लेषण किया जाता है, यथा—अर्हत्=अरह, अरिह, अरुह, आदर्श=आयरिस, क्लिष्ट=किलिट्ठ।

व्यत्यय।

१। अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है, यथा—करेणू=कणेरू, आलान=महाराष्ट्र=मरहट्ठ, हरिताल=हलिआर, लघुक=हलुअ, ललाट=णडाल, गुह्य=गुय्ह, सह्य=सय्ह

सन्धि।

१। समास में कहीं कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; अन्तर्वेदि=अन्तावेइ, पतिगृह=पईहर, यमुनातट=जँउणायड, नदीस्रोतः=णइसोत्त।

२। स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है, जैसे—त्रिदशेश=तिअसीस।

३। संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, जैसे—आस्य=अस्स, मुनीन्द्र=मुणिंद, चूर्ण=नरेन्द्र=णरिंद, म्लेच्छ=मिलिच्छ, नीलोत्पल=णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध।

१। उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है, यथा—निशाकर=णिसाअर, रजनीकर=रअणीअर।

२। एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है, जैसे—पाद=पाअ, गति=गइ, नगर=णअर।

३। इ, ई, उ और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है, यथा—वणे इ वहुईहा।

४। ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है, यथा—फले आवंधो, आलक्खिमो एहिं।

५। आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है; जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है, जैसे—जिनः=जिणो, वृक्षः=वच्छो।

पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और हिन्तो होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है जैसे—जिनात्=जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणा।

पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।

पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हिन्तो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिन्तो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात्=जिणा हिन्तो; जिनेभ्यः=जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।

षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।

अस्मद् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।

अस्मद् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।

अस्मद् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।

युष्मद् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ, उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय।

संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग हैं, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग भी हैं, यथा—प्रश्नः=पण्हो, पण्हा; गुणाः=गुणा, गुणाइं; देवाः=देवा, देवाणि।

अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिंग होता है, यथा—शरद्=सरओ, प्रावृट्=पाउसो, विद्युत्=विज्जुणा।

संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है, यथा—नभः=नहो, जन्म=जम्मो, अक्षि=अच्छी, पृष्ठम्=पिट्ठी, चौर्यम्=चोरिआ।

आख्यात।

ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति=हसइ, हसए; रमते=रमइ, रमए।

परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।

भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं। और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रत्ययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।

भविष्यत्-काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं हैं।

भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है, यथा—हसिष्यति=हसिहिइ, करिष्यति=करिहिइ।

वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हसति, हसिष्यति, हसेत्, हसतु=हसेज्ज, हसेज्जा।

भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते=हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त।

शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ=गमिर, नमनशील=नमिर।

त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा=पढिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित।

त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व=देवत्त, देवत्तण।

(१०) अपभ्रंश।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ।

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दाः। एके हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः." अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं। यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन * जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और † चंड तथा ‡ आचार्य हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कहा है और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत-भिन्न सभी भाषायें अपभ्रंश कही गई हैं' §। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषायें अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अपभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जा कर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

निदर्शन।

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत), भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित, करकण्डुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, भविसयत्तकहा, सनत्कुमारचरित्र, सुपासनाहचरित्र, कुमारपालचरित, कुमारपालप्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्य-ग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), सन्क्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व प्रभृति व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल-नामक छन्द ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय।

डॉ. हॉर्नलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषायें अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और यह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषायें भारत के आदिम निवासी अनार्य लोगों की भिन्न भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषायें हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ. पि

---

* "लाढंगयताओ गावओ", "गोणा णिसाए" (आचा २, ४, ५)।
"गावओ" ([illegible] १, २—[illegible] २६)।
"[illegible]" ([illegible], उ० ४)।
† "गावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ‡ "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।
§ "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषायें खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश-भाषायें प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषायें थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बंगला, गुजराती वगैरः आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें हैं। इनका उत्पत्ति-समय खिस्त की नववीं या दशवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषायें खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से ले कर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश-भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषायें हैं जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद। अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गये हैं :—

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः ॥
गौडौड्रवैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिङ्ग्यप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः ॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः ॥"[1]

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किये हैं[2] वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथक् पृथक् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[2]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न भिन्न प्रदेश की भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें हैं तब वे अपभ्रंश भाषायें भी भिन्न भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि ये सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही कारण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य

---

[1] [illegible] टीका, १३१-३।

[2] "[illegible] ... [illegible]

हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन ग्रन्थों के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान।

भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप से इस तरह कही है :—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२),

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति।

खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।

मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।

मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।

अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषायें अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।

सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कनौजी, व्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषायें।

नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।

पालि से सिंहली और मालदीवन।

टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।

टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।

व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।

पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण।

नागर-अपभ्रंश के प्रधान प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन।

१। भिन्न भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य=कच्च, काच; वचन=वेण, वीण; बाहु=बाह, बाहा, बाहु; पृष्ठ=पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि, तृण=तणु, तिणु, तृणु; सुकृत=सुकिद, सुकिउ, लेखा=लिह, लीह, लेह।

२। स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, ब और भ होता है; यथा—विच्छेदकर=विच्छोहगर, सुख=सुघ, कथित=कधिद, शपथ=सबध, सफल=सभल।

३। अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है, यथा—कमल=कवँल, कमल; भ्रमर=भवँर, भमर।

संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय=पिय, प्रिय; चन्द्र=चन्द, चन्द्र।
कहीं कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है, जैसे—व्यास=व्रास, वास; व्याक
रण=व्रागरण, वागरण।
महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं, यथा—ग्रीष्म=
गिम्ह; श्लेष्म=सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति।

विभक्ति के प्रसङ्ग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है, यथा—श्यामलः=साम
खड्गाः=खग्ग; दृष्टिः=दिट्ठि, पुत्री=पुत्ति।
साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-
में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गये हैं।

	एकवचन।	बहुवचन।
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	"	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति।

	एकवचन।	बहुवचन।
१ पु०	उं	हुं
२ पु०	हि	हु
३ पु०	इ, ए	हिं

मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु=करि, करु, करे।
भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है—यथा—भविष्यति=होसइ।

कृदन्त।

तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है, यथा—कर्तव्य=करिएव्वउं, करेव्वउं, करेवा।
क्त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कृत्वा=करि, करिउ,
करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कर्तुम्=करेवं,
करण, करणहं, करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है, जैसे—कर्तृ=करणअ, मारयितृ=मारणअ।

तद्धित।

त्व और ता के स्थान में प्पण होता है, यथा—देवत्व=देवप्पण, महत्त्व=वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन।

जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक
उतना ही परवर्ती काल में उत्पन्न माना जाना चाहिए। इस नियम के
हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा
इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु
में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश-भाषायें
महाराष्ट्री के बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है,
उसका अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और मृ स्वर तथा संयुक्त
विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री
में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन मांस पिण्ड का
बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और व्यञ्जन स्वर एवं
को फिर स्थान दे कर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही
है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य
उत्पन्न हुई हैं।

प्राकृत पर संस्कृत का प्रभाव।

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को
बद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन
अर्धमागधी और बौद्ध धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा हैं। परन्तु ये दो साहित्य-भाषायें और अन्यान्य

[illegible]

पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-
जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी।

गाथा-भाषा।

बौद्धों के महावैपुल्यसूत्र-नामक कतिपय सत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर,
पुण्डरीक, [illegible]
शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्रा [illegible]
अनुरूप किये गये हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहां
कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित
प्रयोग उक्त ग्रन्थों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे
की भाषा को 'गाथा' न कह कर 'प्राकृत-मिश्र संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र प्राकृत' अथवा संक्षेप में
भाषा' ही कहना उचित है।

डो. बर्नफ और डो. राजेन्द्रलाल मित्र का मत है कि 'संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होती
गाथा-भाषा के रूप में और बाद में पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा-भाषा
और पालि की मध्यवर्ती होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रा

यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-
क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की
प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्य
गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शता
पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा
पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रख कर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से ब
है, इसमें संदेह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहां उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति ;
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥"
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा ।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६) ;

बुद्धदेव और उसके सारथि की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः ।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था ।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति ।
तुभ्यापि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये ।
आवर्तयाशिह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मम क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव।

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत
त्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक
स्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम
र के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द
संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल
प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित
में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य
ों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने
शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है।
र से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत ने न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषायें
ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि
र प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वक (वक्र), वह (वधू),

मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोक्खुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुग्गुलु) छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र) इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), छेव (च्यवन), दाढा (दंष्ट्रा), खिड्किका (लघुद्वार, भाषा में खिडकी), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिप्यसि (हास्यसि), (...), निकृन्तन (निकर्तन), लडह (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिये गये हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष।

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तनशील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित होकर मृत भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषायें भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषायें भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उन समस्त कथ्य भाषाओं उस उस युग का साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होना चाहिएँ जिनकी बदौलत ही ये उस उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतनी ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन्हीं कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न भिन्न काल में भिन्न भिन्न कथ्य भाषाओं से नयी नयी साहित्य भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः दुरूह होकर

अप्रचलित होकर जब दुर्बोध्य हो उठी तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारणीय, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का ग्रहण कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-संधि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पालि और अन्यान्य प्राकृत भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश

अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी
स्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये
। प्राकृत-साहित्य-भाषायें भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में
ोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं
स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं
अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौनसा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-
ाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं? इसका उत्तर यह है कि कोई भी
ा चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है।
स्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय
ंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में लघु कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे।
तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक
संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा
ल शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्ट-
य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण
। कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में
त हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन
न-वर्ण बिठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक
ा-भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुई। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषायें भी प्राकृत-
ों के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के
को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई हैं। आधुनिक आर्य-
में पूर्ववर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के संबन्ध में प्राकृत और
को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य
प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक
ाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के
क लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों
िंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल
ा परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से
अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के
आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं
र अपना अधिकार जमाया है।

ृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण—ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन
पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ
ये जाते हैं :—

* "अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ॥" (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच
आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती?

ृतकाव्य पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्य तत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते !!!

* "उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥" (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कर्ष में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

† "णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि ॥" (गउडवहो ९२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और रचना वाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

‡ "हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ ॥" (गउडवहो ९४)।

वल्लकी } णाया १, १७—पत्र २२६)।

वल्लट्ट वि [दे] पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ; (षड्

वल्लभ देखो वल्लह, (गा ६०४)।

वल्लर न [दे वल्लर] १ वन, गहन; (दे ७, ८ उत्त १६, ८१)। २ क्षेत्र, खेत; (दे ७, ८६, १—पत्र १४)। ३ अरण्य-क्षेत्र; (पाअ)। ४ शुष्क क्षेत्र, (गा ८१२)।

वल्लर न [दे] १ अरण्य, अटवी, २ निर्जल देश; महिष, भैंसा, ४ समीर, पवन; ५ वि युवा, तरुण; (८६)। ६ वेष्टन शील, ७ वेष्टित-नामक आलिंग करने की आदत वाला, स्त्री—°री; (गा ६३४)।

वल्लरी स्त्री [वल्लरी] वल्ली, लता, (पाअ; गउड ६२६)।

वल्लरी स्त्री [दे] केश, बाल, (दे ७, ३२)।

वल्लव पुस्त्री [वल्लव] गोप, अहीर, ग्वाला; (पा स्त्री—°वी, (गा ८६)।

वल्लवाय न [दे] क्षेत्र, खेत, (दे ६, २६)।

वल्लविअ वि [दे] लाक्षा से रँगा हुआ; (षड्)।

वल्लह पु [वल्लभ] १ दयित, पति, भर्ता, (गउड,

वसंत पुं [वसन्त] १ ऋतु-विशेष, चैत्र और वैशाख मास का समय; (आचा १, १—पत्र ६४; पाअ, सुर ३, ३६; कुमा; कप्पू; प्रासू १४; ६२)। २ चैत्र मास, (सुज्ज १०, १६)। °उर न [°पुर] नगर-विशेष, (महा)। °तिलय पुं [°तिलक] १ हरिवंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम २२, ९८)। २ न. एक उद्यान, जहाँ भगवान् ऋषभदेव ने दीक्षा ली थी; (पउम ३, १३४)। °तिलया स्त्री [°तिलका] छन्द-विशेष; (पिंग)।

वसंवय वि [वशंवद] निज को अधीन कहने वाला; (धर्मवि ६)।

वसण न [वसन] १ वस्त्र, कपड़ा; (पाअ; सुपा २४४; भेघ ४८३; धर्मवि ८)। २ निवास, रहना; (कुप्र ४८)।

वसण पुं [वृषण] अण्ड-कोश, पोता; (उप ११६; भग; पण्ह १, ३; विपा १, २; औप; कुप्र ३६६)।

वसण न [व्यसन] १ कष्ट, विपत्ति, दुःख; (पाअ; सुर २, ११३; महा; प्रासू ११)। २ राजादि-कृत उपद्रव, (आचा १, २)। ३ खराब आदत—द्यूत, मद्य-पान आदि खोटी आदत; (बृह १)।

वसणि वि [व्यसनिन्] खोटी आदत वाला; (सुपा ४८८)।

वसन पुं [वृषभ] १ ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष, वृष राशि; (पउम १७, १०८)। २ भगवान् ऋषभदेव; (चेइय ६४१)। ३ एक जैन मुनि, जो चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे; (पउम २०, १९२)। ४ गीतार्थ मुनि, ज्ञानी साधु; (बृह १; ३)। ५ बैल, बलीवर्द; (उव)। ६ उत्तम, श्रेष्ठ; "मुणिवसभा" (उव)। °करण न [°करण] वह स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हों; (आचा २, १०, १४)। °क्खेत्त न [°क्षेत्र] स्थान-विशेष, जहाँ पर वर्षा-काल में आचार्य आदि रहते हों वह स्थान; (वव १०; निचू १७)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष, कुत्सित देश में नगर-तुल्य गाँव; "अत्थि हु वसभग्गामा कुदेसनगरोवमा सुहविहारा" (वव १०)। °णुजाय पुं [°नुजात] ज्योतिश्शास्त्र-प्रसिद्ध दश योगों में प्रथम योग, जिसमें चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र बैल के आकार से स्थित होते हैं; (सुज्ज १२—पत्र २३३)। देखो उसभ, रिसभ, वसह।

वसभुद्ध पुं [दे] काक, कौआ; (दे ७, ४६)।

वसम देखो वसिम; (महा)।

वसमाण देखो वस=वस्।

वसल वि [दे] दीर्घ, लम्बा; (दे ७, ३३)।

वसह पुं [वृषभ] वैयावृत्य करने वाला मुनि; (ओघ १४०)। २ भरतक्षेत्र का एक पुत्र, (पउम ५१, १०)। ३ बैल, साँढ़; (पाअ)। ४ कान का छिद्र; ५ औषध-विशेष; (प्राप्र)। °इंध पुं [°चिह्न] शंकर, महादेव; (गउड)। °केउ पुं [°केतु] इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा; (पउम ५, ७)। °वाहण पुं [°वाहन] १ ईशान देवलोक का इन्द्र; (ठा २—पत्र १५७)। २ महादेव, शंकर; (समत्त ६०)। °वीही स्त्री [°वीथी] शुक्र ग्रह का एक क्षेत्र-भाग; (ठा ९—पत्र ४६८)।

वसहि देखो वसइ; (हे १, २१४; कुमा; गा ६८१; पि १८७)।

वसा स्त्री [वसा] १ शरीरस्थ धातु-विशेष; "मेयवसामं-सु—" (पण्ह १, १—पत्र १४; आचा १, ११)। २ मेद, चरबी; (भाषा)।

°**वसारय** वि [प्रसारक] फैलाने वाला; (से ६, ४०)।

°**वसारय** देखो पसाहय; (से ६, ४०)।

°**वसाहा** स्त्री [प्रसाधा] अलंकार, आभूषण; (से १, १६)।

वसि देखो वसइ; "जत्थ न नज्जइ पहि पहिं मउलियसि-दप्पणविवेओ" (सुर १, ६२)।

वसिअ वि [उषित] १ रहा हुआ, जिसने वास किया हो वह; (पाअ; स २६६; सुपा ४३१; भत्त ११२; पे ७)। २ बासी, पर्युषित; "मवरेइ वसियविसियं निम्मल्लं लोमहत्थेय" (संबोध ६)।

वसिट्ठ पुं [वशिष्ठ] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८—पत्र ४२९; सम १३)। २ एक ऋषि; (नाट—उत्तर ८२)।

वसिट्ठ पुं [वशिष्ट] द्वीपकुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (इक)।

वसित्त न [वशित्व] योग की एक सिद्धि, योग-जन्य एक ऐश्वर्य; "बहुविहवसित्तणेयं पत्तं कुणवि जंतुणो जंति" (कुप्र २७७)।

वसिम न [दे. वसिम] वसति वाला स्थान; (सुर १, ६१; सुपा १६४; कुप्र २३४; महा)।

वसियव्व देखो वस=वस्।

वसिर वि [वसितृ] वास करने वाला, रहने वाला; (सुपा ६४७; सम्मत्त २१७)।

वसीकय वि [वशीकृत] वश में किया हुआ, अधीन किया हुआ; (सुपा ५६०; महा)।

वसीकरण न [वशीकरण] वश में करने के लिए किया जाता मन्त्र आदि का प्रयोग; (पाया १, १४; प्रासू १४; महा)।

वसीयरणी स्त्री [वशीकरणी] वशीकरण-विद्या; (सुर १३, ८१)।

वसीहूअ वि [वशीभूत] जो अधीन हुआ हो वह; (उप ६८६ टी)।

वसु न [वसु] १ धन, द्रव्य, (आचा; सूअ १, १३, १८; कुमा)। २ संयम, चारित्र, (आचा, सूअ १, १३, १८)। ३ पुं जिनदेव, ४ वीतराग, राग-रहित, ५ संयत, संयमी, साधु; (आचा १, ६, २, १)। ६ आठ की संख्या; (विर १४४; पिंग)। ७ धनिष्ठा नक्षत्र का अधिपति देव; (ठा २, ३, सुज्ज १०, १२)। ८ एक राजा का नाम, (पउम ११, २१, भग १०१)। ९ एक चतुर्दश-पूर्वी जैन महर्षि, (विसे २३३४)। १० एक छन्द का नाम, (पिंग)। ११ स्त्री. ईशानेन्द्र की एक पटरानी, (इक)। १२ न. लोकान्तिक देवों का एक विमान, (इक)। १३ सुवर्ण, सोना, (कप्प ६८; भग १५; उत्त १२, ३६)। °गुत्ता स्त्री [°गुप्ता] ईशानेन्द्र की एक पटरानी, (ठा ८—पत्र ४२६; इक; णाया २—पत्र २६१)। °देव पुं [°देव] नववें वासुदेव श्रीकृष्ण और बलदेव का पिता; (ठा ६, सम १५२; अंत, ३३)। °नंदय पुं [°नन्दक] एक प्रकार की उत्तम तलवार; (सुर २, २२; भवि)। °पुज्ज पुं [°पूज्य] एक राजा, भगवान् वासुपूज्य का पिता; (सम १५१)। °बल पुं [°बल] इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न एक राजा, (पउम ५, ४)। °भाग पुं [°भाग] एक व्यक्ति-वाचक नाम; (महा)। °भागा स्त्री [°भागा] ईशानेन्द्र की एक पटरानी, (इक)। °भूइ पुं [°भूति] एक जैन मुनि का नाम; (पउम २०, ११६; आवम)। °म, °मंत वि [°मत्] १ धनवान्, धनी, श्रीमान्, (सूअ १, ११, ८; १, १५, ११; आचा)। २ संयमी, साधु, (सूअ १, १३, ८; आचा)। °मित्ता स्त्री [°मित्रा] १ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ८—पत्र ४२६; णाया २, इक)। °सद्द पुं [°शब्द] छन्द-विशेष; (पिंग)। °हारा स्त्री [°धारा] १ आकाश से देव-कृत सुवर्ण-वृष्टि; (भग १५; कप्प ६८; उत्त १२, ३६; विपा १, १०)। २ एक दिक्कुमारी; (उप ७२८ टी)।

वसुआ } अक [उद् + वा] शुष्क होना, सूखना। वसुआअ } आइ, वसुआअइ; (हे ४, ११, ३, ११, ७४)। वकृ—वसुअंत; (कुमा)। प्रयो—वकृ—वसुआइज्जमाण, (गउड)।

वसुआअ वि [उद्वात] शुष्क; (पाअ; से १, ३०; प्राकृ ७७)।

वसुआइअ वि [उद्वापित] शुष्क किया गया, सुखाया गया, (से ६, २५)।

वसुआइज्जमाण देखो वसुआ।

वसुंधर पुं [वसुन्धर] एक जैन मुनि, (पउम १६१)।

वसुंधरा स्त्री [वसुन्धरा] १ पृथिवी, धरती, (पाअ; ४१; प्रासू १४२)। २ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४२६; णाया २; इक)। ३ चमरेन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक पटरानी का नाम, (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ४ एक दिक्कुमारी देवी, (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। ५ नववें चक्रवर्ती राजा की रानी; (सम १५२)। ६ रावण की एक पत्नी; (पउम ७४, १०)। ७ एक श्रेष्ठि-पत्नी; (उप ७२८ टी)। °वइ पुं [°पति] राजा, भू-पति; (सुपा २८८)।

वसुधा (शौ) देखो वसुहा; (स्वप्न ६८)।

वसुपुज्ज देखो वासुपुज्ज, "वसुपुज्जमल्ली नेमी पासो कुमारपव्वइया" (विचार ११५; पंचा १६, १३, १); "वसुपुज्जजिणो अणुप्पो आमो" (पव ३५)।

वसुमइ° } स्त्री [वसुमती] १ पृथिवी, धरती, (उप वसुमई } ७२८ टी, पाअ; सुपा २६०; ४७१)। २ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी, (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २—पत्र २५२; इक)। °नाह पुं [°नाथ] राजा, (उप ७२८ टी; पउम ७४, १६)। °भवण न [°भवन] भूमि-गृह, भौंरा; (सुख ४, ६)। °वइ पुं [°पति] राजा; (पउम ६६, २)।

वसुल पुंस्त्री [दे. वृषल] १ निष्ठुरता-बोधक आमन्त्रण शब्द; "होले ति वा गोले ति वा वसुले ति वा" (आचा २, ४, १, १)। "तहा होले गोले ति साणे वा वसुले ति य" (दस ७, १४)। २ गौरव और कुत्सा-बोधक आमन्त्रण-शब्द, "होल वसुल गोल णाह दइय पिय रमण" (आचा १, ६—पत्र १६६); स्त्री—°ली; (दस ७, १६; आचा २, ४, १, ३)।

चरंत, (स ७११)।

वहिचार पु [व्यभिचार] १ पर-स्त्री या पर-पुरुष से संभोग; (स ७११)। २ न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक हेतु-दोष, (धर्मसं ६१)।

वहिज्जंत देखो वह=वध्।

वहिया स्त्री [दे] बही, हिसाब लिखने की किताब; (सम्मत १४१; सुपा ३८५; ३८६; ३८७; ३६१)।

वहियाली देखो वाहियाली, "गुरुउज्जाणतडिट्ठियवहियालिं नेइ तं निवइ" (धर्मवि ४)।

वहिलग पु [दे, वहिलक] ऊँट, बैल आदि पशु; (राज)।

वहिल्ल वि [दे] शीघ्र, शीघ्रता-युक्त, गुजराती में 'वेहलो'; (हे ४, ४२२; कुमा, वज्जा १२८)।

वहु पुंस्त्री [दे] चिविडा, गन्ध-द्रव्य विशेष; (दे ७, ३१)।

वहु° देखो वहू; (हे १, ४; षड्; प्राप्र)।

वहुधारिणी स्त्री [दे] नवोढा, दुलहिन; (दे ७, ५०)।

वहुण्णी स्त्री [दे] ज्येष्ठ-भार्या, पति के बड़े भाई की बहू; (दे ७, ४१)।

वहुमास पुं [दे] रमण-विशेष, क्रीडा-विशेष, जिसमें खेलता हुआ पति नवोढा के घर से बाहर नहीं निकलता है, (दे ७, ४६)।

वहुरा स्त्री [दे] शिवा, सियार; (दे ७, ४०)।

वहुलिआ (अप) स्त्री [वधूटिका] अल्प वय वाली स्त्री; (पिंग)।

वहुव्वा स्त्री [दे] छोटी सास, (दे ७, ४०)।

वहुहाडिणी स्त्री [दे] एक स्त्री के रहते हुए ब्याही जाती दूसरी स्त्री, (दे ७, ५०; षड्)।

वहू स्त्री [वधू] वहू, भार्या, नारी, (स्वप्न ४१; पाअ, हे १, ४)।

वहोल पुं [दे] छोटा जल-प्रवाह, गुजराती में 'वहेळो'; (दे ७, ३७)।

वा सक [वा] गति करना, चलना। वाइ; (से ६, ५१; गा ५४३; कुमा)।

वा अक [वै, म्लै] सूखना। वाइ; (से ६, ५२; हे ४, १८)।

वा सक [व्ये] बुनना। कृ—वाइम, "गंथिमपूरिमवेढिमवाइमसंघाइमं चेज्जं" (दसनि २)।

वा अ [वा] इन अर्थों का सूचक अव्यय,—१ विकल्प, अथवा, या; (भाषा; कुमा)। २ समुच्चय, और, तथा, (उत्त ८, ११; सुज्ज ८, १२)। ३ अपि, भी; (कुमा, ... सुज्ज ५, २२)। ४ अवधारण, निश्चय; (सू ८)। ५ सादृश्य, समानता, (विसे १८३४)। ६ उपमा, "... तंसि... कामधेनुं वा" (हि १४; सुज्ज १, ... २, १५; सुज्ज १, ६, वव १)। ७ पाद-पूर्ति; (उत्त ३... २८)।

वाअड पु [दे] शुक, तोता; (षड्)।

वाअड देखो वावड=व्यापृत; "रहसामद्दा समत्तं ... सरइ आअरा" (गा ४००)।

वाइ वि [वादिन्] १ बोलने वाला, वक्ता, (आचा, ... उत्त, ठा ४, ४)। २ वाद-कर्ता, शास्त्रार्थ में स्वतंत्र ... प्रतिपादन करने वाला; (सम १०२; विसे १७२२; ... चेइय ११८, सम्मत १४१; श्रा ६)। ३ दार्शनिक, ... इतर धर्म का अनुयायी; (ठा ४, ४)।

वाइ वि [वाचिन्] वाचक, अभिधायक, कहने वाला; (... ८७४)।

वाइ देखो वाजि, (राज)।

वाइअ वि [वाचिक] वचन-संबन्धी; (औप; श्रा १... पडि)।

वाइअ वि [वाचित] १ पाठित, पढ़ाया हुआ, (उत्त १... १४; विसे २३५८)। २ पढ़ा हुआ; "नामम्मि ... (सुपा २७०), "अलाहि किं वाइएण लेहेण" (हे ... १८६)।

वाइअ वि [वातिक] १ वात से उत्पन्न, वायु-जन्य (... आदि); (भग, णाया १, १—पत्र ५०; तंदु १६)। २ ... से फूला हुआ, वात-रोग वाला; (विसे २५७६ टी; ... ३ उत्कर्ष वाला, "सपरक्कमराउलवाइएण सीसे पलि... मिथए" (उत्त), "चितइ सूरी एसो निवमन्नो वाइज्ज ... खो" (धर्मवि ७६)। ४ पु. नपुंसक का एक भेद, (... १२७; धर्म ३)।

वाइअ वि [वादित] १ बजाया हुआ; (गा ५६७; ... २, ८, ६६, ७०)। २ वन्दित, अभिवादित; "... निवडिऊणं वाइआ अंभया" (स ३६०)।

वाइअ न [वाद्य] १ बाजा, वादित्र; (कप्प)। २ ... बजाने की कला; (सम ८३; औप)।

वाइअ वि [वात] बहा हुआ, चला हुआ; "सुयकुसुम... सदियरयणकिंभणवाइयसमीरो" (सुर २, ७६ ।

नयरलोएय" (धर्मवि १११; प्राकृ ३०)।

वाऊल देखो वाउल=व्याकुल; (प्राकृ ३०)।

वाए सक [वादय्] बजाना। वाएइ, (महा)। वकृ—वाएंत; (महा)। कवकृ—वाइज्जंत, (कुप्र १६)। हेकृ—वाइउं, (महा)।

वाए सक [वाचय्] १ पढ़ना। २ पढ़ाना। वाएइ, वाएंति, (भग, कप्प)। कवकृ—वाइज्जंत, (सुपा ३१८, कुप्र १६)।

वाएरिअ वि [वातेरित] पवन-प्रेरित; (पा १७६)।

वाएसरी स्त्री [[वागीश्वरी]] सरस्वती देवी, "वाएसरी पुत्थयवग्गहत्था" (पडि; सम्मत्त २१६)।

वाओलि } स्त्री [वातालि, °ली] पवन-समूह, "किं भय-
वाओली } लो चालिज्जइ पयडवाउ(?मा)लिसएहिंवि" (धर्मवि १७, गउड; पाया १, १—पत्र ६३)।

वाक } देखो वक्क=वल्क; (औप, विसे ६७, विपा १,
वाग } ६—पत्र ६६)।

वागड पु [वागड] गुजरात का एक प्रान्त, जो आजकल भी 'वागड' नाम से ही प्रसिद्ध है, (कुप्र ६)।

वागर सक [व्या + कृ] प्रतिपादन करना, कहना। वागरेइ, वागरेज्जा; (कप्प; पि ५०६)। वकृ—वागरमाण, वागरेमाण; (सुर ७, ४१; सुपा ६११; औप)। संकृ—वागरित्ता; (सम ७२)। हेकृ—वागरिउं, वागरित्तए, (कुप्र २३८; उवा)।

वागरण न [व्याकरण] १ कथन, प्रतिपादन, उपदेश; (विसे ५५०; कुप्र १; पण्ह १, १ टी)। २ निर्वचन, उत्तर; (औप, उवा; कप्प)। ३ शब्दशास्त्र, (धर्मवि ३८; मोह २)।

वागरणि वि [व्याकरणिन्] प्रतिपादन करने वाला; (सम्म २)।

वागरणी स्त्री [व्याकरणी] भाषा का एक भेद, प्रश्न के उत्तर की भाषा, उत्तर रूप वचन, (ठा ४, १—पत्र १८३)।

वागरिय वि [व्याकृत] उक्त, कथित, (उवा; अंत ६, उप १४९ टी, पव ७३ टी)। देखो वायड=व्याकृत।

वागल न [वल्कल] वृक्ष की छाल; (णाया १, १६—पत्र २१३)।

वागल वि [वाल्कल] वृक्ष की त्वचा से बना हुआ; "वागलवत्थनियत्थे" (भग ११, ६—पत्र ५१६)।

वागली स्त्री [दे] वल्ली-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३३)।

वागिल्ल वि [वाग्मिन्] बहु भाषी, वाचाल; (स

वागुर पुं [वागुरा] मृग बन्धन, फन्दा, "... (मोह ७६)।

वागुरि } वि [वागुरिन्, °रिक] देखो वाउरि
वागुरिय } भाषा में 'वाघरी', "... वागुरा(?रो)व" (पण्ह १, २—पत्र २६; सुप २, विपा १, ८—पत्र ८३)।

वाघाइअ वि [व्याघातिक] व्याघात से उत्पन्न; (पत्र ५३१)।

वाघाइम वि [व्याघातिम] व्याघात से होने वाला, (१८—पत्र २६५)। २ न मरण-विशेष—सिंह, मादि से होने वाली मौत, (औप)।

वाघाय पु [व्याघात] १ स्खलना; (सुज्ज १८)। विनाश; (उव ६७६)। ३ प्रतिबन्ध, रुकावट, (ओघभा १८)। ४ सिंह, दावानल आदि से (औप)।

वाघारिय वि [व्याघारित] प्रलम्ब, लम्बा, (पव १८; पव ६७)।

वाघुण्णिय वि [व्याघूर्णित] दोलायमान, डोलता, (१, १—पत्र ३१)।

वाघेल पुं [दे] एक क्षत्रिय-वंश, (ती २६)।

वाच देखो वाय=वाचय्। कवकृ—वाचीअमाण; (नाट—मालवि ६१)। संकृ—वाचिऊण; (हम्मीर १७)।

वाचय देखो वायग=वाचक, (द्रव्य ४६)।

वाचिय देखो वाइअ=वाचित, (स ६२१)।

वाज देखो वाय=व्याज; (कुप्र २०१)।

वाजि पु [वाजिन्] अश्व, घोड़ा; (विपा १, ७)।

वाजीकरण न [वाजीकरण] १ वीर्य-वर्धक औषध-विशेष। २ उसका प्रतिपादक शास्त्र, आयुर्वेद का एक अंग; (विपा १, ७—पत्र ७५)।

वाड पु [वाट] १ बाड़, कटक आदि से की जाती घेरा, परिधि; (उप २२, १४; माल १६६)। २ बाड़ा, बाड़ वाली जगह, वृति वाला स्थान, "निवायणहवाड ... संनिविट्ठ" (उवा, पा २३७, दे ७, ५३ टि; गउड), "... सो साहुणा वाडंतरि'हय करेऊण" (विचार १०६)। ३ वृति आदि से परिवेष्टित गृह समूह, रथ्या, मुहल्ला, (उत ३, १८), "महो गणिआवाडस्स ससिरीअमा" (वाइ ७६)।

वाडंतरा स्त्री [दे] कुटीर, झोंपड़ा, (दे ७, ६८)।

वाणुंजुअ पु [दे] वणिक्, वैश्य, "एसो हला नअरजो तोसइ वाणुजुओ कावि" (उप ७२८ टी)।

वात देखो वाय=वात, (ठा १, ४—पत्र ८६)।

वातिक } देखो वाइअ=वातिक; (पण्ह १, २—पत्र ६४; वातिय } भोघ ७२२)।

वाद देखो वाय=वाद, (राज)।

वादि देखो वाइ=वादिन्; (उवा)।

वानर देखो वाणर; (विपा १, २—पत्र ३६, विसे ८६३; सुपा ६१८), "पुव्वभववानराणि व ताइं विलसंति सिच्छाए" (धर्मवि १३१)।

वापंक देखो वावंक। वापंकइ, (षड्)।

वापिद (शौ) देखो वावड=व्यापृत, (नाट—वेणी ६७)

वावाहा स्त्री [व्याबाधा] विशेष पीडा; (णाया १, ४; चेइय ३५५)।

वाम सक [वमय्] वमन कराना। वामेइ, वामेज्ज (भग; पिंड ६४६)। संकृ—वामेत्ता, (भग; उवा)।

वाम वि [दे] १ मृत, (दे ७, ४७)। २ आक्रान्त, (षड्)।

वाम वि [वाम] १ सव्य, बाँया; (ठा ४, २—पत्र ३१६; कुमा; सुर ४, ५; गउड)। २ प्रतिकूल, अननुकूल; (पाअ; पण्ह १, २—पत्र २८; गउड ८८०; ६६४; कुमा)। ३ सुन्दर, मनोहर; "वामलोअणा" (पाअ)। ४ न. सव्य पक्ष; "वामत्थो" (पउम ५५, ३१)। ५ बाँया शरीर; (गा ३०३)। °लोअणा स्त्री [°लोचना] सुन्दर नेत्र वाली स्त्री, रमणी, (पाअ)। °लोकवादि, °लोगवादि पुं [°लोकवादिन्] दार्शनिक-विशेष, जगत् को असद् मानने वाले मत का प्रतिपादक दार्शनिक, (पण्ह १, २—पत्र २८)। °वट्ट वि [°वर्त] प्रतिकूल आचरण करने वाला; (बृह १)। °ावत्त वि [°ावर्त] वही अर्थ; (ठा ४, २—पत्र २१६)।

वाम पु [व्याम] परिमाण-विशेष, नीचे फैलाए हुए दोनों हाथों के बीच का अन्तराल, (पव २१२; औप)।

वामण पुन [वामन] १ संस्थान विशेष, शरीर का एक तरह का आकार, जिसमें हाथ, पैर आदि अवयव छोटे हों और छाती, पेट आदि पूर्ण या उन्नत हों वह शरीर; (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४६; कम्म १, ४०)। २ वि. उक्त आकार के शरीर वाला, ह्रस्व, खर्व, (पव ११०, से २, ६, पाअ), स्त्री—°णी, (औप, णाया १, १—पत्र ३७)। ३ पु. श्रीकृष्ण का एक अवतार, (से २, ६)। ४ देव-विशेष, एक यक्ष-देवता; (सिरि ६६७)। ५ न कर्म-विशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो वह कर्म; (कम्म १, ४ °थली स्त्री [°स्थली] देश-विशेष, (ती १५)।

वामणिअ वि [दे] नष्ट वस्तु—पलायित—को लिखित करने वाला, (दे ७, ५९)।

वामणिआ स्त्री [दे] दीर्घ काष्ठ की बाड; (दे ७, ५८

वामद्दण न [व्यामर्दन] एक तरह का व्यायाम, हाथ अंगों का एक दूसरे से माड़ना; (णाया १, १—पत्र कप्प, औप)।

वामरि पुं [दे] सिंह, मृगेन्द्र, (दे ७, ५६)।

वामलूर पु [वामलूर] वल्मीक; (पाअ; गउड)।

वामा स्त्री [वामा] भगवान् पार्श्वनाथजी की माता का (सम १५१)।

वामिस्स देखो वामीस; (पउम ९३, ३९)।

वामी स्त्री [दे] स्त्री, महिला, (दे ७, ५३)।

वामीस वि [व्यामिश्र] मिश्रित, युक्त, सहित, (पउम ४; वउ ४४)।

वामीसिय वि [व्यामिश्रित] ऊपर देखो; (भवि)।

वामुत्तय वि [व्यामुक्तक] १ परिहित, पहना हुआ, प्रलम्बित, लटका हुआ; (औप)।

वामूढ वि [व्यामूढ] विमूढ, भ्रान्त; (सुर ८, ११६; ११, १४३; सुपा ७०)।

वामोह पुं [व्यामोह] मूढता, भ्रान्ति; (उप पृ ३३६, सुर ९५, भवि)।

वामोहण वि [व्यामोहन] भ्रान्ति-जनक; (भवि)।

वाय सक [वाचय्] १ पढना। २ पढाना। वाएइ, वाएमि (कुप्र ११९), "सावक्का सुयजणणी पासत्था गहिय वायए ते" (धर्मवि ४७), "सुत्तं वाए उवज्झाओ" (सबोध ११)। वकृ—वायंत; (सुपा २२३)। संकृ—वाइऊण, (कुप्र ११९)। कृ—वायणिज्ज, (ठा ३, ४)।

वाय सक [वा] बहना, गति करना, चलना। वायति, (सू ५, २)। वकृ—वायंत; (पिंड ८२, सुर ३, ४०; सुपा ४५०; दस ५, १, ८)।

वाय अक [वै, म्लै] सूखना। वाअइ; (षड्वि ३६, प्राप्र)। वकृ—वायंत; (गउड ११६५)।

वाय सक [वादय्] बजाना। वकृ—वायंत, वायमाण (सुपा २९३, ४३२)। कृ—वाइयव्व, (स ३१४)

वाय वि [वान] शुष्क, सूखा, म्लान, (गउड, से ५, ५ पाअ, प्राप्र, कुमा)।

वायग पुं [वाचक] १ अभिधायक, अभिधा-वृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द, (सम्मत्त १४१)। २ उपाध्याय, सूत्र पाठक मुनि; (गच्छ ३; संबोध १४, सार्ध १८७)। ३ पूर्व-ग्रन्थों का जानकार मुनि; (पण्ण १—पत्र ४; सम्मत्त १४१; पचा ६, ४४)। ४ एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थ सूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी, (पचा ६, ४५)। ५ वि. कथक, कहने वाला; ६ पढ़ाने वाला; (गच्छ ५)।

वायग वि [वादक] बजाने वाला; (कुप्र ६; महा)।

वायग पुं [वायक] तन्तुवाय, जुलाहा, (दे ६, ६६)।

वायड पु [दे] एक श्रेष्ठि-वंश; (कुप्र १४३)।

वायड वि [व्याकृत] स्पष्ट, प्रकट अर्थ वाला, (दसनि ७)। देखो वागरिय।

वायडघड पु [दे] वाद्य-विशेष, दर्दुर-नामक बाजा, (दे ७, ६१)।

वायडाग पु [दे] सर्प की एक जाति, (पण्ण १—पत्र ५१)।

वायण न [वाचन] देखो वायणा, (नाट—रत्ना १०)।

वायण न [वादन] १ बजाना; (सुपा १६; २६३; कुप्र ४१; महा, कप्पू)। २ वि. बजाने वाला, (दे ७, ६१ टी)।

वायण न [दे] भोज्योपायन, खाद्य पदार्थ का बाँटा जाता उपहार, (दे ७, ५७; पाअ)।

वायणया } स्त्री [वाचना] १ पठन, गुरु-समीपे अध्ययन, वायणा } (उत्त २६, १)। २ अध्यापन, पढ़ाना, (सम १०६; उव)। ३ व्याख्यान, (पव ६४)। ४ सूत्र-पाठ, (कप्प)।

वायणिअ वि [वाचनिक] वचन-संबन्धी; (नाट—विक ३५)।

वायय देखो वायग=वायक; (दे ६, २८)।

वायरण देखो वागरण, (हे १, २६८, कुमा, भवि, षड्)।

वायल वि [वायल] वायु रोग वाला, वात रोगी, (विपा १, १—पत्र ५)।

°वायव देखो पायव, (से ७, ६७)।

वायव्व पु [वायव्य] १ वायुदेवता-सम्बन्धी, "वाउव-वायव्वाइ पउवियाइं कमेण सत्थाइं" (सुर ८, ४५, महा)। २ न. गौ के खुर से उठी हुई रज, "वायव्वपडागपडाया" (कुमा)।

वायव्वा स्त्री [वायव्या] पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा, वायव्य कोण; (ठा १०—पत्र ४७८, सुर ३, २६७)।

वायस पु [वायस] १ काक, कौआ, (उप, ...। हे ४, ३६३)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि का इधर-उधर घुमाना, (...)। °परिमंडल न [°परिमण्डल] विद्या-विशेष, ... स्वर और स्थान आदि से शुभाशुभ फल बताने वाला शास्त्र (सूअ २, २, २७)।

वाया स्त्री [वाच्] १ वचन, वाणी; (पाअ; प्रासू ६, ... स ४६२; से १, ३७; गा ३२; ४०६)। २ इन्द्र अधिष्ठायिका देवी, सरस्वती, (श्रा २३)। ३ ... नाम, (गउड ८०१)। देखो वइ=वाच्।

वायाड पुं [दे. वाचाट] शुक, तोता; (दे ७, ५६)।

वायाड वि [वाचाट] वाचाल, बकवादी; (सुपा ... चेइय ११७; धर्मवि २)।

वायाम पुं [व्यायाम] कसरत, शारीरिक श्रम, (... पत्र १२; पाया १, १—पत्र १६; कप्प, औप, ...)।

वायाम सक [व्यायामय्] कसरत करना, शारीरिक श्रम करना। वकृ—"बुद्धू वि वायामेंतो खाव न केइ गुणं" (उत्र)।

वायायण पुन [वातायन] १ गवाक्ष; (पउम ... स २४१, पाअ, महा)। २ पु. राम का एक सैनिक, (... ६७, १०)।

वायार पु [दे] शिशिर-वात, गुजराती में 'वायरो' (... ५६)।

वायाल वि [वाचाल] मुखर, बकवादी, (श्रा ११; सुपा ११३)।

°वायाल देखो पायाल; (से ६, ३७)।

वायाविअ वि [वादित] बजवाया हुआ, (स ३१... १२६)।

वायु देखो वाउ=वायु; (सुज्ज १०, १३; कुमा, ...)।

वार सक [वारय्] रोकना, निषेध करना। ... महा)। वकृ—वारंत; (सुपा १८३)। ... वारिज्जंत, (काप्र १६१, महा)। हेकृ— (सूअ १, ३, २, ७)। कृ—वारियव्व, वा... (सुपा ५५३; २७२)।

वार पु [दे. वार] चषक, पान-पात्र; (दे ७, ५४)।

वार पु [वार] १ समूह, यूथ; (सुपा ३१४; सुर ...

र्थं ४६; कुमा; सम्मत्त १४५)। २ अवसर, वेला, दफा; (हा ६२८; सुपा १६०, भवि)। ३ सूर्य आदि ग्रह से अधिकृत दिन, जैसे रविवार, सोमवार आदि, (सा २६१)। ४ सातवीं नरक का एक नरकस्थान, (ठा ६ —पत्र ३६५)। ५ वारी, परिपाटी, (उर ६४८ टी)। ६ कुम्भ, घड़ा, (दस ५, १, ४५)। ७ वृक्ष-विशेष, ८ न. फल-विशेष, (पण्ण १७—पत्र ५३१)। °जुवइ स्त्री [°युवति] वारांगना, वेश्या, (कुमा)। °जोव्वणी स्त्री [°यौवना] वही अर्थ; (प्राकृ १४)। °तरुणी स्त्री [°तरुणी] वही; (सुपा)। °वहू स्त्री [°वधू] वही अर्थ; (कुप्र १४३)। °विलया स्त्री [°वनिता] वही पूर्वोक्त अर्थ; (कुमा, सुपा ७८; २००)। °विलासिणी स्त्री [°विलासिनी] वही; (कुमा; सुपा २००)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] वही अर्थ; (सुपा ७६)।

वार न [द्वार] दरवाजा, (प्राकृ २६; कुमा; गा ८८०)। °वई स्त्री [°वती] द्वारका नगरी; (कुप्र ६३)। °वाल पुं [°पाल] दरवान, प्रतीहार; (कुमा)।

वारंत देखो वार=वारय्।

वारंवार न [वारंवार] फिर फिर, (से ६, ३२; गा २६४)।

वारग पुं [वारक] १ वारी, क्रम; (उर ६४८ टी)। २ छोटा घड़ा, लघु कलश, (पिंड २७८)। ३ वि. निवारक, निषेधक; (कुप्र २६; धर्मवि १३२)।

वारड्डिय न [दे] रक्त वस्त्र, लाल कपड़ा; (गच्छ २, ४६)।

वारड्ड वि [दे] अभिलषित; (षड्)।

वारण न [वारण] १ निषेध, प्रतिषेध, निवारण; (कुमा; श्रा ४४८)। २ छत्र, छाता; " वारणवरचामरेहिं नज्जति कुई महाहुड्डा " (सिरि १०२३)। ३ वि. रोकने वाला, निवारक; (कुप्र ३१२)। ४ पुं. हाथी; (पाअ; कुमा; कुप्र ३१२)। ५ छन्द का एक भेद, (पिंग)।

वारण देखो वायरण, (हे १, २६८, कुमा; षड्)।

वारणा स्त्री [वारणा] निवारण, प्रतिषेध, (बृह १)।

वारत्त पुं [वारत्त] १ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। २ एक ऋषि, (उत्त)। ३ एक अमात्य, ४ न एक नगर, (धम्म ६ टी)।

वारत्ताण पुं [वारत्राण] कञ्चुक, बख्तर, (पाअ)।

वारय देखो वारग, (सम ... १६ —पत्र १६६, उप पृ ३४७, दस ...)।

वारसिआ स्त्री [दे] नवमल्लिका, पुष्प-विशेष; (दे ७, ६०)।

वारसिय देखो वारिसिय; "वारसियमज्झगायं" (सुपा ७१)।

वारा स्त्री [वारा] १ देरी, विलम्ब; "मज्झो क्खिमव कज्जं जं तुमणा एत्तिया वारा" (सुपा ४६६)। २ वेला, दफा; "ता पुच्छेवि निग्गमइ वारमा दुन्नि तिन्नि वा जाव" (सट्ठि ६ टी)।

वाराणसी देखो वाणारसी; (अन्त; ति ३६४)।

वारावय वि [वारित] जिसका निवारण कराया गया हो वह; (कुप्र १४०)।

वाराह पुं [वाराह] १ पाँचवें बलदेव का पूर्वभवीय नाम; (सम १५३)। २ न. शूकर के सदृश; (उप)।

वाराही स्त्री [वाराही] १ विद्या-विशेष; (पउम ७, १४१)। २ वराहमिहिर का बनाया हुआ एक ज्योतिष-ग्रन्थ, वराह-संहिता; (सम्मत्त १२१)।

वारि न [वारि] १ पानी, जल; (पाअ; कुमा; सुर)। २ स्त्री. हाथी को बाँधने का स्थान; "वारी करिधरणट्ठाणं" (पाअ; स २७२; ६७८)। °भद्दग पुं [°भद्रक] भिक्षुक की एक जाति, शैवलाशी भिक्षुक; (सुमनि ६०)। °मय वि [°मय] पानी का बना हुआ; स्त्री—°ई; (हे १, ४; पि ७०)। °मुअ पुं [°मुच्] मेघ, जलधर; (षड्)। °य पुं [°द] पानी देने वाला मेघ; (स ७४१)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र, सागर; (सम्मत्त १६०)। °वाह पुं [°वाह] मेघ, अभ्र; (उप २६४ टी)। °सेण पुं [°षेण] १ एक अन्तकृद् महर्षि जो राजा वसुदेव के पुत्र थे, और जिन्होंने भगवान् अरिष्टनेमि के पास दीक्षा ली थी; (अन्त १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे; (अनु १)। ३ ऐरवत वर्ष में उत्पन्न चौबीसवें जिनदेव; (सम १५३)। ४ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा; (पव ५६; महा)। °सेणा स्त्री [°षेणा] १ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा; (ठा ४, २—पत्र २३०)। २ अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३७; इक २३१ टि)। ३ एक महा-नदी, (ठा ५, ३—पत्र ३५१; इक)। ४ ऊर्ध्वलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी, (इक २३२)। °हर पुं [°धर] मेघ, (गउड)।

वारिअ पुं [दे] हजाम, नापित; (दे ७, ५७)।

वारिअ वि [वारित] १ निवारित, प्रतिषिद्ध (पाअ, से २, २३)। २ वेष्टित, (से २, २३)।

वायायय देखो वायायग, (स ७५०)।
वावरर सक [व्या + पारय्] काम में लगाना। वकृ— वावारेंत, (गउड २४४)। कृ—वावारियव्व, (सुपा १६२)।
वावार पु [व्यापार] व्यवसाय, (ठा ३, १ टी—पत्र ११४, प्रासू ६१, १२१, नाट—विक्र १७)।
वावारण न [व्यापारण] कार्य में लगाना; (विसे ३०७१; उप पृ ७१)।
वावारि वि [व्यापारिन्] व्यापार वाला; (से १४, ६६; हम्मीर १३)।
वावारिद (शौ) वि [व्यापारित] कार्य में लगाया हुआ; (नाट—शकु १२०)।
वावि अ [वापि] १ अथवा, या; (पव ६७)। २ स्त्री. देखो वावी, (पण्ह १, १— पत्र ८)।
वावि वि [व्यापिन्] व्यापक; (विसे ३१६; श्रा २८४; धर्मसं ३२५)।
वाविअ वि [दे] विस्तारित; (दे ७, ५७)।
वाविअ वि [वापित] १ प्रापित, प्राप्त करवाया हुआ; (से ६, ६३)। २ बोया हुआ, गुजराती में 'वावेलु'; "जं भासी पुव्वभवे धम्मबीयं वाविय तए जीव" (आत्महि ८; दे ७, ८६)।
वाविअ वि [व्याप्त] भरा हुआ; (कुमा ६, ६५)।
वावित्त वि [व्यावृत्त] व्यावृत्ति वाला, निवृत्त, (धर्मसं ३३१)।
वावित्ति स्त्री [व्यावृत्ति] व्यावर्तन, निवृत्ति; (धर्मसं १०५)।
वाविद्ध देखो वाइद्ध=व्यादिग्ध, व्याविद्ध; (ठा ५, ३—पत्र ३१३)।
वाविर देखो वावर। वाविरइ, (षड्)।
वावी स्त्री [वापी] चतुष्कोण जलाशय-विशेष, (औप, गउड; प्रामा)।
वावुड } (शौ) देखो वावड=व्यापृत; (नाट—मृच्छ
वावुद } २०१; पि २१८; चारु ६)।
वावोवणर न [दे] विकीर्ण, बिखरा हुआ, (दे ७, ६६)।
वासू (अप) स्त्री [वासू] नाटक की भाषा में बाला; (मृच्छ २०)।
वास देखो वरिस=वृष्। वासति, (भग)। भूका—वासिंसु, (कप्प)। कृ—वासिउं, (ठा ३, ३—पत्र १६१; पि ६३; ५७७)।

वास सक [वाश्] १ तिर्यंचों का—पशु पक्षियों ... २ आह्वान करना। "कोरगुमम्मि वासइ ... पवहइ" (पउम ६६, ३१), वासइ, वास... २३३)। वकृ—वासंत; (कुप्र २२३; ...
वास सक [वासय्] १ संस्कार डालना। ... करना। २ वास करवाना। वासइ; (भवि) वासंत, वासयंत; (औप; कप्प)। कृ—व... (विसे १६७७; धर्मसं ३३६)।
वास देखो वरिस=वर्ष, (सम २, कप्प, जी ३५; भग ३, ६; सम ११; हे १, ४३; २, १०५, ... ६७)। °त्ताण न [°त्राण] छत्र, छाता, (ओघ ३०)। °धर, °हर पु [°धर] पर्वत-वि... ७४; २४३; ठा २, ३; सम ११, ६६)।
वास पु [वास] १ निवास, रहना; (आचा, कुमा; प्रासू ३८)। २ सुगन्ध; (कुमा, भवि) सुगन्धी द्रव्य-विशेष, (गउड)। ४ सुगन्धी ... "पयवसत्तासाणं विहियं ताणाउ तिदसेहिं" (सुपा ... २)। ५ द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (कप्प ४४)। °घर न [°गृह] शयन-गृह; (आचा २, पत्र २०१)। °भवण न [°भवन] वही अर्थ; (°रेणु पुं [°रेणु] सुगन्धी रज, (औप)। °हर ... ह] वही, (सुर ६, २७; सुपा ३१२; भवि)।
वास पुं [व्यास] १ ऋषि-विशेष, पुराण-कर्ता एक ... १, ५; कप्पू)। २ विस्तार, (भग २, ८ टी)।
वास न [वासस्] वस्त्र, कपड़ा; (पाअ, वज्जा १६३)।
°वास देखो पास=पाश; (गउड)।
°वास देखो पास=पार्श्व; (प्राकृ ३०, गउड)।
वासंग पु [व्यासङ्ग] आसक्ति, तत्परता, "तइ ... दुद्धा विसं व मोत्तुण विसयवासंगं" (उप १३१ टी, ... उप पृ १२७)।
वासंठ } (अप) पु [वसन्त] छन्द का एक ...
वासंत } (पिंग १६३; १६३ टि)।
वासंत पु [वर्षान्त] वर्षा-काल का अन्त-भाग, ४८८)।
वासंतिअ वि [वासन्तिक] वसन्त-सम्बन्धी, (...)।
वासंन्तिअ° } स्त्री [वासन्तिका, °न्ती] ...
वासंतिआ } (औप, कप्प, कुमा, पण्ण १—पत्र ३...
वासती } १, ६—पत्र १६०, पण्ह १, ४—...

विअंभ वि [विस्रम्भ] निष्कपट, सत्य, "मयापवं वियंभमुद्दत्त" (स ६६०)।
विअंभण न [विजृम्भण] १ जँभाई, जम्हाई, (स ३३६; सुपा १४६)। २ विकास, ३ उत्पत्ति, (भवि; माल ८४)।
विअंभिअ वि [विजृम्भित] १ प्रकाशित; (गा ५६४)। २ उत्पन्न, (माल ८६)। ३ न जँभाई; (गा ३६२)।
विअंसण वि [विवसन] वस्त्र-रहित, नग्न; (प्राकृ ३२)।
विअंसय पु [दे] व्याध, बहेलिया; (दे ७, ७२)।
विअक्क सक [वि+तर्कय्] विचारना, विमर्श करना, मीमांसा करना। वकृ—वियक्कंत, वियक्कमाण; (सुपा १६४, उप ३१० टी)।
विअक्क पुंस्त्री [वितर्क] विमर्श, मीमांसा; (औप; सम्मत्त १४१), स्त्री—°क्का, (सुअ १, १२, २१; पउम ६३, ६)।
विअक्किअ वि [वितर्कित] विमर्शित, विचारित, (सण)।
विअक्ख सक [वि+ईक्ष्] देखना। वकृ—वियक्खमाण, (ओघभा १८८)।
विअक्खण वि [विचक्षण] विद्वान्, पण्डित, दक्ष, (महा, प्रासू ४१; भवि; नाट—वेणी २४)।
विअग्ग वि [व्यग्र] व्याकुल; (प्राकृ २१)।
विअग्घ देखो वग्घ=व्याघ्र; "—महिसविं(?विय)ग्घच्छलदीविया—" (पण्ह १, १—पत्र ७; पि १३४)।
विअग्घ पुं [वैयाघ्र] व्याघ्र-शिशु; (पण्ह १, १—पत्र १८)।
विअज्जास देखो विवज्जास; (नाट—मृच्छ ३२६)।
विअट्ट सक [विसं+वद्] अप्रमाणित करना, असत्य साबित करना। विअट्टइ; (हे ४, १२६)।
विअट्ट अक [वि+वृत्] विचरना, विहरना। वकृ—"गिम्हसमयंसि पत्ते वियट्टमाणे(सु?) वणेसु वणकरेणुविविहदिण्णकयपसुघाओ तुम" (णाया १, १—पत्र ६६)।
विअट्ट वि [विवृत्त] निवृत्त, व्यावृत्त, "विअट्टछउमेणं जिणेणं" (सम १; भग, कप्प, औप; पडि)। °भोइ वि [°भोजिन्] प्रतिदिन भोजन करने वाला, (भग)।
विअट्ट पु [विवर्त] प्रपञ्च, (स १७८)।
विअट्ट } वि [विसंवदित] सवाद-रहित, अप्रमाणित,
विअट्टिअ } "विअट्ट विसंवइअं" (पाअ, कुमा ६, ८८)।
विअट्ठ वि [विकृष्ट] १ दूर स्थित, २ क्रिवि. दूर, (णाया १, १ टी—पत्र १)।
विअड सक [वि+कटय्] १ प्रकट करना। आलोचना करना। वियडइ, (ठा १० टी—पत्र ...)। वकृ—वियडिज्जंत, (गउ)।
विअड वि [व्यर्द] लज्जित, लज्जा-युक्त, (णाया १, ... पत्र १४३)।
विअड वि [विवृत] खुला हुआ, अनावृत, (ठा ३ ... पत्र १२१; ५, २—पत्र ३१२)। °गिह न [...] चारों तरफ खुला घर, स्थान-मण्डपिका, (कप्प; ...)। °जाण न [°यान] खुला वाहन, ... (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।
विअड न [दे] १ प्रासुक जल, जीव-रहित पानी; (... ७, ३१; ठा ३, ३—पत्र १३८; ५, २—पत्र ३१... ३९; उत्त २, ४; कप्प)। २ मद्य, दारू; (पिंड ... ३ प्रासुक आहार, निर्दोष आहार; "ज किंचि पावगं ... मउल्लं वियडं भुंजित्था" (आचा १, ६, ... "वियडग भोत्ता" (कप्प)।
विअड वि [विकृत] विकार-प्राप्त, (आचा, ... कम, पि २१६)।
विअड वि [विकट] १ प्रकट, खुला; (सुअ १, ... २२, पंचा १०, १८; पव १६३)। २ विशाल, ... "—मक्कोसायंतरडमरगंभीरवियडनाभे" (उवा, औप, ... गउड)। ३ सुन्दर, मनोहर, (गउड)। ४ ... (सुअ २, २, १८)। ५ पुं. एक ज्योतिष्क महाग्रह, (... २, ३—पत्र ७८, सुज २०)। ६ एक ... (पउम १०, २०)। °भोइ वि [°भोजिन्] ... भोजन करने वाला, दिन में ही भोजन करने वाला; (... °वइ, °वाइ पु [°पातिन्] पर्वत-विशेष, (ठा ४, ... पत्र २२३; इक, ठा २, ३—पत्र ६६; ८०)।
विअड अक [विकटय्] विस्तीर्ण होना। वियडइ, (... ११६८)।
विअडण स्त्रीन [विकटन] १ अतिचारों की आलोचना, ... स्वाभिप्राय-निवेदन; (पचा २, २७), स्त्री—°णा, (... ६१३; ७६१; पिंडभा ४१; श्रावक ३७६, पंचा १६, ...)।
विअडी स्त्री [वितटी] १ खराब किनारा; २ ... (णाया, १ १—पत्र ६३)।
विअड्डि स्त्री [वितर्दि] वेदिका, हवन-स्थान, ... २, ३६, कुमा, प्राप्र)।

विअसर वि [विकस्वर] विकसने वाला, प्रफुल्ल, (पड्) ।

विअसि } वि [विकासिन्] आर देखा. (पि ४०४; सुपा ४०२; ६) ।
विअसिल्ल

विआह पु [विवाह] १ ब्याह, परिणयन, शादी, (गा ४७६, नाट—मालती ६)। २ विविध प्रवाह, ३ विशिष्ट प्रवाह, ४ वि. विशिष्ट सतान वाला; (भग १, १ टी)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, (भग १, १ टी)।

विआह वि [विबाध] बाध-रहित, (भग १, १ टी)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, (भग १, १ टी)।

विआहि स्त्री [व्याख्या] १ विशद रूप से अर्थ का प्रतिपादन; २ वृत्ति, विवरण। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, (भग १, १ टी)।

विआहिअ वि [व्याख्यात] १ जिसकी व्याख्या की गई हो वह, वर्णित, (आ २२)। २ उक्त, कथित, "स एव भव्वसत्ताण चक्खुभूए विआहिए" (गच्छ १, २६; भग)।

विइ स्त्री [वृति] रज्जु-बन्धन, (औप)। देखो वइ=वृति।

विइअ वि [विदित] ज्ञात, जाना हुआ; (पाअ, पिड ८२, सबोध ४६; स १६२, महा)।

विइइन्न देखो विइकिण्ण, (भग १, १ टी—पत्र ३७)।

विइंचिअ वि [विविक्त] विनाशित, (स १३६)।

विइंत सक [वि+कृत्] काटना, छेदना। विइंतइ, (आचा १, १४ टी—पत्र १८७)।

विइंत देखो विचिंत। वकृ—विइंतंत, (गउड ६७८)।

विइकिण्ण वि [व्यतिकीर्ण] व्याप्त, फैला हुआ; (भग १, १—पत्र ३६)।

विइक्कंत वि [व्यतिक्रान्त] व्यतीत, गुजरा हुआ; (ठा ६—पत्र ४४६; उवा, कप्प)।

विइगिंछा } देखो वितिगिंछा; (आचा, कस; उवा)।
विइगिच्छा

विइगिट्ठ वि [व्यतिकृष्ट] दूर-स्थित, विप्रकृष्ट; (वृह १)।

विइगिण्ण देखो विइकिण्ण, (कस)।

विइज्जंत देखो वीअ=वीजय्।

विइज्जंत देखो विकिर।

विइण्ण वि [विकीर्ण] १ विखरा हुआ; "विइण्णकेसा" (उवा)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ, (स १०, २)। देखो विकिण्ण, विकिन्न।

विइण्ण वि [वितीर्ण] दिया हुआ, अर्पित, (... ६१०, से ८, ६६; १०, ३, है ४, ४४४; ...)।

विइण्ह वि [वितृष्ण] तृष्णा-रहित, निस्पृह, (... प्राप्र, गा ६३; १७१)।

विइत्त देखो विचित्त, (गउड; स ३३६, ...)।

विइत्त देखो विचित्त; (स ७४०)।

विइत्ता } देखो विअ=विद्।
विइत्ताणं

विइत्तिद (शौ) देखो विचित्तिय, (स्वप्न ३६)।

विइत्तु देखो विअ=विद्।

विइन्न देखो विइण्ण=वितीर्ण, (सुर ४, ११)।

विइमिस्स वि [व्यतिमिश्र] मिश्रित, मिला (आचा)।

विउ वि [विद्, विद्वस्] विद्वान्, पण्डित, जानकार, (१, १६; उत ७६८ टी; सुर १, १३६; सुम १, ... देखा)। °पगड स्त्री [°प्रकृत] १ विद्वान् द्वारा ... २ विद्वान् ने किया हुआ, (भग ... १० टी—पत्र ... १८, ७—पत्र ७४०)।

विउअ वि [वियुत] वियुक्त, रहित, "इत्थ ... दुक्ख-विउत्ता न पावइ नत्थि" (सम्म ११)।

विउअ वि [विवृत] १ विस्तृत, २ व्याख्यात (... १३१)।

विउअ (मग) देखो विओअ=वियोग, (हे ४, ४३६)।

विउंचिआ स्त्री [दे. विचर्चिका] रोग-विशेष, ... का एक भेद, "कवि विउचिअपामासमन्निआ ... (सिरि ११७)।

विउंज सक [वि+युज्] विशेष रूप से जोड़ना। (सुम २, २, ३१)।

विउक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति] उत्पत्ति, "... चयमाणे" (भग १, ७)।

विउक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति, व्यवक्रान्ति] ... (भग १, ७)।

विउक्कम सक [व्युत्+क्रम्] १ परित्याग करना, उल्लङ्घन करना। ३ अक. च्युत होना, नष्ट होना, ४ उत्पन्न होना। विउक्कमति, (भग; ठा ६, ... १४१)। संकृ—विउक्कम्म, (सुम १, १, ... १४, आचा १, ८, १, २)।

उक्किरयसि" (सुपा १८७), "कयविक्किय-कामो देतुत्र" (सम्मत्त १०४)।

विक्किरिया स्त्री [विक्रिया] विकृति, विकार; "ताए नयणाइएहिं विक्किरियं कुणइ" (सुपा ५१४)। देखो विकिरिया।

विक्कीय देखो विक्किय=विक्रीत, (सुर ६, १६६, सुपा ३८६)।

विक्के सक [वि+क्री] बेचना। विक्केइ, विक्केमइ, (हे ४, ५२, प्राप्र; धात्वा १५२)। कृ—विक्केज्ज; (दे ६, ६०; ७, ६६)।

विक्केणुअ वि [दे] विक्रेय, बेचने योग्य, (दे ७, ६६)।

विक्कोण पुं [विकोण] विकूणन, घृणा से मुँह सिकुड़ना; (दे ३, २८)।

विक्कोस सक [वि+क्रुश्] चिल्लाना। विक्कोश (मा); (मृच्छ २७)।

विक्खंभ पुं [दे] १ स्थान, जगह, (दे ७, ८८)। २ अंतराल, बीच का भाग, (दे ७, ८८; से ६, ५७)। ३ विवर, छिद्र; (से ३, १४)।

विक्खंभ पु [विष्कम्भ] १ विस्तार; (पण्ण १—पत्त ५१; ठा ४, २—पत्त २२६; वे ७, ८८; पाम)। २ चौड़ाई; "जंबुद्दीवे दीवे एगं जोयणसहस्सं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ते" (सम २)। ३ बाहल्य, स्थूलता, मोटाई; (सुअ १, १—पत्त ७)। ४ प्रतिबन्ध, निरोध, (सम्यक्त्वो ८)। ५ नाटक का एक अंग, (कप्पू)। ६ द्वार के दोनों तर्फ के खम्भों के बीच का अन्तर; (ठा ४, २—पत्त २२५)।

विक्खंभिअ वि [विष्कम्भित] निरुद्ध, रोका हुआ; (सम्यक्त्वो ८)।

विक्खण न [दे] कार्य, काम, काज; (दे ७, ६४)।

विक्खय वि [विक्षत] व्रण-युक्त, कृत-व्रण, (भग ७, ६—पत्त ३०७)।

विक्खर सक [वि + कृ] १ छितरना, तितर-बितर करना। २ फैलाना। ३ इधर उधर फेंकना। विक्खरइ; (कप्पू), विक्खेरवा; (उवा १०० टि)। कवकृ—विक्खरिज्जमाण; (राज)।

विक्खरण न [विक्षरण] १ विनाश; २ वि. विनाशक; "कज्जं मणुयभविक्खरविविक्खरणं" (सुपा ४७)।

विक्खाइ स्त्री [विख्याति] प्रसिद्धि, (भवि)।

विक्खाय वि [विख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत, (पउ ७६, रंभा, महा)।

विक्खास वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित, (दे ७, ६

विक्खिण्ण वि [दे] १ आयत, लम्बा; २ मर्कट; अन्न; (दे ७, ८८)।

विक्खिण्ण देखो विकिण्ण, (कप्प)।

विक्खित्त वि [विक्षिप्त] १ फेंका हुआ, (पउम, गउड)। २ भ्रान्त, पागल, "पडुनरिंदउवक्के देवे (उप ७२८ टी; र १, १३३; महा)।

विक्खिर देखो विक्खर। विक्खिरिज्जा, (उप)।

विक्खिरिअ वि [विकीर्ण] बिखरा हुआ, फैला हुआ, फें हुआ; (सुर ५, २०६; सुपा २६८; गउड)।

विक्खिव सक [वि + क्षिप्] १ दूर करना। २ फें फेंकना। विक्खिवइ; (महा)।

विक्खिवण न [विक्षेपण] १ दूरीकरण; २ फें (पव ६४)।

विक्खेव पु [विक्षेप] १ क्षोभ, "छोदो विक्खेवो" (२ उचाट, ग्लानि, खेद; (से ५, ३)। ३ ऊँचा फें ऊर्ध्व-क्षेपण; (ओघभा १६३)। ४ फेंकना, क्षेप, (५८२)। ५ शृंगार-विशेष, मनका से किया हुआ (पण्ह २, ४—पत्त १३२)। ६ चित-भ्रम; (७ विलम्ब, देरी; (स ७३५)। ८ सैन्य, लश्कर; (५७३)।

विक्खेवणी स्त्री [विक्षेपणी] कथा का एक भेद, (२—पत्त २१०)।

विक्खेविया स्त्री [विक्षेपिका] व्याक्षेप, विक्षेप, (६)।

विक्खोड सक [दे] निन्दा करना, गुजराती में 'वखो विक्खोडइ, (सिरि ८२५)।

विक्खडिय वि [विखण्डित] खण्डित किया हुआ, (३३, ६३)।

विग देखो विअ=वृक; (पण्ह १, १—पत्त ७; वव १, १—पत्त ६६)।

विगइ स्त्री [विकृति] १ विकार-जनक घृत आदि (पाया १, ८—पत्त १३३; उप, सु ७३; श्रा २०) विकार; (उत्त ३२, १०१)।

विगइ स्त्री [विगति] विनाश; (विसे २१४६)।

विगइंगाल वि [विगताङ्गार] राग-रहित, (ओघ ५४

गच्छ वि [विगतेच्छ] इच्छा-रहित, निःस्पृह; (उप ३० टी; ६९३)।

चि देखो विगिंच । संकृ— विगंचिउं, विगंचिऊण; (सूअ १; संबोध ६७)।

चन देखो विगिंचण; "कह कहयं करो नहा मेड- णंकम" (संबोध ३)।

विअ देखो विइंचिअ; (ग १३६ टि)।

गच्छ सक [वि + गम्] नष्ट होना । वकृ—विगच्छंत; (कम्म १३४)।

गच्छ देखो विगह=वि+ग्रह् ।

ड देखो विगड=विकट; (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप)।

ड देखो विगड=विकृत; (ठा ३, १ टी—पत्र ११२)।

ण सक [वि + गणय्] १ निन्दा करना, २ घृणा करना । वकृ—विगणिज्जंत; (नंदु १४)।

त सक [वि + कृत्] काटना, छेदना । संकृ— विगत्तिऊणं; (सूअ १, ५, २, ८)।

त वि [विकृत] काटा हुआ, छिन्न; (पण्ह १, १—पत्र १८)।

त्तग वि [विकर्तक] काटने वाला; (सूअ २, २, २)।

त्तणा स्त्री [विकर्तना] छेदन; (उप)।

त्थय वि [विकत्थक] प्रशंसा करने वाला, आत्म- श्लाघा करने वाला; (औप)।

प्प देखो विकप्प=वि + कल्पय् । वकृ—विगप्पयंत, विगप्पमाण; (सुर ६, २२४; ३, १२४)।

प्प पुं [विकल्प] १ एक पक्ष में प्राप्ति: "वन्हो विकप्पे" (पंच ३, ४४)। २—देखो विकप्प=विकल्प; (पण्ण १, १६—पत्र २१८; सुर ३, १०२; ४, २२२; ये १२६; जो २६)।

प्पन देखो विकप्पण; (उप २२, ३३; महा)।

प्पिअ वि [विकल्पित] १ उत्प्रेक्षित, कल्पित; (उप २; ४)। २ विभक्त, विभाजित; (पव १४४)। ३ काटा हुआ, छिन्न ; "कृत्तविकप्पिअकंठं कम्बलाविकप्पिअम" (उप ८, ६६)।

म पुं [विगम] विनाश; (सुर ७, २२८; १२, १२)।

य वि [विकृत] विकार-युक्त; (पण्ण १, २—पत्र २८; ३, ८—पत्र १३३)।

विगय वि [विगत] १ नष्ट-गत, विनष्ट; (कम्म १३४; विसे ३३७७; विसे ६१०)। २ पुं. एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २६)। °धूम वि [°धूम] धूम-रहित; (ओघ ५७६)। °सोग पुं [°शोक] एक महा-ग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८), देखो वीअ-सोग । °सोगा स्त्री [°शोका] विजय-विशेष की एक नगरी; (ठा २, ३—पत्र ८०)।

विगप्प न [विकल्प] परिज्ञान, परिच्छान; (कप्प)।

विगरह सक [वि + गर्ह्] निन्दा करना । वकृ—विगरह- माण; (सूअ २, ६, १२)।

विगराल वि [विकराल] भीषण, भयंकर; (सुपा १८२; ५०५; कप्प)।

विगल सक [वि + गल्] टपकना, चूना । विगलइ; (षड्)।

विगल पुं [विकल] १ विकलेन्द्रिय—दो, तीन या चार इन्द्रिय वाला जन्तु; (कम्म ३, ११; ४, ३; १६; १८; जी ४१)। २—देखो विगल=विकल; (उव; उप पृ १८१; पंचा १४, ४७)। °देस पुं [°देश] अल्पवाक्य; (सम्म ६१)।

विगलिंदिय पुं [विकलेन्द्रिय] दो, तीन या चार इन्द्रिय वाला जन्तु; (ठा २, २; ३, १—पत्र १२१)।

विगस सक [वि + कस्] खिलना, फूलना । विगसंति; (नंदु ४३)। वकृ—विगसंत; (पाया १, १—पत्र १८)।

विगह सक [वि + ग्रह्] १ लड़ाई करना । २ व्युत्पत्ति निकालना । ३ समास आदि का समासार्थक वाक्य बनाना । संकृ—"भूमो भूमो विगज्झ सूतानि" (पंच २, ३८)।

विगह देखो विग्गह; "हालवविसजिण विगहमुक्के" (गच्छ २, २२)।

विगहा स्त्री [विकथा] शास्त्र-विरुद्ध वार्ता, स्त्री आदि की अनुपयोगी कथा; (भग; उत; सुर १४, ८८; सुपा २८३; गच्छ १, ११)।

विगाढ वि [विगाढ] १ विशेष गाढ, अतिशय निविड; (उप १०, ४ टी)। २ चारों ओर से व्याप्त; (राज)।

विगाण न [विगान] १ वस्त्रीय, लोकापवाद; (दे ३, ३)। २ विसंवादिता, विरोध; (धर्मसं २८६; चेइय ७८६)।

विगार पुं [विकार] विकृति, प्रकृति का अन्यथा परिणाम; (उप ८८६ टी; विसे १६८८)।

विच्चामेलिय वि [व्यत्याम्रेडित] १ भिन्न भिन्न ग्रंथों से मिश्रित; २ अस्थान में ही छिन्न हो कर फिर ग्रथित, तोड़ कर साँधा हुआ; (विसे ८६५)।
विच्चाय पु [वित्याग] परित्याग; "पुर्यम्मि वीयरायं भासो विप्फुरइ विसयविचाया" (संबो १८)।
विच्चि स्त्री [वीचि] तरंग, कल्लोल; (पउम १०६, ४१)।
विच्चु } देखो विंचुअ, (उर ५६३; पि ५०; पणण १—
विच्चुअ } पत्र ४६)।
विच्चुइ स्त्री [विच्युति] भ्रंश, विनाश; (विसे १८०)।
विच्चोअय न [दे] उपधान, ओसीसा; (दे ७, ६८)।
विच्छ° देखो विअ=विद् ।
विच्छड्ड सक [वि+छर्दय्] परित्याग करना। वकृ—विच्छड्डेमाण, (णाया १, १८—पत्र २३६)। संकृ—विच्छड्डइत्ता, (कप्प)।
विच्छड्ड पु [विच्छर्द] १ ऋद्धि, वैभव, संपत्ति, (पाअ; दे ७, ३२ टी; हे २, ३६; पड्)। २ विस्तार, (कुमा; सुपा १६२)।
विच्छड्ड पु [दे] १ निवह, समूह; (दे ७, ३२; गउड, से २, २, ६, ७२, गा ३८७)। २ ठाटबाट, सजधज, धामधूम; "महया विच्छड्डेणं सोहणलग्गम्मि गुरुम्मोएणं। कमलावई उ रन्ना परिणीया" (सुर १, १६६; कुप्र ५१; सम्मत्त १६३, धर्मवि ८२)।
विच्छड्डि स्त्री [विच्छर्दि] १ विशेष वमन, २ परित्याग; (प्राप्र)। ३ विस्तार, "निम्मलो केवलालोअलच्छिविच्छि-(?च्छ)ड्डिकारओ" (सिरि १०६१)।
विच्छड्डिअ वि [विच्छर्दित] १ परित्यक्त, "पामुक्कं विच्छड्डिअं मवइत्थिअं उज्झिअं चत्त" (पाअ; णाया १, १; ठा ८, औप)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ; (सूअ २, ७, २)। ३ पुञ्जीकृत, इकट्ठा किया हुआ, (से १०, ४९)। ४ विच्छादित, आच्छादित; (हम्मीर १७)।
विच्छड्डेमाण देखो विच्छड्ड=वि+छर्दय् ।
विच्छड्डिअ देखो विच्छड्डिअ; (नाट—मालती ११६)।
विच्छय वि [विक्षत] विविध तरह से पीड़ित; (सूअ १, २, ३, ५)। देखो विक्खय ।
विच्छल देखो विब्भल; (पड् ४०)।
विच्छवि वि [विच्छवि] १ विरूप आकृति वाला, कुडौल; (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। २ पु एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २८)।
विच्छाइय वि [विच्छायित] निस्तेज किया हुआ ... ११६)।
विच्छाय वि [विच्छाय] निस्तेज, कान्ति-रहित; (सुर ४, १०६; कप्पू; प्रासू ११४; महा; गउड)।
विच्छाय सक [विच्छायय्] निस्तेज करना। "... मियंकं तुसारवरिसो मणुण्णयंपि" (गउड)। वकृ—... अंत, (कप्पू)।
विच्छिअ वि [दे] १ पाटित, विदारित, २ छिंद्रित हुआ, ३ विरल; (दे ७, ६१)।
विच्छिअ देखो विंछिअ; (उत्त ३६, १४८; पि ५०; ३०१)।
विच्छिंद सक [वि+छिंदु] तोड़ना, अलग करना। ... दइ; (पि ५०६)। भवि—विच्छिंदिहिति; (पि ५... वकृ—विच्छिंदमाण, (भग ८, ३—पत्र ३६५)।
विच्छिण्ण वि [विच्छिन्न] अलग किया हुआ; (वि... २ टि—पत्र २८, नाट—मृच्छ ८६)।
विच्छित्ति स्त्री [विच्छित्ति] १ विन्यास, रचना; (... स ६१५; सुपा ५४; ८३; २६०; गउड)। २ ... (सुर ३, ७०)। ३ अंगराग, (गा ७८०)।
विच्छिन्न देखो विच्छिण्ण; (विपा १, २ टी—पत्र २...
विच्छिव सक [वि + स्पृश] विशेष रूप से स्प... कवकृ—विच्छिप्पमाण, (कप्प; औप)।
विच्छिव सक [वि+क्षिप्] फेंकना। संकृ—वि... (नाट—चैत ३८)।
विच्छु } देखो विंचुअ; (गा २३७, जी १८, ...
विच्छुअ } १४८; प्रासू १६, णाया १, ८—पत्र १...
विच्छुडिअ वि [विच्छुटित] १ बिछुड़ा हुआ, जो अ... हो, विरहित; "जइवि हु कालवसेणं ससी समुद्दाओ क... (?च्छु)डिओ" (वज्जा १५६)। २ मुक्त, (...
विच्छुरिय वि [दे] अपूर्व, अद्भुत, (पड्)।
विच्छुरिअ वि [विच्छुरित] १ खचित, जड़ा हुआ, "... चिअं विच्छुरिअयं जडिअं" (पाअ)। २ ... हुआ; (से १४, ७६)। ३ व्याप्त; (पउम २, १०... ६; २१२, सुर २, २११)।
विच्छुह सक [वि+क्षिप्] फेंकना, दूर करना। विच्छु... (से १०, ७३, गा ४२८ अ)। कृ—विच्छुहणि... १०, ५३)।

(जं ४, इक)। ३ देव-विशेष, विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत का अधिष्ठाता देव, (जं ४)। ४ मनुवेलंधर नागराज का एक भावास-पर्वत; (ठा ४, २—पत्र २२६ ; इक)। ५ उस पर्वत का निवासी देव ; (ठा ४, २—पत्र २२६)। ६ देवकुरु वर्ष में स्थित एक महाद्रह , (ठा ५, २—पत्र ३२६)। ७ न. एक विद्याधर-नगर; (इक २२६)। °मई स्त्री [°मती] एक स्त्री का नाम; (पण्ह १, ४—पत्र ८५)। °मालि पुं [°मालिन्] १ पंचशैल द्वीप का अधिपति एक यक्ष; (महा)। २ रावण का एक सुभट; (से १३, ८८)। ३ ब्रह्मदेवलोक का इन्द्र ; (राज)। °मुह पु [°मुख] १ विद्याधर-वंश का एक राजा, (पउम ५, १८)। २ एक अन्तर्द्वीप ; ३ उसका निवासी मनुष्य ; (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °मेह पु [°मेघ] १ विद्युत्प्रधान मेघ, जल-रहित मेघ, २ बिजली गिराने वाला मेघ, (भग ७, ६—पत्र ३०५)। °यार पु [°कार] बिजली करना, विद्युद्-रचना; (भग २, ८)। °लआ, °लया स्त्री [°लता] विद्युत्, बिजली, (नाट—वेणी ६६; काल)। °लेहाइद न [°लेखायित] बिजली की तरह आचरण, (कप्पू)। °विलसिअ न [°विलसित] १ छन्द-विशेष, (अजि २१)। २ बिजली का विलास, (से ४, ४०)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक रानी का नाम, (महा)।

विज्जुआ स्त्री [विद्युत्] १ बिजली, (नाट—वेणी ६६)। २ बलि-नामक इन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक २ पटरानी, "मितगा सुभद्दा विज्जुता (! या) असणी" (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ३ धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (णाया २—पत्र २५१; इक)।

विज्जुआइत्तु स्त्री [विद्युत्कर्तृ] बिजली करने वाला, (ठा ४, ४—पत्र २६८)।

विज्जुला, विज्जुलिआ, विज्जुली } देखो विज्जु=विद्युत, (हे १, १७३; षड् १६१, कुमा, प्राकृ ३६; प्राप्र; पि २४४)।

विज्जु° देखो विज्जु। °माला स्त्री [°माला] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विज्जे अ [दे] १ मार्ग से, रास्ता से; २ लिए, (भवि)।

विज्जोअ पु [विद्योत] उद्योत, प्रकाश, "जोण्हं जोविअ व्व विज्जुविज्जोअचंचलं" (हित ६)।

विज्जोइय } वि [विद्योतित] प्रकाशित, चमका हुआ, (उप पृ ३३, स ५७६)।

विज्झ सक [व्यध्] वींधना, छेद करना, भेदना। (सूअ १, ५, १, ६), विज्झइ, (गा ४४१)। विद्धूण, (सूअ १, ५, १, ६)। कृ—विज्झ, (

विज्झ अक [वि + घट्ट्] अलग होना। विज्झइ, (१५२)।

विज्झ न [दे] बीभ, पकड़ा, ठेला, "ना हत्थी ... विज्झं दाऊण उम्मग्गमुम्मग्गे" (धर्मवि ८१), "ताव वणवारणेण य विज्झाइ(?इ) नरं मयावमाणेण। कुविएण विइण्णाइं धरियं नगोदहत्थम्मि" (स ११३

विज्झ वि [विद्ध] विधा हुआ; "जइ तवि तव विज्झउ जेण ह विज्झा" (गा ९४१)।

विज्झ देखो विज्झ=व्यध् ।

विज्झडिय वि [दे] १ मिश्रित, व्याप्त, "मीउण्ह वायविज्झडिया" (भग ७, ६—पत्र ३०५; उव)।

विज्झल देखो विब्भल=विह्वल; (भग ९, ६ टी ३०८)।

विज्झव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना, दीपक आदि गुल करना, ठंढा करना। विज्झवइ; (गउड, कुप्र ३६) कर्म—विज्झविज्जइ; (गा ४०७, स ४८६)। संकृ— विज्झवेऊणं, विज्झविय; (धर्मस ६५८; स ४६ कृ—विज्झवियव्व, (पउम ७८, ३०)।

विज्झवण स्त्रीन [विध्यापन] बुझाना, उपशान्ति; ४८६; सम्मत्त १६२, कुप्र १७०); स्त्री—°णा, (१०६)।

विज्झविअ वि [विध्यापित] बुझाया हुआ, गुल किया ठंढा किया हुआ; (से ८, १६; १२, ७७; गा ३ पउम १०, ६२)।

विज्झा, विज्झाअ } अक [वि + ध्यै] बुझना, ठंढा होना, होना। विज्झाइ; (गा ४३०, हे २, २८ वकृ—विज्झाअत, (गा १०६)।

विज्झाअ, विज्झाण } वि [विध्यात] १ बुझा हुआ, उपशान्त; (१, ३१; णाया १, १—पत्र ६६; १, १४ पत्र १६०; गउड, सुपा ४४८; प्रासू १३७; पउम १८२)। २ शकुन-विशेष; "विज्झायनामधेयं सकुणं सुज्झति" (सम्यक्त्वो २१)।

विज्झाव देखो विज्झव। विज्झावेइ; (गा ८३६)।

विज्झावण देखो विज्झवण; (उप २६४ टी)।

विज्झाविअ देखो विज्झविअ, (महा)।

विञ्छिडिय पुं [दे] मत्स्य की एक जाति; (पण्ण १—पत्र ४७)।

विटंक देखो विडंक; (माल २३४; राज)।

विट्टाल सक [दे] अस्पृश्य करना, उच्छिष्ट करना, बिगाड़ना, कुत्सित करना, अपवित्र करना। विट्टालेति; (सुज्ज १, १६)। कर्म—"विट्टालिज्जइ गंगा क्याइ किं वायसेहिं" (चेइय १२४)। वकृ—विट्टालयंत; (सिरि ११३२)।

विट्टाल पुं [दे] अस्पृश्य-संसर्ग, उच्छिष्टता, अपवित्रता; "गुरु पत्ति चंडाली विट्टालं कुणइ", "ता घरबाहिं चिट्ठइ भुंजइ य, न देइ देव विट्टालो" (कुप्र २४२; हे ४, ४२२)।

विट्टालण न [दे] ऊपर देखो; (स ७०१)।

विट्टालि वि [दे] बिगाड़ने वाला, अपवित्र करने वाला; स्त्री—°णी; (कप्पू)।

विट्टालिअ वि [दे] उच्छिष्ट किया हुआ, अपवित्र किया हुआ, बिगाड़ा हुआ; (धर्मवि ४५; सिरि ७१६; सुपा ११५; ३६०; महा)।

विट्टी स्त्री [दे] गठरी, पोटली; (मोह ३२४)। देखो विंटिया।

विट्ठ वि [वृष्ट] बरसा हुआ; (हे १, १३७; षड्)।

विट्ठ वि [विष्ट] १ प्रविष्ट, पैठा हुआ; (सूअ १, ३, १, १३)। २ उपविष्ट, बैठा हुआ; (पिंड ६००)।

विट्ठ वि [दे] पुनरुत्थित, जो फिर उठा हुआ; (षड्)।

विट्ठव न [विष्टप] भुवन, जगत; (मृच्छ १०६)।

विट्ठंभ सक [वि + ष्टम्भय्] १ रोकना। २ स्थापित करना, रखना। विट्ठंभंति; (मोह)। संकृ—विट्ठंभित्ता; (मोह)।

विट्ठंभणया स्त्री [विष्टम्भना] स्थापना; (मोह)।

विट्ठर पुंन [विष्टर] आसन; "विट्ठरो" (प्राप्र; पउम ८०, ७; पाअ; सुपा ६०)।

विट्ठा स्त्री [विष्ठा] बीट, पुरीष, मल; (पाअ; मोहसा २२६; भाव १५८)। °हर न [°गृह] मलोत्सर्ग-स्थान, पाखाना; (पउम ७८, २८)।

विट्ठि स्त्री [विष्टि] १ कर्म, काज, काम, (दे २, ७३)। २ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण, भद्रा तिथि, (विसे ३३४८; स २६५; गण १९)। ३ भद्रा नदी; (ठा १६, ६०)। ४ बेगार, मजूरी दिये बिना ही कराया जाता काम; (उप ६, ११)।

विट्ठि स्त्री [वृष्टि] वर्षा, [illegible] (हे १, १३७; [illegible] ८, [illegible] ५, पउम १०, ८० [illegible])।

विट्ठित वि [दे] अर्जित; (षड्)।

विट्ठिय न [विस्थित] विशिष्ट स्थिति; (भग ६, ३२ टी—पत्र ४६६)।

विड पुं [विट] १ भडुआ; (कुमा; सुर ३, ११६; रंभा)।

विड न [विड] लवण-विशेष, एक तरह का नमक; (दस ६, १८)।

विडंक पुंन [विटङ्क] कपोतपाली, प्रासाद आदि के आगे की ओर काठ का बना हुआ पक्षियों के रहने का स्थान, छत्री; (णाया १, १—पत्र १२; दे ७, ८६; गउड)।

विडंकिआ स्त्री [दे] वेदिका, वेदी, चौतरा; (दे ७, ३७)।

विडंग देखो विडंक; (णाया १, १—पत्र ८)।

विडंग पुंन [विडङ्ग] १ औषध-विशेष; २ वि. अभिज्ञ, विदग्ध;

"विज्ज न एसो उरओ न य वाही एस कोवि संभूओ।
उवलब्भइ तरुणीहिं विडंगवोलावणत्थेयं" (वज्जा १०४)।

विडंब सक [वि + डम्बय्] १ तिरस्कार करना, अपमान करना। २ दुःख देना। ३ नकल करना। विडंबइ, विडंबति, विडंबेंति; (भवि; कुप्र १६४; स ६८३)। वकृ—विडंबंत; (पउम ८, ३२)। कवकृ—विडंबिज्जंत; (सुपा ३०)।

विडंब पुंन [विडम्ब] १ तिरस्कार, अपमान; (भवि)। २ माया-जाल, प्रपंच; "अविज्जं व [illegible] विडंबिंबं" (धर्म. २; कप्पू)।

विडंबग वि [विडम्बक] विडंबना-जनक; "जइवेसविडंबगा नरा" (संबोध १४; उव)।

विडंबण न [विडम्बन] नीचे देखो; (भवि)।

विडंबणा स्त्री [विडम्बना] १ तिरस्कार, अपमान; (हे)। २ दुःख, कष्ट; (पव ७२)। ३ अनुकरण, नकल; ४ उपहास; ५ कपट-वेष; (कप्पू)।

विडंबिय वि [विडम्बित] विडम्बना-प्राप्त; (कप्प; गउड ३०२)।

विडज्झमाण वि [विदह्यमान] जो जलाया जाता हो वह, जलता हुआ; (णाया १, १, ८, १)।

विडड्ड देखो विदड्ड; (स ६५१)।

विडप्प । पुं [दे] राहु; (दे ७, ६५; पाअ; गउड;
विडव । [illegible] ८, [illegible] ६५)।

विडव पुं [विटप] १ [illegible] (सुर ३, ४५ [illegible]) २

नाग्य, (भवि ११०)। ३ पल्लव विस्तार; ४ स्तम्ब गुच्छ; (प्राप)।
विडवि पु [विटपिन्] वृक्ष; पेड़, दरख्त, (पाम; सुपा ८८, गउड; पिंग)।
विडविड ⎫ सक [रचय्] बनाना, निर्माण करना।
विडविड्ड ⎭ विडविडइ, विडविड्डइ, (हे ४, ९४; षड्)। भूका—विडविड्डिअ, (कुमा)।
विडिअ वि [व्रीडित] लज्जित, (हे ११, १०, पि ८१)।
विडिंविअ ⎫ वि [दे] विकराल, भीषण, भयङ्कर; (दे
विडिंविर ⎭ ७, ६६)।
विडिम पु [दे] १ बाल-मृग, (दे ७, ८६)। २ गण्डक, गेंडा, (दे ७, ८६, गउड)। ३ वृक्ष, पेड़, "दुमा य पायवा रुक्खा आगमा विडिमा नगा" (दसनि १, ३६)। ४ शाखा, (पण्ह १, ४—पत्र ७०, औप, तंदु ११)।
विडिमा वि [दे] नाग्ना, (पण्ह १, ४, तंदु ११, राज)।
विड्डुड्डुअ वि [दे] निबिड, अनिबिड, (षड्)।
विड्डुक्किल्ल वि [दे] भीषण, भयंकर, (नाट—मालती ११०)।
विडूर पु [विदूर] १ पर्वत विशेष, २ देश विशेष, जहाँ वैडूर्य रत्न पैदा होता है, (षड्)।
विडूसिअ पु [दे] गण्डक मृग, गेंडा, (दे ७, ६७)।
विड्ड वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा, (दे ७, ६३)। २ प्रचंड, विस्तृत, (दे १, ८)।
विड्ड वि [व्रीड, व्रीडित] लज्जित, शरमिन्दा, "लज्जिया विड्डा विड्डा" (निर १, १; पि २४०)।
विड्डर देखो विड्डिर, "......विड्डरंमि कि ४४ गण्ड" (उप ७६८ टी)।
विड्डा स्त्री [व्रीडा] लज्जा, शरम, (दे ७, ६१; पि २४०)।
विड्डार न [विद्वार] देखो विड्डेर, (राज)।
विड्डिर न [दे] १ गगन, (दे ७, ६०)। २ आटोप, आडम्बर, (पाम)। ३ वि. रौद्र, भयङ्कर, (दे ७, ६०)।
विड्डिरिल्ला स्त्री [दे] रजनि, निशा, (दे ७, ६७)।
विड्डुम देखो विद्दुम, (षड्)।
विड्डुरी स्त्री [दे] आडम्बर, आटोप; "...... विड्डुरो- ..." (अ)।
विड्डुरिल्ल वि [वदूर्यवत्] वैडूर्य रत्न वाला, (सुपा ६६)।
विड्डेर न [दे. विड्डेर] नक्षत्र-विशेष, पूर्व द्वार वाले न... में पूर्व दिशा से आने के बदले पश्चिम दिशा से आने पर ... ता नक्षत्र; (विसे ३४०६)। देखो विड्डार।
विडड्ड (शौ) सक [वि + दह्] जलाना। संकृ—वि... ज्जिअ, (पि २१२)।
विड्ढणा स्त्री [दे] पार्ष्णि, फीली का नीचला भाग, (दे ७, ६२)।
विड्ढत्त वि [अर्जित] उपार्जित, पैदा किया हुआ; (हे ... २५८; गउड, था १०; प्रासू ७८, भवि)।
विड्ढत्ति स्त्री [अर्जिति] अर्जन, उपार्जन; (था ११)
विड्ढप्प अक [व्युत् + पद्] व्युत्पन्न होना। विड्ढ... (प्राकृ ६४)।
विड्ढप्प° नीचे देखो।
विड्ढव सक [अर्ज्] उपार्जन करना, पैदा करना। वि... (हे ४, १०८; महा; भवि)। कर्म—विड्ढविज्जइ, वि... (हे ४, २५१; कुमा; भवि)।
विड्ढवण न [अर्जन] उपार्जन; (सुर १, २२१)।
विड्ढविअ वि [अर्जित] पैदा किया हुआ, (कुमा, २८०; महा)।
विढिअ वि [वेष्टित] लपटा हुआ; (सुपा २८८)।
विणइ वि [विनयिन्] दूर करने वाला; "......" (माचा)।
विणइत्त वि [विनयवत्] विनय वाला, विनय को सर्व-प्रधान मानने वाला, (सुमनि ११८)।
विणइत्तु वि [विनेतृ] विनीत बनाने वाला, शिक्षा देने वाला; (उप २६, ४)।
विणइत्तु देखो विणी=वि + नी।
विणइय वि [विनयित] शिक्षित किया हुआ, शिक्षा... (राज)। देखो विण्णय।
विणइल्ल देखो विणइत्त, (कुमा)।
विणएत्तु देखो विणी=वि+नी।
विणट्ठ वि [विनष्ट] विनाश-प्राप्त; (उव; सुपा ११, ... पृष्ठ १६२)।
विणड सक [वि+नटय्, वि+गुप्] १ ... विडम्बना करना। विणडइ; (गउड ६८), विणडि... विणडइ, (हे ४, १५०, पि १००)।
सूई स्त्री [दे] मञ्जरी; (दे ८, ४१)।

सूई देखो सूइ = सूति, (सुपा २६५)।

सूड सक [भञ्ज्, सूद्] भाँगना, तोड़ना, विनाश करना। सूडइ, (हे ४, १०६)। कर्म—सूडिज्जंति; (पण्ह २—पत्र २६)।

सूडण न [सूदन] १ भञ्जन, विनाश, (महा) वि. विनाशक; (पव २७१)।

सूण वि [शून] सुजा हुआ, सुजन से युक्त; (पउम १०३, १४८; गा ६३३; स ३७१, ६८०)।

सूणा, सूणा स्त्री [सूना] वध-स्थान; (निर १, १; कुम २०६)। °वइ पुं [°पति] कसाई, (७०)।

सूणिय वि [शूनिक] १ सूजन का रोग वाला, शरीर सूज गया हो वह; २ न. सूजन, (आचा)।

सूणु पु [सूनु] पुत्र, लड़का; (कुम ३१६)।

सूतक देखो सूअय = सूतक, (वव १)।

सूव देखो सूअ = सूप; (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

सूभग देखो सुभग, "सूभग दूभगनामं सूसर तह दूसर चेव"(धर्मसं ६२०; श्रावक २३)।

सूभग देखो सोभग्ग; (पिंड ५०२)।

सेज्जंस देखो सेअंस=श्रेयस्; (आवम)।

सेज्जा स्त्री [शय्या] १ सेज, बिछौना, (से १, ५७; कुमा)। २ मकान, घर, वसति, उपाश्रय, (पव १५०; सुर १, १५)। °यर पुं [°तर] गृह-स्वामी, उपाश्रय का मालिक, साधु को रहने के लिए स्थान देने वाला गृहस्थ, (ओघ २४२, पव ११२, पंचा १७, १७)। °वाल पुं [°पाल] शय्या का काम करने वाला नौकर, (सुपा ५८७)। देखो सिज्जा।

सेज्जारिअ न [दे] अन्दोलन, हिंडोले में झूलना, (दे ८, ४३)।

सेट्ठि पुं [दे. श्रेष्ठिन्] गाँव का मुखिया, सेठ, महाजन; (दे ८, ४२, सम ५१, णाया १, १—पत्र १९; उवा)।

सेडिय न [दे] तृण-विशेष, (पगण १—पत्र ३३)।

सेडिया स्त्री [दे सेटिका] सफेद मिट्टी, खड़ी; (आचा २, १, ६, ३)।

सेढि स्त्री [श्रेणि] देखो सेढी=श्रेणी; (सुर ३, १७; ५, १६६)।

सेढिया) देखो सेडिया; (दस ५, १, ३४; जी ३)।
सेढो)

सेढी स्त्री [श्रेणी] १ पंक्ति; (सम १४२; महा)। २ राशि; (अणु)। ३ असंख्य योजन-कोटाकोटी का एक नाप; (अणु १७३)। देखो सेणि।

सेण पुं [श्येन] १ पक्षि-विशेष; (पउम ८, ७६, दे ७, ८४, वै ७४)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १५)।

सेण देखो सेण्ण; "मणपरवइणो मरणे मरंति सेणाइं इंदियमयाइं" (आरा ६०)।

सेणा स्त्री [सेना] १ भगवान् संभवनाथजी की माता; (सम १५१)। २ लश्कर, सैन्य; (कुमा)। ३ एक जैन साध्वी जो महर्षि स्थूलभद्र की बहिन थी; (कप्प, ...डि)। ४ वह लश्कर जिसमें ३ हाथी, ३ रथ, ९ ...ड़े और १५ प्यादे हों; (पउम ५६, ५)। °णिय, ...ी, °णीय पुं [°नी] सेना-पति, लश्कर का मुखिया, ...णाहिवोवि ताहे घेत्तूण जिणेसरं सुरवइस्स" (पउम ...७, सुपा ३००, धर्मवि ८४; पउम ६४, २०)। ... न [°मुख] वह सेना जिसमें ९ हाथी, ९ रथ, २७ ...और ४५ प्यादे हों, (पउम ५६, ५)। °वइ पुं ...] सेना का मुखिया, सेना-नायक, (कप्प, पउम ...

...३७, ७; सम २७; सुपा २५५)। हिं... ...ही पूर्ति अर्थ, (सुपा ७३)।

सेणावच्च न [सैनापत्य] सेनापतित्व, ... (कप्प, औप)।

सेणि स्त्री [श्रेणि] १ पंक्ति, २ समूह, ... कुम्भकार आदि मनुष्य-जाति, (णाया १, १—...

सेणिअ पुं [श्रेणिक] १ मगध देश का ... राजा, (णाया १, १—पत्र ११, ३७, उवा ... सम १५४, उवा, अंत, पउम २, १५, कुमा)। ... जैन मुनि, (कप्प)।

सेणिआ स्त्री [सेणिका] एक जैन मुनि-शाखा, ...

सेणिआ) स्त्री [सेनिका] छन्द का एक ...
सेणिका) (पिंग)।

सेणिग देखो सेणिअ, (सराध ३५)।

सेणिग पुं [सैनिक] लश्करी सिपाही, (सुर २८१)

सेणी स्त्री [श्रेणी] देखो सेणि, (महा, णाया, ...)।

सेण्ण देखो सिन्न= सैन्य, (णाया १, ८—पत्र ... गउड)।

सेत्त देखो सित्त=सिक्त, (कुप्र १६)।

सेत्त (अप) देखो सेअ= श्वेत, (पिंग)।

सत्तुंज पुं [शत्रुञ्जय] एक प्रसिद्ध पर्वत, (... १६—पत्र २२६, अंत)।

सेद देखो सेअ=स्वेद, (दे ४, ३४ स्वप्न ३६)।

सध देखो सेह -सह, (आव २—पत्र ५२)।

सेन्न देखो सिन्न=सैन्य; (हे १, १५०, कुमा, स्वप्न ...१२, १०४ टि)।

सेप्फ) देखो सेम्ह, (हे २, ५५, षड् कुमा ...
सेफ) २२)।

सेफ पुन [शेफ] पुरुष-चिह्न, लिंग, (प्राकृ १४)।

सेभालिआ स्त्री [शेफालिका] लता-विशेष, (... २३६; प्राकृ १४)।

सेमुसी) स्त्री [शेमुषी] मेधा, बुद्धि, (गउ ७३३ ...
सेमुही) हम्मीर १४, २२)।

सेम्ह पुंस्त्री [श्लेष्मन्] कफ, (सम्म ... पि २६७)।

सेर वि [स्वैर] स्वच्छन्दी, स्वतन्त्र ... विक ३७)।

सेर वि [स्मेर] विकस्वर, (हे २, ७८, कुमा)।

सेर पुं [दे] सेर, परिमाण-विशेष; (पिंग)।
सेरंध्री स्त्री [सैरन्ध्री] स्त्री-विशेष, अन्य के घर में रहकर शिल्प-कार्य करने वाली स्वतन्त्र स्त्री; (कप्पू)।
सेराह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति; (सम्मत्त २१६)।
सेरिभ पुं [दे] धुर्य वृषभ, गाड़ी का बैल; (दे ८, ४४)
सेरिभ देखो सेरिह; (सुख ८, १३; दे ८, ४४ टी)।
सेरिय पुंस्त्री [दे] वाद्य-विशेष; "करडिभभंभेरियहुडुक्काहिं" (सुपा)।
सेरियय पुं [दे] गुल्म-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३२)।
सेरिह पुंस्त्री [सैरिभ] भैंसा, महिष; (गा १७२; ७४२; नाट—मृच्छ १३५), स्त्री—°ही; (पाअ)।
सेरी स्त्री [दे] १ लम्बी आकृति; २ भद्र आकृति; (दे ८, ५७)। ३ रथ्या, मोहल्ला; (सिरि ३१८)। ४ वस्त्र-निर्मित नर्तकी; (राज)।
सेरीस पुंन [सेरीश] एक गाँव का नाम; (ती ११)।
सेल पुं [शैल] १ पर्वत, पहाड़; (से २, ११; प्रासू; सुर ३, २२६)। २ पाषाण, पत्थर; (उत्त १०३१)। ३ न. पत्थरों का समूह; (से ६, ३१)। °कार पुं [°कार] पत्थर घड़ने वाला शिल्पी, सिलावट; (अणु १४९)। °गिह न [°गृह] पर्वत में बना हुआ घर; (कप्प)। °जाया स्त्री [°जाया] पार्वती; (रंभा)। °त्थंभ पुं [°स्तम्भ] पाषाण का खंभा; (कम्म १, १८)। °पाल, °वाल पुं [°पाल] १ धरण तथा भूतानन्द-नामक इन्द्रों का एक २ लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १९७; इक)। २ एक जैनेतर धर्मावलम्बी पुरुष; (भग ७, १०—पत्र ३२३)। °स न [°स] वज्र; (से ८, २७)। °सिहर न [°शिखर] पर्वत का शिखर; (कप्प)। °सुआ स्त्री [°सुता] पार्वती; (पाअ)।
सेलग } सेलय } पुं [शैलक] १ एक राजर्षि; (णाया १, ५—पत्र १०४; १११)। २ एक यक्ष; (ति १५६; णाया १, ९—पत्र १५४)। °पुर न [°पुर] एक नगर; (णाया १, ५)।
सेलगय न [शैलकज] एक गोत्र; (ठा ७—पत्र ३९०; राज)।
सेला स्त्री [शैला] तीसरी नरक-पृथिवी; (ठा ७—पत्र ३८८; इक)।

सेलाइच्च पुं [शैलादित्य] वलभीपुर का एक प्रसिद्ध राजा; (ती १५)।
सेलु पुं [शैलु] श्लेष्म-नाशक वृक्ष-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३१)।
सेलूस पुं [दे] कितव, जुआड़ी; (दे ८, २१)।
सेलेय वि [शैलेय] पर्वत में उत्पन्न, पर्वतीय; (धर्मवि १४०)।
सेलेस पुं [शैलेश] मेरु पर्वत; (विसे ३०६५)।
सेलेसी स्त्री [शैलेशी] मेरु की तरह निश्चल साम्यावस्था, योगी की सर्वोत्कृष्ट अवस्था; (विसे ३०६५; ३०६७; सुपा ६५५)।
सेलोदाइ पुं [शैलोदायिन्] एक जैनेतर धर्मावलम्बी गृहस्थ; (भग ७, १०—पत्र ३२३)।
सेल्ल देखो सेल = शैल; "न हु भिज्जइ ताण मणं सेल्लं मिव वलिलहूयं" (वज्जा ११२)।
सेल्ल पुं [दे] १ मृग-शिशु; २ शर, बाण; (दे ८, ५७)। ३ कुन्त, बर्छी; (कुमा; हे ४, ३८७)।
सेल्ल पुं [शैल्य] एक राजा; (णाया १, १६—पत्र २०८)।
सेल्लग पुं [शैल्यक] भुजपरिसर्प की एक जाति, जन्तु-विशेष; (पणह १, १—पत्र ८)।
सेल्लि स्त्री [दे] रज्जु, रस्सी; (उत्त २७, ७)।
सेव सक [सेव्] १ आराधन करना। २ आश्रय करना। ३ उपभोग करना। सेवइ, सेवए; (आचा; उव; महा)। भूका—सेवित्था, सेविंसु; (आचा)। वकृ—सेवमाण; (सम ३९; भग)। कवकृ—सेविज्जंत, सेविज्जमाण; (सुर १२, १३९; कप्प)। संकृ—सेविअ, सेवित्ता; (नाट—मृच्छ २४५; आचा)। कृ—सेवियव्व; (सुपा ५५७; कुमा), सेवणिय; (सुपा १६७)।
सेवग देखो सेवय; (रंभा ११, ४१)।
सेवड देखो से°=श्वेत।
सेवण न [सेवन] १ सीना, सिलाई करना; (उप पृ १२३)। २ सेवा; (उप २५, ३)।
सेवणया } सेवणा } स्त्री [सेवना] सेवा; (उप २६, १; उप ८०१)।
सेवय वि [सेवक] १ सेवा-कर्ता; (कुप्र ४०२)। २ पुं. नौकर, भृत्य; (पाअ; कुप्र ४०८; सुपा ५३२)।
सेवल न [शैवल] सेवार, सेवाल, एक प्रकार की घास

महाग्रह-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८) । ३ त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (पएण १—पत्र ४५) ।

सोवत्थिअ पुं [स्वस्तिक] १ साथिया, एक मङ्गल-चिह्न; (ओप) । २ पुंन. विद्युत्प्रभ-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर; (इक) । ३ पूर्व रुचक-पर्वत का एक शिखर; (राज) । ४ एक देव-विमान, (देवेन्द्र १४१) । देखो सत्थिअ, सोत्थिअ=स्वस्तिक ।

सोवन्न देखो सोवण्ण; (अंत १७; था २८; सिरि ८११; भवि) ।

सोवन्निअ देखो सोवण्णिअ, (याया १, १—पत्र ५२) ।

सोवरिअ देखो सोअरिअ=शौकरिक; (सूअ २, २, २८) ।

सोवरी स्त्री [शाम्बरी] विद्या-विशेष; (सूअ २, २, २७) ।

सोववत्तिअ वि [सोपपत्तिक] सयुक्तिक, युक्ति-युक्त, (उप ७२८ टी) ।

सोवाअ वि [सोपाय] उपाय-साध्य; (गउड) ।

सोवाग पुं [श्वपाक] चाण्डाल, डोम; (आचा; ठा ४, ४—पत्र २७१, उत्त १३, ६, उव, सुपा ३७०; कुप्र २६२, उर १, १५) ।

सोवागी स्त्री [श्वापाकी] विद्या-विशेष; (सूअ २, २, २७) ।

सोवाण न [सोपान] सीढ़ी, नसैनी, पैड़ी; (सम १०६; गा २७८; उव, सुर १, ६२) ।

सोवासिणी देखो सुवासिणी, (भवि) ।

सोविअ वि [स्वापित] सुलाया हुआ, शायित; "कमल-किसलयरइए सत्थरए सोविओ तेया" (सुर ४, २४४; उप १०३१ टी) ।

सोविअल्ल पुस्त्री [सौविदल्ल] अन्तःपुर का रक्षक; (गउड); स्त्री—°ल्ली; (सुपा ७) ।

सोवीर पुं. व. [सौवीर] १ देश-विशेष, (पव २७५; सूअ १, ५, १, १—टी) । २ न. कान्जिक, काँजी; (ठा ३, ३—पत्र १४७; पाभ) । ३ अञ्जन-विशेष, सौवीर देश में होता सुरमा; (जी ४) । ४ मद्य-विशेष; (कस) ।

सोवीरा स्त्री [सौवीरा] मध्यम ग्राम की एक मूर्छना; (ठा ७—पत्र ३९३) ।

सोव्व वि [दे] पतित-दन्त, जिसका दाँत गिर गया हो वह; (दे ८, ४५) ।

सोस सक [शोषय्] सुखाना, शोषण करना । (भवि) । वकृ—सोसयंत; (कप्प) ।

सोस देखो सुस्स । सोसउ; (हे ४, ३६५) ।

सोस पुं [शोष] १ शोषण; (गउड; प्रासू ८१) । २ रोग-विशेष, दाह-रोग, (लहुअ १५) ।

सोसण पुं [दे] पवन, वायु; (दे ८, ४५) ।

सोसण न [शोषण] १ सुखाना; २ कामदेव का बाण; (कप्पू) । ३ वि. शोषण-कर्ता, सुखाने वा (पउम २८, ५०; कुप्र ४७) ।

सोसणया } स्त्री [शोषणा] शोषण; (उवा, उव
सोसणा } ५) ।

सोसणी स्त्री [दे] कटी, कमर; (दे ८, ४५) ।

सोसविअ वि [शोषित] सुखाया हुआ; (हे ३, १५ उव) ।

सोसाव देखो सोस=शोषय् । हेकृ—सोसाविउं ((नाट) ।

सोसास वि [सोच्छ्वास] ऊर्ध्व श्वास-युक्त, ( ) ।

सोसिअ देखो सोसविअ; (हे १, १५०; सुर ३, महा) ।

सोसिअ वि [सोच्छ्रित] ऊँचा किया हुआ; ( ) ।

सोसिल्ल वि [शोफवत्] शोफ-युक्त, सूजन रोग वा (विपा १, ७—पत्र ७३) ।

सोह अक [शुभ्] शोभना, चमकना । सोहइ, सोहंति, (हे १, १८७, पाअ; कुमा) । वकृ—सोहमाण; (कप्प; सुर ३, १११, नाट—उत्तर ८) ।

सोह सक [शोभय्] शोभा-युक्त करना । सोहइ, ( ) ।

सोह सक [शोधय्] १ शुद्धि करना । २ गवेषणा करना । ३ संशोधन करना । सोहेइ; ( ) । वकृ—"लूसिअ सगिहं दट्ठु सोहितो दइअ (था १२), सोहेमाण, (उवा, विपा १ १—पत्र); कवकृ—सोहिज्जंत, (उप ७२८ टी) । कृ—सोहेयव्व; (याया १, १६—पत्र २०२, नाट— ९६, सुपा ६५७) । संकृ—सोहइत्ता, (उत्त १) ।

सोह देखो सउह=सौध, (कप्पू ६१; प्रति ४१, मालती १३८) ।

सोहंजण पुं [दे. शोभाञ्जन] वृक्ष-विशेष, सहिंजन का पेड़; (दे ८, ३७, कप्पू) ।

ह

ह पुं [ह] १ कंठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष, (प्राप; प्रामा)। २ अ- इन अर्थों का सूचक अव्यय;—संबोधन; "से भिक्खू गिलाइ, से हंद ह णं तस्साहरह" (आचा २, १, ११, १; २; पि २७५)। ३ नियोग; ४ क्षेप, निन्दा; ५ निग्रह; ६ प्रसिद्धि; ७ पादपूर्ति, (हे २, २१७)।
ह देखो हा=अ- (हे १, ६७)।
हइ स्त्री [हति] हनन, वध, मारण; (श्रा २७)।
हं अ- [हम्] इन अर्थों का सूचक अव्यय,—१ क्रोध; (उवा)। २ अ-सम्मति; (स्वप्न २१)।
हंजय पु [दे] शरीर-स्पर्श-पूर्वक किया जाता शपथ—सौगन; (दे ८, ६१)।
हंजे अ- इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ दासी का आह्वान; (हे ४, २८१; कुमा; पिंग)। २ सखी का आमन्त्रण; (स ६२२; सम्मत्त १७२)।
°हंड देखो खंड; (हम्मीर १७)।
°हंडण देखो भंडण; (गा ६१२, पि ५८८)।
हंत देखो हंता; (धर्मस २०२; राय २६; सण; कप्पू; पि २७५)।
हंतव्व } देखो हण।
हंता }
हंता अ [हन्त] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ अभ्युपगम, स्वीकार; (उवा; औप, भग; तंदु १४; अणु १६०, णाया १, १—पत्र ७४)। २ कोमल आमन्त्रण; (भग; अणु १६०; तंदु १४; औप)। ३ वाक्य का आरम्भ, ४ प्रत्यवधारण, ५ संप्रेषण; ६ खेद; ७ निर्देश, (राज)। ८ हर्ष; ९ अनुकम्पा; (राय)। १० सत्य; (उवा)।
हंतु वि [हन्तृ] मारने वाला; (आचा; भग; पउम ५१, १६; ७३, १६; विसे २६१७)।
हंतूण देखो हण।
हंद अ- 'ग्रहण करो' इस अर्थ का सूचक अव्यय; (हे २, १८१; कुमा, आचा २, १, ११, १; २; पि २७५)।
हंदि अ- इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ विषाद, खेद; २ विकल्प; ३ पश्चात्ताप; ४ निश्चय; ५ सत्य, ६ 'लो', 'ग्रहण करो'; (पाअ; हे २, १८०; षड्; कुमा)। ७ आमन्त्रण, संबोधन; (पिंड २१०; धर्मस ४४)। ८ उपदर्शन; (पंचा ३, १२; दसनि ३, ३७)
हंभो देखो हंहो; (सुर ११, २३४; आचा; ८१)।
हंस देखो हस्स=ह्रस्व; (प्राप्र)।
हंस पुं [हंस] १ पक्षि-विशेष, (णाया ... ५३; पण्ह १, १—पत्र ८; कुमा; प्रासू १३, ... रजक, धोबी; "वत्थधोवा हवंति हंसा वा ... ४, २, १७)। ३ संन्यासि-विशेष; (से १, ... ४ सूर्य, रवि; (सिरि ५४७)। ५ मणि-विशे... नामक रत्न की एक-जाति; (पण्ण १—पत्र ... छन्द का एक भेद; (पिंग)। ७ निर्लोभी राजा, ... ९ परमेश्वर, परमात्मा; १० मत्सर; ११ ... १२ शरीर-स्थित वायु की चेष्टा-विशेष; १३ ... १४ शिव, महादेव; १५ अश्व की एक जाति, ... १७ अणुभा; १८ विशुद्ध; १९ मन्त्र-वर्ण विशे... १८२)। २० पतंग, चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशे... ३४)। °गब्भ पु [°गर्भ] रत्न की एक जाति ... १, १—पत्र ३१, १७—पत्र २२९, कप्प, ... ७७)। °तूली स्त्री [°तूली] बिछौने की गद्दी, ... १८८; ६, १२८)। °दीव पु [°द्वीप] ... (पउम ५४, ४५)। °लक्खण वि [°लक्ष... शुक्ल, सफेद; (अंत)। २ विशद, निर्मल, (...
हंसय पुन [हंसक] नूपुर; (पाअ; सुपा ३२...
हंसल पु [दे] आभूषण-विशेष, (अणु)। देखो ...
हंसी स्त्री [हंसी] १ हंस पक्षी की मादा, (... २ छन्द का एक भेद; (पिंग)।
हंसुलय पुं [हंस] अश्व की एक उत्तम जाति, (... २१६)।
हंहो अ [हंहो] इन अर्थों का सूचक अव्य... संबोधन, आमन्त्रण; (सुख २३, १, धर्मवि ... ५९७ टी)। २ तिरस्कार, (धम्म ११ टी)। ३ गर्व; ४ दंभ, कपट; ५ प्रश्न, (हे २, २१७)।
हकुव न [हकुव] फल-विशेष; (अनु ५)।
हक्क सक [नि+षिध्] निषेध करना, निवारण ... हक्कइ; (हे ४, १३४, षड्)। वकृ—हक्क... (कुमा)।
हक्क सक [दे] हाँकना—१ पुकारना, आह्वान ... २ प्रेरणा करना। ३ खदेड़ना। हक्कइ, (सुपा ...

हणीअ; (आचा; कुमा)। भवि—हणिहिइ; (कुमा)। कर्म—हणिज्जइ, हणिज्जए, हणणए, हम्मइ, हम्मइ; (हे ४, २४४, कुमा; प्रासू १६; आचा); भवि—हम्मिहिइ, हणिहिइ; (हे ४, २४४)। वकृ—हणंत; (आचा; कुमा)। कवकृ—हण्णु, हणिज्जमाण, हम्मंत, हम्ममाण; (सुअ १, २, २, ५; श्रा १४, सुर १, ६६; विपा १, २—पत्र २४, पि ५४०)। संकृ—हंता, हंतूण, हंतूणं, हत्तूण, हणिऊण, हणिअ, (आचा; प्रासू १४७, प्राकृ ३४; नाट)। हेकृ—हंतुं, हणिउं; (महा; उप पृ ४८)। कृ—हंतव्व, (से ३, २; हे ४, २४४; आचा)।

हण सक [श्रु] सुनना। हणइ, (हे ४, ५८)।

हण वि [दे] दूर, अ-निकट, (दे ८, ५९)।

हण देखो हणण; "हणदहणपयणमारण—" (पउम ८, २३२)।

°हण देखो घण=घन, (गा ७१५, ८०१)।

हणण न [हनन] १ मारण, वध, घात, (सुपा २४५, मण)। २ विनाश, (पण्ह २, ५—पत्र १४८)। ३ वि वध-कर्ता, स्त्री—°णी, (कुप्र २२)।

हणिअ वि [हत] जिसका वध किया गया हो वह, (श्रा २७, कुमा; प्रासू १६, पिंग)।

हणिअ देखो हण=हन्।

हणिअ वि [श्रुत] सुना हुआ; (कुमा)।

हणिद देखो हिणिद; (गा ६६३)।

हणिर वि [हन्तृ] वध करने वाला, (सुपा ६०७)।

हणिहणि } अ [अहन्यहनि] १ प्रतिदिन, हमेशा;
हणिहणिं } (पण्ह २, ३—पत्र १२२)। २ सर्वथा, सब तरह से, (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

हणु वि [दे] सावशेष, बाकी बचा हुआ, (दे ८, ५९; मण)।

हणु पुंस्त्री [हनु] चिबुक, होठ के नीचे का भाग, ठुड्डी, ठोड़ी, दाढ़ी, (आचा, पण्ह १, ४—पत्र ७८)। °अ, °म, °मंत, °यंत पु [°मत्] हनुमान, रामचन्द्रजी का एक प्रख्यात अनुचर, पवन तथा अञ्जनासुन्दरी का पुत्र; (पउम १, ५९, १७, १२१; ४७, २६, हे २, १४९; कुमा, प्राप्र; पउम १९, १५, ५९, २१)। °रुह, °रुह न [°रुह] नगर-विशेष; (पउम १, ६१; १७, ११८)। °व, °वंत देखो °म; (पउम ४७, २५; ५०, ९; उप पृ ३७६)।

हणुया स्त्री [हनुका] १ ठुड्डी, ठोड़ी, दाढ़ी; (२ दंष्ट्रा-विशेष, दाढ़ा-विशेष; (उत्त)।

हणू स्त्री [हनू] देखो हणु; (पि ३९८; ३९९)।

हण्णु देखो हण=हन्।

हत्त देखो हय=हत; (पि १९४; ५६५)।

°हत्तरि देखो सत्तरि; (पि २६४)।

हत्तु वि [हर्तृ] हरण-कर्ता; (प्राकृ २०)।

हत्तूण देखो हण=हन्।

हत्थ वि [दे] १ शीघ्र, जल्दी करने वाला, (दे ८, ५९)। २ क्रिवि. जल्दी; (ओघ)।

हत्थ पुन [हस्त] १ हाथ; "अरिथन्तेघ ... जस्स कपहेण" (वज्जा १०६; आचा, कप्प, कुमा ६)। २ पु. नक्षत्र विशेष, (सम १०, १३)। ३ ... अंगुल का एक परिमाण; ४ हाथी की सूँढ, (... ४५; प्राप्र)। ५ एक जैन मुनि, (कप्प)। ... [°कल्प] नगर-विशेष; (णाया १, १६—पत्र ... पिंड ४६१)। °कम्म न [°कर्मन्] हस्त-क्रिया, ... विशेष; (सुअ १, ९, १७, ठा ३, ४—पत्र १६... ३९; कस)। °ताड, °ताल पु [°ताड] हाथ से ... (राज, कस ४, ३ टि)। °पहेलिअ स्त्रीन [...] संख्या-विशेष, शीर्षप्रकम्पित को चौरासी लाख ... पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक)। ... [°प्राभृत] हाथ में दिया हुआ उपहार; (दे ८, ...)। °मालय न [°मालक] आभरण-विशेष; (...)। °लहुसण न [°लघुत्व] १ हस्त-लाघव; २ चोरी, (... १, ३—पत्र ४३)। °सीस न [°शीर्ष] नगर... (णाया १, १६—पत्र २०८)। °भरण न [...] हाथ का गहना; (भग)। °याल पुं [°ताड] ... °ताड; (कस)। °लंब पुं [°लम्ब] हाथ का ... मदद; (से १, १६, सुर ४, ७१; कस)।

हत्थंकर पुं [हस्तङ्कर] वनस्पति-विशेष, (... १०, २)।

हत्थंदु } पुन [हस्तान्दुक] हाथ बाँधने का ...
हत्थंदुय } आदि का बन्धन-विशेष; (पिंड ५७३, ... ६—पत्र ६६)।

हत्थच्चुहणी स्त्री [दे] नव-वधू, नवोढ़ा; (... ६५)।

हत्थड (अप) देखो हत्थ; (हे ४, ४४५; पि ५९९)।

हत्थल्ल पुं [दे] १ क्रीड़ा के लिए हाथ में ली हुई चीज; २ वि. हस्त-लोल, चञ्चल हाथ वाला; (दे ८, ७३)।

हत्थल वि [हस्तल] १ खराब हाथ वाला; २ पुं. चोर, तस्कर; (पण्ह १, ३—पत्र ४३)।

हत्थलिज्ज देखो हत्थिलिज्ज; (राज)।

हत्थल्ल वि [दे] क्रीड़ा से हाथ में लिया हुआ; (दे ८, ६०)।

हत्थल्लिअ वि [दे] हस्तापसारित, हाथ से हटाया हुआ; (दे ८, ६४)।

हत्थल्ली स्त्री [दे] हस्त-पृष्ठी, हाथ में स्थित आसन-विशेष; (दे ८, ६१)।

हत्थार न [दे] सहायता, मदद; (दे ८, ६०)।

हत्थारोह पुं [हस्त्यारोह] हस्तिपक, हाथी का महावत; (विपा १, २—पत्र २३)।

हत्थाधार न [दे] सहायता, मदद; (भवि)।

हत्थाहत्थि स्त्री [हस्ताहस्तिका] हाथोंहाथ, एक हाथ से दूसरे हाथ; (गा १७६)।

हत्थाहत्थि अ. ऊपर देखो; (गा २२६; ५८१; कुम्मा ४६३)।

हत्थि पुंस्त्री [हस्तिन्] १ हाथी; (गा ११६; कुमा; औप १८७); स्त्री—°णी; (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पुं. कुल-विशेष; (ती १४)। °आरोह पुं [°आरोह] हाथी का महावत; (धर्मवि १६)। °कण्ण, °कन्न पुं [°कर्ण] १ एक अन्तर्द्वीप; २ वि. उसका निवासी मनुष्य; (इक; ठा ४, २—पत्र २२६)। °कप्प न [°कल्प] देखो हत्थि-कप्प; (राज)। °गुलगुलाइय न [°गुलगुलायित] हाथी का शब्द-विशेष; (राय)। °णागपुर न [°नागपुर] नगर-विशेष, हस्तिनापुर; (उप ६४८ टी; नाया)। °तावस पुं [°तापस] बौद्ध साधु-विशेष, हाथी को मार कर उसके माँस से जीवन-निर्वाह करने के सिद्धान्त वाला सन्यासी; (औप; सूअनि १९०)। °नागपुर देखो °णागपुर; (भवि)। °पाल पुं [°पाल] भगवान् महावीर के समय का पावापुरी का एक राजा; (कप्प)। °पिप्पली स्त्री [°पिप्पली] वनस्पति-विशेष; (उत्त ३४, ११)। °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप; २ वि. उसका निवासी मनुष्य; (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °राय पुं [°राज] उत्तम हाथी; (सुपा ४२९)। °रयण न [°रत्न] उत्तम हाथी; (औप)। °वाउय पुं [°व्यापृत] महावत; (औप)। °वाल देखो °पाल; (कप्प)। °विजय न [°विजय] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक विद्याधर-नगर; (इक)। °सीस न [°शीर्ष] एक नगर, जो राजा दमदन्त की राजधानी थी; (उप ६४८ टी)। °सुंडिया देखो °सोंडिगा; (राज)। °सोंड पुं [°शौण्ड] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (पण्ण १—पत्र ४५)। °सोंडिगा स्त्री [°शुण्डिका] आसन-विशेष; (ठा ५, १ टी—पत्र २९९)।

हत्थिअच्चक्खु न [दे] वक्र अवलोकन; (दे ८, ६५)।

हत्थिच्चग वि [हस्तीय, हस्त्य] हाथ का, हाथ-संबन्धी; (सिरि ४२४)।

हत्थिणउर, हत्थिणपुर, हत्थिणाउर, हत्थिणापुर न [हस्तिनापुर] नगर-विशेष; (ठा १०—पत्र ४७७; सुर १०, १५५; महा; गउड; सुर १, ६४; नाट—शकु ७४; अंत)।

हत्थिणी देखो हत्थि।

हत्थिमल्ल पुं [दे] इन्द्र-हस्ती, ऐरावण हाथी; (दे ८, ६३)।

हत्थियार न [दे] १ हथियार, शस्त्र; (धर्मसं १०२२; ११०४; भवि)। २ युद्ध, लड़ाई; "ता उट्ठेहि गच्छं करेहि हत्थियारं ति", "देव, कीस देविया सह हत्थियार-करणं" (स ६३७; ६३८)।

हत्थिलिज्ज न [हस्तिलीय] एक जैन-मुनि-कुल; (कप्प)।

हत्थिवय पुं [दे] ग्रह-भेद; (दे ८, ६३)।

हत्थिहरिल्ल पुं [दे] वेष; (दे ८, ६४)।

हत्थुत्तरा स्त्री [हस्तोत्तरा] उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र; (कप्प)।

हत्थुल्ल देखो हत्थ; (हे २, १६४; षड्)।

हत्थोडी स्त्री [दे] १ हस्ताभरण, हाथ का आभूषण; २ हस्त-प्राभृत, हाथ से दिया जाता उपहार; (दे ८, ७३)।

हत्थल्लेव पुं [दे] हस्त-ग्रहण, पाणि-ग्रहण; (सिरि १०८)।

हद देखो हय = हत; (प्राप; प्राकृ १२)।

हदि, हदे पुं [दे] बालक का मल-मूत्रादि; (सिरि ४७१)।

हद्धय पुं [दे] हास, विकास; (दे ८, ६२)।

हद्धि, हद्धी अ [हाधिक्] १ खेद; २ अनुताप; (प्राकृ ७९; षड्; स्वप्न ६१; नाट—शकु ६६; हे २, १९२)।

हमार (अप) वि [अस्मदीय] हमारा, हमसे संबन्ध रखने वाला, (पिंग)।
हमिर देखो भमिर, (पि १८८)।
हम्म सक [हन्] वध करना। हम्मइ, (हे ४, २४४, कुमा; सण्टि ३४; प्राकृ ६८)।
हम्म सक [हम्म्] जाना। हम्मइ; (हे ४, १६२)।
हम्म न [हर्म्य] क्रीडा गृह; (स ६, ४३)।
हम्म° देखो हण=हन।
हम्मार देखो हमार; (पिंग)।
हम्मिअ वि [हम्मित] गत, गया हुआ, (स ७४३)।
हम्मिअ न [दे हर्म्य] गृह, प्रासाद, महल; (दे ८, ६२, पाअ; सुर ६, १५०; आचा २, २, १, १०)।
हम्मीर पु [हम्मीर] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक मुसलमान राजा, (ती ५; हम्मीर २७; पिंग)।
हय वि [हत] जो मारा गया हो वह; (औप; से २, ११, महा)। °मारोड पुं [°मत्कोट] एक विद्याधर-नरेश; (पउम १०, २०)। °ास वि [°ाश] निराश, (पउम ६१, ७४, गा २८१, हे १, २०६; २, १६५; (उव)।
हय पु [हय] अश्व, घोडा; (औप, से २, ११; कुमा)। °कंठ पु [°कण्ठ] रत्न-विशेष, अश्व के कंठ जितना बडा रत्न, (राय ६७)। °कण्ण, °कन्न पुं [°कर्ण] १ एक अन्तर्द्वीप; २ वि. उसका निवासी मनुष्य; (इक, ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक अनार्य देश, (पव २७४)। °मुह पु [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप, (इक)। २ एक अनार्य देश, (पव २७४)।
हय देखो हिअ=हृत, (महा, भवि, राय ४४)।
हय देखो हर=ह्रद। °पोंडरीय पु [°पुण्डरीक] पक्षि-विशेष; (पराह १, १—पत्र ८)।
°हय देखो भय, (गा ३८०)।
हयमार पुं [दे. हतमार] कनेर का गाछ; (पाअ)।
हर सक [हृ] १ हरण करना, छीनना। २ प्रसन्न करना, खुश करना। हरइ, (हे ४, २३४; उव, महा)। कर्म—हरिज्जइ, हीरइ, हरीअइ, हीरिज्जइ, (हे ४, २५०; धात्वा १५७)। वकृ—हरंत; (पि ३९७)। कवकृ—हीरंत, हारमाण, (गा १०५; सुर १२, १११; सुपा ६३५)। संकृ—हरिऊण; (महा)। हेकृ—हरिउं; (महा)। कृ—हिज्ज, हेज्ज; (पिंड ४४६; ४५३)।
हर सक [ग्रह्] ग्रहण करना, लेना। हरइ, (... २०६)।
हर सक [ह्वे] आवाज करना। हरइ; (से ५ ...)।
हर पुं [हर] १ महादेव, शंकर, (सुपा ३६१, पड्, हे १, ५१; गा ६८७; ७६४)। २ छन्द (पिंग)। °मेहल न [°मेखल] कला-विशेष, (... ५६)। °वल्लहा स्त्री [°वल्लभा] गौरी, पार्वती, ५६७)।
हर पु [ह्रद] द्रह, बडा जलाशय, (से ६, ६५)।
हर देखो घर=गृह; 'ता वच्च प...इ मा मग्ग ... मज्झ हरे" (वज्जा १००; कुमा; सुपा ३६१, १४४)।
°हर देखो धर=ध्रु। कृ—हरेअव्व, (से ६, ३)
°हर देखो भर=भर; (पउम १००, ५६; सुपा ...)
°हर वि [°हर] हरण कर्ता; (सण)।
°हर वि [°धर] धारण करने वाला; (गा ११६ ...)
हरअई } स्त्री [हरीतकी] १ हर्रे का गाछ, २ विशेष, हर्रे, (पड्; हे १, ६६; कुमा)।
हरडई }
हरण न [हरण] १ छीनना; (सुपा १८ ... कुमा)। २ वि. छीनने वाला, (सुपा ११४, ...)।
हरण न [ग्रहण] स्वीकार, (कुमा)।
हरण न [स्मरण] स्मृति, याद,

"मलिअकुविअम्मि कयमनुआर स जेसु सुइअ ... ताण दिअहाण हरणो रुआमि, ण उणो अर ... (गा ६ ...)

°हरण देखो भरण, (गा ५२० अ)।
हरतणु पु [हरतनु] खेत में बोये हुए गेहूँ, जौ आदि ... बालों पर होता जल-बिन्दु, (कप्प, चेइय ३७३, ...)।
हरद देखो हरय, (भग)।
हरपच्चुअ वि [दे] १ स्मृत, याद किया हुआ, २ ... के उद्देश से दिया हुआ, (दे ८, ७४)।
हरय पुं [ह्रद] बडा जलाशय, द्रह, (आचा, ... २, ५—पत्र १४६, उत्त १२, ४५, ४६, हे २, १२० ...)।
हरहरा स्त्री [दे] युक्त प्रसङ्ग, योग्य अवसर, ... प्रस्ताव;

"निद्धूमग च गाम महिलाथूभं च सुरणय ... नीयं च काया ओलिति जाया भिक्खस्स हरहरा" (पिंड २०६ ...)

[°वाहन] १ मथुरा का एक राजा; (पउम १२, २)। २ नन्दीश्वर द्वीप के अपरार्ध का अधिष्ठाता देव; (जीव ३, ४)। °सह देखो °स्सह, (राज)। °सेण पुं [°षेण] १ दसवाँ चक्रवर्ती राजा, (सम ६८, १५२)। २ भगवान् नमिनाथजी का प्रथम श्रावक, (विचार ३७८)। °स्सह पुं [°सह] १ विद्युत्कुमार-देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र, (ठा २, ३—पत्र ८४; इक)। २ माल्यवन्त पर्वत का एक शिखर; (ठा ९—पत्र ४५४)।

हरि पुं [हरित्] १ हरा रँग, वर्ण-विशेष, २ वि. हरा रँग वाला, (णाया १, १६—पत्र २२८)। ३ स्त्री. एक महा-नदी, (सम २७; इक, ठा २, ३—पत्र ७२)। ४ षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना, (ठा ७—पत्र ३९३)। °पवाय, °प्पवाय पुं [°प्रपात] एक द्रह, जहाँ से हरित् नदी निकलती है, (ठा २, ३—पत्र ७२, टी—पत्र ७५)।

हरि° देखो हिरि°, (भग, पि ९८; उत्त ३२, १०३)।

हरिअ पुं [हरित] १ वर्ण-विशेष, हरा रँग, २ वि. हरा रंग वाला, (औप, णाया १, १ टी—पत्र ४, १, ७—पत्र ११६, भ ८, ४९, गा ६६५)। ३ पुं. एक आर्य मनुष्य-जाति, (ठा ६—पत्र ३५८)। ४ पुन. वनस्पति विशेष, हरा तृण, सब्जी, (पगह १—पत्र ३०, औप, पाअ; पंच ५, ५०, दस १०, ३)।

हरिअ देखो हिअ- हृत, (कम, महा)।

हरिअ देखो भरिअ=भरित, (गा ६३२)।

हरिअग } न [हरितक] चींगा आदि के पत्तों से बना
हरिअय } हुआ भोजन-विशेष, (पव २५९, सुज्ज २० टी)।

हरिआ स्त्री [हरिता] दूर्वा, दूब, तृण-विशेष; (स ७, ५३, ६, ३१)।

हरिआ देखो हिरी; (कुमा)।

हरिआल देखो हरि-आल।

हरिआली स्त्री [दे. हरितालो] दूर्वा, दूब; (दे ८, ६४, पाअ, कप्पू, कप्प, अणु २२)

हरिएस देखो हरि-एस।

हरिचंदण देखो हरि-चंदण।

हरिचंदण न [दे. हरिचन्दन] कुंकुम, केसर, (दे ८, ६४)।

हरिडय पुं [हरितक] कौंकण देश-प्रसिद्ध वृक्ष-विशेष, (पगह १—पत्र ३१)।

हरिण पुं [हरिण] १ हिरन, मृग, (कुमा)। २ छन्द का एक भेद; (पिंग)। °च्छी स्त्री [°क्षी] सुन्दर आँख वाली स्त्री, (कप्पू)। °रि पुं [°रि] सिंह, (२९)। °हिव पुं [°धिप] वही, (हे ३, १८०)

हरिणंक पुं [हरिणाङ्क] चन्द्र, चाँद; (हे २, कप्पू; सण)।

हरिणंकुस पुं [हरिणाङ्कुश] चौथे बलदेव के गुरु जैन मुनि; (पउम २०, २०५)।

हरिणगवेसि देखो हरिणेगमेसि; (पउम ३, १०४)

हरिणी स्त्री [हरिणी] १ मादा हिरन, हिरनी, (पाअ) २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

हरिणेगमेसि पुं [हरिनैगमेषिन्] शक्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव; (ठा ५, १—३०२, अंत ७, १८)।

हरिद्दा देखो हलिद्दा; (पि ३७५)।

हरिमंथ पुं [दे] काला चना, अन्न विशेष, (श्रा १८, १५६, संबोध ४३; दे ८, ७० टि)। देखो हिरिमंथ।

हरिमिग्ग पुं [दे] लगुड, लट्ठी, डंडा; (दे ८, ६१)

हरिली देखो हिरिली, (उत्त ३६, ९८)।

°हरिल्ल वि [°भरवत्] भार वाला, बोझ वाला, (५४५)।

हरिस अक [हृष्] खुशी होना। हरिसइ, (हे ४, २३५; प्राप्र; षड्), "हरिसिज्जइ कयत्थो ..." (संबोध ४६)।

हरिस सक [हर्ष] हर्ष से रोम खड़ा करना। "... वि या हरिसे सुन्नागारगओ मुणी" (सूअ १, २, २, १६)।

हरिस पुं [हर्ष] १ सुख, २ आनन्द, प्रमोद, (दे २, १०५, प्राप्र, कुमा, भग)। ३ आयुध (औप)। °उर पुं [°पुर] एक जैन गच्छ, (६५८)। °ल्ल वि [°वत्] हर्ष युक्त, (प्राकृ ३५)।

हरिसण पुं [हर्षण] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग, (१०८)।

हरिसाइय वि [हर्षित] हर्ष-प्राप्त, (पउम ६१, ३३)

हरिसाल देखो हरिस-ल्ल=हर्ष वत्

हरिसिअ वि [हर्षित] हर्ष-प्राप्त, आनन्दित; (हे, भवि, महा, सण)।

हरी देखो हिरी, (पउम १, ३३, ६, भग)।

हरीडइ देखो हरडइ (प्राकृ १२)।

हरे अ [अरे] इन अर्थों का सूचक अव्यय,—१ संभाषण,

**

६३६)। ३ वि. कम्पनशील, काँपता, चञ्चल, "पासट्ठिओ-वि दीवो सहसा हल्लप्फलो जाओ" (वज्जा ६६)।

हल्लप्फलिअ वि [दे] १ शीघ्र, जल्दी, २ न. आकुलता, व्याकुलपन, (दे ८, ५६)। ३ वि. व्याकुल; (धर्मवि ५६)।

हल्लफल देखो हल्लप्फल, (गा ७६)।

हल्लफलिअ देखो हल्लप्फलिअ, "विमलो आइ लोहिया, तो हल्लफलिओ इम (आ १२)।

हल्लाविय वि [दे] हिलाया हुआ, (सुर ३, १०६)।

हल्लिअ वि [दे] हिला हुआ, चलित, (दे ८, ६२, भवि)।

हल्लिर वि [दे] चलन-शील, हिलने वाला, (स ५७८, कुप्र ३५१)।

हल्लीस पुं [दे] रासक, मण्डलाकार हो कर स्त्रियों का नाच, (दे ८, ६१; पाअ)।

हल्लुत्ताल) न [दे] शीघ्रता, जल्दी, त्वरा, गुजराती
हल्लुत्तावल) में 'उतावळ', (भवि, सुर १५, ८८)।

हल्लुप्फलिय देखो हल्लप्फलिअ, (जय १२)।

हल्लोहल देखो हल्लप्फल, (उप पृ ७७, आ १६; हे ४, ३६६, उप ७२८ टी; सुर १८, ३०, महा; भवि)।

हल्लोहलिअ देखो हल्लप्फलिअ, (सिरि ६६४, ८३४, भवि)।

हल्लोहलिय पुस्त्री [दे] सरट, गिरगिट, स्त्री—°या; (कप्प)।

हव अक [भू] १ होना। २ सक. प्राप्त करना। हवइ, हवेइ, हवंति; (हे ४, ६०; कप्प, उव, महा, ठा ३, १—पत्र १०६), "किं हरसुवाइमज्झट्ठिआ नमो हवइ महुरत्त" (धर्मवि १७), हवेज्ज, हवेज्जा, (पि ४७५)। वकृ—हवत, हवेमाण; (पउ)।

°हव देखो भव=भव, (उव ४६४)।

हवण न [हवन] होम, (सिरि १५६२)।

हवि पुन [हविस्] १ घृत, घी; २ हवनीय वस्तु; (स ६; ३१४; दसनि १, १०४)।

हविअ वि [दे] गर्वित, गुमड़ा हुआ, (दे ५, २२; ८, ६२)।

हव्व वि [हव्य] हवनीय पदार्थ, होम-योग्य वस्तु; (सुपा १६१)। °वह पु [°वह] अग्नि, आग; (उप ५६७ टी; सुपा ४१६; गउड)। °वाह पुं [°वाह] वही; (आचा, पाअ, सम्मत्त २२८; वेणी १६२; दस ६, ३५)।

हव्व वि [अर्वाच्] १ आगर, पर से अन्य; "नो हव्वाए नो पाराए" (आचा; सूअ २, १, १; ८; १०; १६; २८; ३३)। २ न. शीघ्र, जल्दी; (णाया १, १ ३१; उवा; सम ५६; विपा १, १—पत्र ८, टी १०; कप्प; कस)।

°हव्व देखो भव्व=भव्य, (गा ३६०; ४२०; ४५६)।

हस अक [हस्] १ हँसना, हास्य करना। २ उपहास करना, मजाक करना। हसइ, हसेइ, हसए, हससि, हससे, हसित्था, हसह, हसामि, हसमि, हसामु, हसाम, हसेम, हसेमु; (हे ३, १३६; १४०, १४२; १४३; १४४; १५४; १५८; कुमा)। हसेउ, हसमु, हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे, हसेज्ज, हसेज्जा, (हे ३, १५८; १७३; १७५; १७६)। भवि—हसिहिस्सामो, हसिहिमो, हसिहिस्सा, हसिहित्था, हसेज्ज (हे ३, १६६; १६७, १६८; १६९)। हसिज्जइ, हसिज्जति; (हे ३, १६०; १४२)। हसंत, हसेंत, हसमाण; (औप; हे ३, १५८; पउ)। कवकृ—हसिज्जंत, हसीअंत, हसिज्जमाण, हसेज्जमाण; (हे ३, १६० टी; सुर १४, १८०)। सकृ—हसिऊण, हसिउआण, हसिउआणं, हसेउआण, हसिऊणं; (हे ३, १५७, पि ५८४; ५८५)। हसिउ, हसेउं; (हे ३, १५७)। कृ—हसेअव्व, हसणीअ, (पण्ह २, ५—पत्र १५६, १५७; पउ; मल्लि ३४; नाट—मृच्छ ११४)।

हस अक [ह्रस्] हीन होना, कम होना। हसइ; (५, ५३)।

हस पु [हास] हास्य; (उप १०३१ टी)।

हसण स्त्रीन [हसन] हास्य, हँसी, (भग, उप २६२, पचा २, ८)। स्त्री—°णा; (उप पृ ३९७)।

हसहस अक [हसहसाय्] १ उत्तेजित होना, सुलगना। "सिंगाररसहसु (?) हसा मोहग्गिपुंजा हसइ" (सुख १, ८)। वकृ—हसहसित, (१५)। सकृ—हसहसेऊण; (राज)।

हसाव देखो हास=हासय्। हसावइ, हसावेइ, (१४६)।

हसिअ वि [हसित] १ जिसका उपहास किया

°भद्द पुं [°भद्र] हार-द्वीप का अधिष्ठाता एक देव; (जीव ३, ४—पत्र ३६७)। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] हारद्वीप का एक अधिष्ठाता देव; (जीव ३, ४)। °महावर पुं [°महावर] हार-समुद्र का एक अधिष्ठायक देव. "हारसमुद्दे हारवर-हारवर(?हार)महावरा एत्थ दो देवा महिड्ढीया" (जीव ३, ४—पत्र ३६७)। °वर पुं [°वर] १ हार-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव; २ द्वीप-विशेष, ३ समुद्र-विशेष; ४ हारवर-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव, (जीव ३, ४)। °वरभद्द पुं [°वरभद्र] हारवर-द्वीप का एक अधिष्ठायक देव; (जीव ३, ४)। °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] हारवर-द्वीप का एक अधिष्ठाता देव, (जीव ३, ४)। °वरमहावर पुं [°वरमहावर] हारवर-समुद्र का एक अधिष्ठायक देव; (जीव ३, ४)। °वरावभास पुं [°वरावभास] १ एक द्वीप, २ एक समुद्र, (जीव ३, ४)। °वरावभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] हारवरावभास-द्वीप का एक अधिष्ठाता देव, (जीव ३, ४)। °वरावभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] हारवरावभास-द्वीप का एक अधिष्ठायक देव, (जीव ३, ४)। °वरावभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] हारवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव, (जीव ३, ४)। °वरावभासवर पुं [°वरावभासवर] हारवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठायक देव, (जीव ३, ४—पत्र ३६७)।

...ार देखो भार, (सुपा ३६१, भवि)।

...अ त्रि [हारक] नाश-कर्ता, (अभि १११)।

...ण त्रि [हारण] ऊपर देखो. "धम्मत्थकामभोगाण ...या कारणं दुहसयाण" (पुप्फ ७६२, धम्म १० टी)।

... देखो हार=हारय। हारग्ह, (हे ४, ३१)। भवि— ...विस्तर, (स ५६६)।

...अ त्रि [हारित] नाशित, (कुमा, सुपा ५१२)।

...ी [दे] लिक्षा, जन्तु विशेष, (दे ८, ६६)। ...सा धारा, (कप्प, गा ७८५)।

... [हारि] १ हार, पराजय, (उप पृ ५२)। २ ...पि; (कुम ३८८)। ३ छन्द-विशेष, (पिंग)।

... [हारिन्] १ हरण-कर्ता; (सिरि ३२४५, ... २ मनोहर, चित्ताकर्षक, (गउड)।

... हारीत] १ गोत्र-विशेष जो कौशिक गोत्र ...ता है, २ पुरुष. उस गोत्र में उत्पन्न, (ठा

...७—पत्र ३९०; पंदि ४९; कप्प)। °माल... [°मालाकारी] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प ...

हारिअ त्रि [हारित] १ हारा हुआ, पराजित; (सुपा ३९९; महा; भवि)। २ नष्ट, गुमाया हुआ; (वज्जा १; सुपा १९९)।

हारियंद त्रि [हारिचन्द्र] हरिचन्द्र का, ह... का बनाया हुआ; (गउड)।

हारिया स्त्री [हारीता] एक जैन मुनि-शाखा, (... देखो हारिअ-मालागारी।

हारियायण न [हारितायन] एक गोत्र, (कप्प)

हारी स्त्री [हारी] देखो हारि=हारि; (उप पृ ... कुम ३४४; पिंग)।

हारीय पुं [हारीत] १ मुनि-विशेष; २ न. गोत्र, (राज)। °बंध पुं [°बन्ध] छन्द-विशेष; (पिं...

हारोस पुं [हारोष] १ अनार्य देश-विशेष, २ ... देश का निवासी, (पण्ण १—पत्र ५८)।

हाल पुं [दे. हाल] राजा शातवाहन, गाथा... का कर्ता; (दे ८, ६६; २, ३६; गा ३; वज्जा ६४)।

हाला स्त्री [हाला] मदिरा, दारू; (पाअ; कुम... रभा)।

हालाहल पुं [दे] मालाकार, माली; (दे ८, ७५)।

हालाहल पुंस्त्री [हालाहल] १ जन्तु-विशेष, ब्राम्हनी, (दे ६, ९०; पाअ; गा ६२), ब्र—(दे ८, ७५)। २ त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (पण्ण १—पत्र ४५)। ३ पुन. स्थावर विष-विशेष; (दस ६, ... गच्छ २, ४)। ४ पुं. रावण का एक सुभट, (... ५६, ३३)।

हालाहला स्त्री [हालाहला] एक आजीविक-म... कुम्हारिन, (भग १५—पत्र ६५९)।

हालिअ देखो हलिअ=हालिक, (दे १, ६७; प्रा)।

हालिज्ज न [हालीय] एक जैन मुनि-कुल, (कप्प)।

हालिद्द पुं [हारिद्र] १ हल्दी के तुल्य रंग, पीला ... (अणु १०६; ठा ५, १—पत्र २६१)। २ त्रि ... जिसका रंग पीला हो वह; (पण्ण १—पत्र ... ७, १, १५, भग, औप)। ३ पुन ... (देवेन्द्र ११२)।

हालिया स्त्री [हालिका] देखो हलिआ, ... २

हालुअ त्रि [दे] क्षीब, मत्त, (दे ८, ६६ ...

साधन; (याया १, १४—पत्र १८७)। २ चित्त को शून्य बनाने वाला; (विपा १, २—पत्र ३६)।
°हिअ न [घृत] घी; (सुख १८, ४३)।
हिअउल्ल (अप) देखो हिअय=हृदय; (कुमा)।
हिअंकर पु [हितंकर] राम-पुत्र कुश के पूर्व जन्म का नाम; (पउम १०४, २६)।
हिअड } (अप) देखो हिअय=हृदय; (हे ४, ३५०;
हिअडुल्ल } पि ५६६; सण)।
हिअय न [हृदय] १ अन्तःकरण, हिया, मन, (हे १, २६६; स्वप्न ३३; कुमा; गउड; दं ४६, प्रासू ४४)। २ वक्षस्, छाती, (से ४, २१)। ३ पर ब्रह्म; (प्राप्र)। °गमणीअ वि [°गमनीय] हृदयंगम, मनोहर; (सम ६०)। °हारि वि [°हारिन्] चित्ताकर्षक; (उप ७२८ टी)।
हिअय देखो हिअ = हित; "कुद्धेहि जेहि जणो भयाणागो हिअयमग्गम्मि" (उप७६८ टी)।
हिअयंगम वि [हृदयंगम] मनोहर, चित्ताकर्षक; (दे १, १)।
हिआली स्त्री [हृदयाली] काव्य-समस्या-विशेष, गूढार्थक काव्य-विशेष; (वज्जा १२४)।
हिइ स्त्री [हृति] १ अपहरण, २ न. स्थानान्तर मे ले जाना; (सत्ति ५)।
हिएसय वि [हितैषक] हितेच्छु, हित चाहने वाला, (उत्त ३४, २८)।
हिएसि वि [हितैषिन्] ऊपर देखो, (उत्त १३, १५, उप ७२८ टी, सुपा ४०४; पुप्फ १०)।
हिओ अ [ह्यस्] गत कल, (अभि ५६; प्राप, वि १३४)।
हिंग पु [दे] जार, उपपति; (दे १, ४)।
हिंगु पुन [हिङ्गु] १ वृक्ष-विशेष, हिंग का गाछ; (पयण १—पत्र ३४)। २ हिंग, "डाए ओसे हिंगू सकामणा फोडणे धूमे" (पिंड २५०; स २५८; चारु ७)। °सिव पु [°शिव] व्यन्तर देव-विशेष; (दसनि १, ६६)।
हिंगुल पुन [हिङ्गुल] पार्थिव धातु-विशेष, हिंगुल, सिंगरफ, (पयण १—पत्र २५; जो २, जी ३; सुस ३६, ७५)।
हिंगुलु पुन [हिङ्गुलु] ऊपर देखो; (उत्त ३६, ७५; कम्म)।
हिंगोल पुन [दे] १ मृतक-भोजन, किसी के मरण के उद्देश में दिया जाता जीमन, श्राद्ध; २ यक्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में किया जाता जीमनवार; (१, ४, १)।
हिंचिअ न [दे] एक पैर से चलने की बाल-क्रीडा; (८, ६८)।
हिंजीर न [हिञ्जीर] गू खलक, सिकरी, साँकल, (६, ११६; गउड)।
हिंड सक [हिण्ड्] १ भ्रमण करना। २ जाना, हिंडइ; (सुपा ३८४; महा), हिंडिज्जा; (ओघ २५' कर्म—हिंडिज्जइ; (प्रासू ४०)। वकृ—हिंडंत, (१३८)। कृ—हिंडियव्व; (उप पृ ५०; महा)। हिंडिय; (महा)। हेकृ—हिंडिउं; (महा)।
हिंडग वि [हिण्डक] १ भ्रमण करने वाला, (१८, ८)। २ चलने वाला; (अणु १२६)।
हिंडण न [हिण्डन] १ परिभ्रमण, पर्यटन, (१८; स ४६)। २ गमन, गति; (उप १०१०)। भ्रमण-शील, (दे २, १०६)।
हिंडि स्त्री [हिण्डि] परिभ्रमण, पर्यटन, "वासुदेवाइयो हिंडी राय-वसुभवाया वि। तारयसेवि कह हुंता न हुंत जइ कम्मय" (कर्म १६)
हिंडि पु [हिण्डिन्] रावण का एक सुभट; (पउम ३३)।
हिंडिअ वि [हिण्डित] १ चला हुआ, चलित, (महा ३४)। २ जहाँ पर जाया गया हो वह, "दे असेसं गामं" (महा ६१)। ३ न. गति, गमन, (याया १, ६—पत्र १६५, ओघ २५४)।
हिंडुअ पु [दे. हिण्डुक] आत्मा, जीव, जन्मान्तर वाला आत्मा, हिन्दु, (भग २०, २—पत्र ७७६)।
हिंडोल न [दे] १ खेत में पशुओं को रोकने की ध्वनि २ खेत की रक्षा का यन्त्र, (दे ८, ६६)।
हिंडोल देखो हिंदोल; (स ५२१)।
हिंडोलण न [दे] १ रत्नावली, रत्न-माला, २ खेत रक्षा का आवाज, खेत में पशु आदि को रोकने का (दे ८, ३६)।
हिंडोलय देखो हिंडोल, (दे ८, ६६)।
हिंताल पु [हिन्ताल] वृक्ष-विशेष, (उप १०३१ कुमा)।

[ग्रह्] स्वीकार करना, ग्रहण करना। हिंदइ; (धात्वा ३०; धात्वा १५७)। कर्म—हिंदिज्जइ; (धात्वा ३०; धात्वा १५७)। संकृ—हिंविऊण; (प्राकृ ३०; धात्वा १५७)।

...सक [हिन्दोलय्] झूलना। वकृ—हिंदोलअंत; (...)।

...पुं [हिन्दोल] हिंडोला, झूलना, दोला; (कप्पू)।

...लण न [हिन्दोलन] झूलना, दोलन; (कप्पू)।

...न [दे] एक पैर से चलने की बाल-क्रीडा; (दे ८, ६८)।

...स सक [हिंस्] १ वध करना। २ पीड़ा करना। हिंसइ, हिंसंति; (आचा; पव १२१)। भूका—हिंसिंसु; (आचा; हिंसंति, हिंसेंति, हिंसेहि; (पि ...स १२१)। भवि—हिंसिस्सइ, हिंसिस्संति, हिंसिही; (पि ...११६; आचा; पव १२१)। वकृ—हिंसमाण; (आचा)। ...—हिंस, हिंसियव्व; (उप ६२५; पण्ह १, १—पत्र ...२, १—पत्र १००; उव)।

...ग वि [हिंस्र] १ हिंसा करने वाला, हिंसक; (उत्त ७, ...; पण्ह १, १—पत्र ५; विसे १७६३; पंचा १, २३; उप ६२५; स ५०)। °प्पदाण, °प्पयाण न [°प्रदान] हिंसा के साधन-भूत खड्ग आदि का दान; (श्रा; राज)। °प्पेहि ...°प्पेहि देखो हिंसा; (पण्ह १, १—पत्र ५)। °प्पेहि वि [°प्रेक्षिन्] हिंसा को देखने वाला; (ठा ५, १—पत्र ३००)।

...सिअ वि [हिंसक] हिंसा करने वाला; (भग; औप ...; ७५२; उत्त २६, २५६; उव; कुम २६)।

...सण न [हिंसन] हिंसा; "अहिंसयं सव्व-जियाण धम्मो" (सत्त ४२)।

हिंसा स्त्री [हिंसा] १ वध, घात; (उवा; महा; प्रासू १४३)। २ वध, बन्धन आदि से जीव को की जाती पीड़ा, हैरानी; (ठा ४, १—पत्र १८८)।

हिंसा स्त्री [हेषा] अश्व का शब्द; "गयगज्जि हयहिंसं च मनुस्सो केवि कुव्वंता" (सुपा १६४)।

हिंसिय वि [हिंसित] हिंसा-प्राप्त; (राज)।

हिंसिय न [हेषित] अश्व-शब्द; (पउम ६, १८०; दस ...३, १ टी)।

हिंसी स्त्री [हिंसी] लता-विशेष; (गउड)।

हिंदु पुं [दे] हिन्दू, हिन्दुस्थान का निवासी; (पिंग)।

हिक्का स्त्री [दे] रजकी, धोबिन; (दे ८, ६६)।

हिक्का स्त्री [हिक्का] रोग-विशेष, हिचकी; (सुपा ४८६)।

हिआलि पुं [दे] पङ्क, कादा; (दे ८, ६६)।

हिक्किअ न [दे] हेषा-रव, अश्व-शब्द; (दे ८, ६८)।

हिज्ज देखो हर=हृ।

हिज्ज देखो हा।

हिज्जा } अ [दे. ह्यस्] गत कल; (पड्; दे ८, ६७; पाअ; प्रयौ १३; पि १३४)।

हिज्जो }

हिज्जो अ [दे] आगामी कल; (दे ८, ६७)।

हिट्ठ वि [दे] आकुल; (दे ८, ६७)।

हिट्ठ देखो हेट्ठ; (सुर ४, २२५; महा; सुपा ८८)।

हिट्ठ देखो हट्ठ=हृष्ट; (उव; सम्मत्त ७५)।

हिट्ठाहिड वि [दे] आकुल; (दे ८, ६७)।

हिट्ठिम देखो हेट्ठिम; (सिरि ७०८; सुज्ज १०, ५ टी)।

हिट्ठिल्ल देखो हेट्ठिल्ल; (सम ८७)।

हिडिंब पुं [हिडिम्ब] १ एक विद्याधर राजा; (पउम १०, २०)। २ एक राक्षस; (वेणी १७७)। ३ देश-विशेष; (पउम ९८, ६५)।

हिडिंबा स्त्री [हिडिम्बा] एक राक्षसी, हिडिम्ब राक्षस की बहिन; (हे ४, २९९)।

हिडोलणय देखो हिंडोलण; (दे ८, ७६)।

हिड्ड वि [दे] वामन, खर्व; (दे ८, ६७)।

हिणिद वि [भणित] उक्त, कथित; "सयणाहुणिआ देअरजाआ ए सुहअ किं ति दे ह(हि)णिदा" (गा ९९३)।

हिण्ण सक [ग्रह्] ग्रहण करना। हिण्णइ; (धात्वा १५७)।

हिण्ण (अप) देखो हीण; (पिंग)।

°हिण्ण देखो भिण्ण; (गा ५९३)।

हितअ } (पै) देखो हिअअ=हृदय; (प्राप्र; पड्; वाग्भ

हितप } १६; पि २५४; हे ४, ३१०; कुमा; प्राकृ १२४)।

हित्थ वि [दे] १ लज्जित; (दे ८, ६७; षण ६)। २ त्रस्त, भय-भीत; (दे ८, ६७; हे २, १३६; प्राप्र; गा ३८६; ७६३; सुर १६, ९१; कुमा)। ३ हिंसित, मारा हुआ; "हित्थो व या हित्थो मे सत्तो, भणियं व न भणियं मोसं" (वव १)।

हित्था स्त्री [दे] लज्जा, शरम; (दे ८, ६७)।

हिदि अ [हृदि] हृदय में; "हिदि निरुद्धवाउव्व" (विसे २२०)।

हिद्ध वि [दे] त्रस्त, खिसका हुआ, खिसक कर गि...

हुआ; (षड्)।

हिम न [हिम] १ तुषार, आकाश से गिरता जल-कण; (पाअ; आचा; से २, ११)। २ चन्दन, श्रीखण्ड; (से २, ११)। ३ शीत, ठंडी, जाड़ा, (बृह १)। ४ बर्फ, जमा हुआ जल, (कप्प; जी ५)। ५ पुं. छठवीं नरक-पृथिवी का पहला नरकेन्द्रक—नरक-स्थान; (देवेन्द्र १२)। ६ ऋतु-विशेष, मार्गशीर्ष तथा पौष का महिना; (उप ७२८ टी)। °कर पु [°कर] चन्द्रमा, चाँद; (सुपा ५१)। °गिरि पुं [°गिरि] हिमाचल पर्वत, (कुमा, भवि; सण)। °धाम पुं [°धामन्] वही; (धम्म ६ टी)। °नग पुं [°नग] वही; (उप पृ ३४८)। °यर देखो °कर; (पाअ)। °व, °वंत पुं [°वत्] १ वर्षधर पर्वत-विशेष; "हिमवो य महाहिमवो" (पउम १०२, १०५; उवा, कप्प, इक)। २ हिमाचल पर्वत; (पि ३९६)। ३ राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र; (अंत ३)। ४ एक प्राचीन जैन मुनि जो स्कन्दिलाचार्य के शिष्य थे, "हिमवंतखमासमणे वंदे" (णंदि ५२)। °वाय पुं [°पात] तुषार-पतन, (आचा)। °सीयल पुं [°शीतल] कृष्ण पुद्गल-विशेष; (सुज्ज २०)। °सेल पु [°शैल] हिमालय पर्वत, (उप २११ टी)। °गम पुं [°गम] ऋतु-विशेष, हेमन्त ऋतु; (गा ३३०)। °णी स्त्री [°नी] हिम समूह; (कुम्म ३९७)। °यल पुं [°चल] हिमालय पर्वत; (सुपा ६३२)। °लय पुं [°लय] वही अर्थ; (पउम १०, १३; गउड)।

हिर देखो किर=किल; (हे २, १८६; कुमा)।

हिरडी स्त्री [दे] चील पक्षी की मादा, (दे ८, ६८)।

हिरण्ण } न [हिरण्य] १ रजत, चाँदी; (उवा; कप्प)। हिरन्न } २ सुवर्ण, सोना, (आचा; कप्प)। ३ द्रव्य, धन, (सूत्र १, ३, २, ८)। °क्ख पुं [°क्ष] एक दैत्य; (से ४, २२)। °गब्भ पुं [°गर्भ] १ ब्रह्मा, २ जिन भगवान, (पउम १०९, १२),

"गब्भट्ठिअस्स जस्स उ हिरण्णवुट्ठी सकंचणा पडिया।
तेणा हिरण्णगब्भो जयम्मि उवगिज्जए उसभो॥"
(पउम ३, ६८)।

हिरि अक [ह्री] लज्जित होना। हिरिआमि; (अभि २५५)।

हिरि° देखो हिरी; (णाया १, १६—पत्र २१७; षड्)। °म वि [°मत्] लज्जालु, शरमिन्दा; (उत्त ११, १३, ३२, १०३; पिंड ५२६)। °वेर पुं [°वेर] तृण-विशेष, सुगन्धवाला; (पाअ; उत्तनि ३)।

हिरि पुं [हिरि] भालूक का शब्द; (पउम ६४, ४५)।

हिरिअ वि [ह्रीत] लज्जित, (हे २, १०४)।

हिरिआ स्त्री [ह्रीका] लज्जा, शरम; (उप ७०३; कुमा)।

हिरिय न [दे] पल्वल, क्षुद्र तलाव; (दे ८, ६९)।

हिरिमंथ पुं [दे] चना, अन्न-विशेष, (दे ८, ७०)। देखो हरिमंथ।

हिरिली स्त्री [दे] कन्द विशेष; (उत्त ३६, ९८)।

हिरिवंग पुं [दे] लगुड, लट्ठी; (दे ८, ६३)।

हिरी स्त्री [ह्री] १ लज्जा, शरम, (आचा; हे २, १०४)। २ महापद्म-द्रह की अधिष्ठात्री देवी, (ठा २, ३—पत्र ७२)। ३ उत्तर रुचक-पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३७)। ४ सत्पुरुष-नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ महाहिमवान् पर्वत का एक कूट; (इक)। ६ देव-प्रतिमा विशेष; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

हिरीअ देखो हिरिअ; (हे २, १०४)।

हिरे देखो हरे; (प्राप्र)।

हिला } स्त्री [दे] वालुका, रेती; (दे ८, ६६)।
हिल्ला }

हिल्लिय पुस्त्री [दे] कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति, (पणण १—पत्र ४५)।

हिल्लिरी स्त्री [दे] मछली पकडने की जाल-विशेष; (विपा १, ८—पत्र ८५)।

हिल्लूरी स्त्री [दे] लहरी, तरङ्ग; (दे ८, ६७)।

हिल्लोडण न [दे] खेत में पशुओं को रोकने का आवरण; (दे ८, ६६)।

हिव देखो हव=भू। हिवइ; (हे ४, २३८)।

हिसोहिसा स्त्री [दे] स्पर्धा; (दे ८, ६६)।

ही अ [ही] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ विस्मय, आश्चर्य; (सिरि ४७३)। २ दुःख; (उप ५६७ टी)। ३ विषाद, खेद; ४ शोक, दिलगीरी; (आ १६, उप ४३६; कुमा, रभा; मन ३७)। ५ वितर्क, (सिरि २६८)। ६ कन्दर्प का अतिरेक; ७ प्रशान्त-भाव का अतिशय, (मणु १३६)।

ही देखो हिरी, (विसे २६०३)। °म वि [°मत्] लज्जाशील, लज्जालु, (सूअ १, २, २, १८)।

अंकूर देखो अंकुर; "सा पुण विरतमित्ता निदकूरे विसेसेइ" (सूमनि ६१ टी)।
अंग पुं [अङ्ग] भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम; (ती १४)। २ न. लगातार बारह दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। °ज देखो °य; (कर्मवि १२६)। °हर वि [°धर] अङ्ग-ग्रन्थों का जानकार; (विचार ४७३)।
अंगुलेयग देखो अंगुलेयय; (सुख २, २६)।
अंच सक [अञ्च्] जाना। अंचंति; (पंचा १६, २३)। "अन्नु गइ पूसयम्मि य", 'ओथोए पारमंचइ' (बृह ४)।
अंचियरिभिय न [अञ्चितरिभित] एक तरह का नाट्य, (राय ५३)।
अंजण पुं [अञ्जन] १ कृष्ण पुद्गल-विशेष; (सुज्ज ५०)। २ वेश-विशेष, (सिरि ६६७)।
अंतगय देखो अंत गय; (पव १)।
अंतद्धाण वि [अन्तर्धान] तिरोधान-कर्ता, (पिंड ५००)।
अंतब्भाव देखो अंत-भाव; (भग्भ १४२)।
अंतरपल्ली स्त्री [अन्तरपल्ली] मूल स्थान से ढाई गव्यूत की दूरी पर स्थित गाँव, (पव ७०)।
अंतरमुहुत्त देखो अंत-मुहुत्त; (पंच २, ११)।
अंतरावह पुं [अन्तरापथ] रास्ता का बीचला भाग; (सुख १, १५)।
अंतरीव न [अन्तरीप] द्वीप; "सयरगिइंवराळे जियनवयं काचि मरीव व" (धर्मव १४३)।
अंतरेण अ [अन्तरेण] बीच में, मध्य में; (स ७६७)।
अंध पुं [अन्ध] पाँचवीं नरक का चौथा नरकेन्द्रक—एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र ११)।
अंधार सक [अन्धकारय्] अन्धकार-युक्त करना। कृ—"तेइ-उन्ने एो अंधारिअइ न कि भुवणं" (कुप्र २८०)।
अंचिअ वि [अञ्चित] [illegible] हुआ; (सम्मत्त १७१)।
अंबिआ स्त्री [अम्बिका] [illegible] की एक [illegible], (उत्त ३६, १४७)।
अंबिल्लर देखो अंबिल्ल; (पिंड ५०२)।
अंबर पुं [अम्बर] एक देव-विमान; (देवेन्द्र १४४)।
अंबरम पुं [अम्बरम] आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७५)।
[illegible] पुं [[illegible]] समुद्र (कुप्र २३१)।
अंस पुं [अंश] विद्यमान कर्म, सत्ता-स्थित कर्म; "अंस इति संतकम्मं भण्णइ" (कम्म ६, ६)। °हर वि [°धर] भागीदार; (उत्त १३, २२)।
अंसु देखो अंसुय=अंशुक; (पच ३,४०)।
अंसु पुं [अंशु] किरण। °मंत, °वंत वि [°मत्] १ किरण वाला; २ पुं. सूर्य; (माक ३५)।
अंसु न [अश्रु] आँसू, नेत्र-जल। °मंत, °वंत वि [°मत्] अश्रु वाला; (माक ३५)।
अंह पुन [अंहस्] मल; "मउयं व आदिमो सो निरंहसा तेण जम्मवादेण" (धर्मवि १४६)।
अक्कंत वि [अकान्त] अनिष्ट, अनभिलषित, अनभिमत; (सूअ १,१,४,६)।
अक्का स्त्री [अक्का] कुट्टनी, दूती; (कुप्र १०)।
अक्कूर पुं [अक्रूर] श्रीकृष्ण के चाचा का नाम; (रुक्मि ४६)।
अक्खउहिणी देखो अक्खोहिणी; (माक ३०)।
अक्खाउ वि [आख्यातृ] कहने वाला; (सूअ १,१,१,११)।
अक्खित्त वि [आक्षिप्त] सब तरफ से प्रेरित; (सिरि ३९६)।
अक्खिव सक [आ+क्षिप्] आक्रोश करना। अक्खिवंति; (सिरि ८२१)।
अक्खुभिय देखो अक्खुहिय; (सादि ४६)।
अक्खोड पुं [आस्फोट] प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष; (पव २)।
अक्खरय पुं [दे] भृत्य-विशेष, एक प्रकार का दास; (पिंड ३१७)।
अक्खोड देखो अक्खोड+आस्फोट; (पव २ टी)।
अगम पुं [अगम] १ वृक्ष, पेड़; "दुमा य पायवा रुक्खा आ(? अ)गमा विडिमा तरू" (दसनि १, ३५)। २ वि. स्थावर, नहीं चलने वाला; (महानि ४)।
अगारग वि [अकारक] न कर्ता; (सूमनि १०)।
अगिणि देखो अग्गि; (संबोध १२)।
अगुणासी देखो एगूणासी; (पव २४)।
अग्ग न [अग्र] अकर्ण, (उत्त २०, १५)।
अग्ग पुन [दे] १ परिहास, २ वर्णन, (सादि ५०)।
अग्ग न [अग्र] १ प्रभूत, बहु, २ उपकार; (आचानि २८५)। °भाव न [°भाव] [illegible]

अज्झाय देखो अज्झाअ = अध्यापय्। अज्झावेइ; (सुज्ज २,१३)। वकृ—अज्झायअंत; (हास्य १२४)।
अज्झावग देखो अज्झायय, (दसनि १, १ टी)।
अज्झावण न [अध्यापन] पाठन; (सिरि २७)।
अज्झुसिअ वि [अध्युषित] आश्रित, (पिंड ४५०)।
अभावणा देखो अज्झावणा; "पसमो पवन्नवयणो विहिया सव्वासयभावयाकुसलो" (सबोध २४)।
अट्टणा स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति, (प्राकृ ३१)।
अट्टमट्ट वि [दे] निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा; (सुख ५,८)।
अट्ठ पुं [अर्थ] संयम; (सुअ १, २, २, १६)।
अट्ठंस वि [अष्टास्र] अष्ट-कोण; (सुम २, १, १५)।
अट्ठदिट्ठि स्त्री [अष्टदृष्टि] योग की आठ दृष्टियाँ, वे ये हैं:—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा, (सिरि ८२३)।
अट्ठय न [अष्टक] आठ का समूह; (वव १)।
अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ; (कुम्र २१६)।
अट्ठारसग न [अष्टादशक] १ अठारह का समूह; (पंचा १४, ३)। २ वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह; (पव १११)।
अट्ठावय न [अर्थपद] गृहस्थ; (दस ३, ४)।
अट्ठि पु [अस्थि] १ हड्डी, हाड़; "अयं अट्ठी" (सुम २, १, १६)। २ फल का गुठी; (दस ५, १, ७३)।
अट्ठिय पु [अस्थिक] १ वृक्ष-विशेष; २ न. फल-विशेष, अस्थिक वृक्ष का फल; (दस ५, १, ७३)।
अट्ठिल्लय पु [अस्थि] फल का गुठी, (पिंड ६०३)।
अड्डिरा वि [दे] आरोपित; (वव १ टी)।
अड्डारसग देखो अट्ठारसग; (पिंड ४०२)।
अणइवुट्ठि स्त्री [अनतिवृष्टि] अवृष्टि, वर्षा का अभाव; 'दुब्भिक्खडमरदुम्मारिईइअइवुट्ठी अणइवुट्ठी य" (संबोध २)।
अणंतय न [अनन्तक] वस्त्र, कपड़ा, (पव २)।
अणंस वि [अनंश] अखण्ड, (धर्मसं ७०६)।
अणग्घ देखो अनघ; (कुम्र १)।
अणलं अ [अनलम्] असमर्थ; (आचा २,५,१,७)।
अणवज्ज वि [अनवद्य] निष्पाप, निर्दोष, शुद्ध, (प्राकृ २१)।
अणाहा स्त्री [अधुना] इस समय; (प्राकृ ८०)।
अणाहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ हो वह (सम्मत्त १४३)।
अणादि देखो अणाइ; (स ६८३)।
अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद; (पंच ४, २)।
अणाय सक [आ+नायय्] मंगवाना अणावेमि, (सिरि ६४६)।
अणाविअ वि [आनायित] मंगवाया हुआ; (सिरि ६६; ७१८)।
अणासण देखो अणसण; (सुम १, २, १, १४)।
अणाहार पु [अनाहार] एक दिन का उपवास; (संबोध ५८)।
अणिइण देखो अणगिण; (विचार २२)।
अणिमिस न [अनिमिष] पक्ष-विशेष; (दस ५, १, ७३)।
अणिया स्त्री [दे] धार, अग्र भाग, गुजराती में 'अणी' "संलासियाइ पत्या" (धर्मवि १७)।
अणिह वि [अस्निह] स्नेह-रहित; (सुम १, २, २, ३०)।
अणुअंप सक [अनु+कम्प्] दया करना। कृ—अणुअंपणिज्ज; (हास्य १४४)।
अणुअर वि [अनुचर] अनुसरण-कर्ता; (हास्य १२१)।
अणुओग पु [अनुयोग] सम्बन्ध, (गु १७)
अणुकूलि वि [अनुकूलिन्] अनुकूल-कारक, "गुरुविरजोगाणुकूलिणो भणिया" (संबोध ५)
अणुक्कम सक [अनु+क्रम्] क्रम से बढ़ना। भवि—अणुक्कमिस्सामि; (जीवस १)।
अणुक्कमण न [अनुक्रमण] गमन, गति, (सुम १, ५, २, २१)।
अणुक्कुइअ वि [अनुकुचित] थोड़ा संकुचित, (पव ६२)।
अणुग वि [अनुग] अनुसरण-कर्ता; (रुक्क ३, ११)
अणुगमिअ वि [अनुगत] अनुसृत; (कुम्र ४१)।
अणुगरण देखो अणुकरण, (कुम्र १७६)।
अणुग्घाय न [अनुद्घात] गुरु प्रायश्चित; (वव १)।
अणुचरग वि [अनुचरक] सेवा करने वाला, (पव ६१)।
अणुजत्ता स्त्री [अनुयात्रा] निर्गम, निःसरण; (सिरि ८८)।

आणुओगिअ वि [आनुयोगिक] व्याख्या-कर्ता ; (पंचि ५१)।

आणुगुण्ण } न [आनुगुण्य] १ औचित्य, अनु-
आणुगुन्न } रूपता ; (पंचा ६, २६)। २ अनु-कूलता , (धर्मसं ११८६)।

आणुपाणु देखो आणापाणु ; (कम्म ५ ४०)।

आणुलोमिअ वि [आनुलोमिक] अनुलोम, अनुकूल, मनोहर ; (दस ७, ५६)।

आणूग पुंन [अनूप] सजल प्रदेश , (धर्मसं ६२६)।

आतित्थ देखो आइत्थ ; (कुप्र १०० ; २८६)।

आत्त देखो अत्त = आप्त ; (अणु २१)।

आत्त वि [आत्मीय] स्वकीय , (अणु २१)।

आद [शौ] देखो अत्त = आत्मन ; (द्रव्य ६)।

आद देखो आइ = आ+दा । आदए , (सूअ १, ८, १६)।

आदयाण वि [आददान] ग्रहण करता; (भ १३८)।

आदाणिय न [आदानीय] लाभ, नफा ; (सुख ४, ६)।

आदित्त देखो आइत्त ; (कप्प १६०)।

आदु [शौ] देखो अदु ; (त्रि ६०)।

आदेस पु [आदेश] व्यपदेश, व्यवहार ; (सूअ १, ८, ३)। देखो आएस = आदेश ; (सूअ २ १, ५६)।

आधोरण पु [आधोरण] हस्तिपक , (धर्मवि १३६)।

आपत्ति स्त्री [आपत्ति] प्राप्ति , (संबोध ३५ ; पव १८६)।

आपायण न [आपादन] संपादन , (श्रावक ८२ ; पंचा ६, १६)।

आफुण्ण वि [दे] आक्रान्त ; (अणु १६२)।

आभिओगा स्त्री [आभियोग्या] आभियोगिक भावना ; (उत्त ३६, २५५)।

आभिग्गहिअ वि [आभिग्रहिक] १ अभिग्रह-संबन्धी ; (पंचा ४, ८)। २ न. मिथ्यात्व-विशेष ; (पंचा ४, २)।

आभिणिबोहिम देखो आभिणिबोहिय ; (धर्मसं ८२३)।

आभिप्पाइअ वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय वाला ; (अणु १४८)।

आम म [अपत्] भार ; (प्राकृ ८१)।

आमं म [आम] १ स्वीकार-सूचक अव्यय, हाँ ; (सुख २, १३)। २ अतिशय, अत्यन्त ; (धर्मसं ६४६)

आमघाय पुं [अमाघात] अमारि-प्रदान, हिंसा-निवा (पंचा ६, १५ ; २० ; २१)।

आमराय पुं [आमराज] एक प्रसिद्ध राजा, (ती ७

आमल पुंन [आमलक] आमला का फल ; (सम १५६)।

आमित्त न [आमित्र] नैवेद्य ; (पंचा ६, २६ ; ४२३ ; ता १३)।

आमेड देखो आमेल = आपीड ; (उत्त २०६)।

आमोअ पुं [आमोद] वाद्य-विशेष ; (राय ४६)।

आमोक्ख पुं [आमोक्ष] मोक्ष, मुक्ति, पूर्ण छुटका (सूअ १, १ ४, १३)।

आमोस पु [आमोष] चोर ; (उत्त ६, २८)।

आय पुं [आय] अध्ययन, शास्त्रांश-विशेष ; (१ २५०)।

आयइजणग न [आयतिजनक] तपश्चर्या विशेष ; (२७१)।

